RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 34
नई दिल्ली, शुक्रवार, 08 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com



सुनक ने रवांडा निर्वासन नीति का पुरजोर समर्थन किया

विदेश-10

# भाजपा देश की सबसे भरोसेमंद पार्टी: मोदी

## प्रधानमंत्री बोले, सत्ता बरकरार रखने का रिकॉर्ड कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों से बेहतर है

● संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी का जोरदार स्वागत, लगे नारे, पीएम ने कहा बड़ी जीत के लिए टीम भावना को श्रेय दिया जाना चाहिए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टीजनों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को चुनावी आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन के लिए लोगों की सबसे पसंदीदा पार्टी बन गई है क्योंकि सत्ता में रहते हुए चुनाव जीतने का उसका रिकॉर्ड कांग्रेस और अन्य दलों के मुकाबले काफी बेहतर है।

भाजपा संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने हालिया विधानसभा चुनावों में पार्टी की बड़ी जीत का श्रेय किसी नेता को नहीं, बल्कि टीम भावना को दिया और कहा कि तीन राज्यों में जीत के अलावा तेलंगाना और मिजोरम में भी पार्टी की ताकत बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने पार्टी के नेताओं से कहा कि वे जनता से संवाद के दौरान ऐसी भाषा का इस्तेमाल करें जो वे (लोग) पसंद करते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उन्हें मोदी जी की गारंटी के बजाय मोदी की गारंटी का इस्तेमाल करना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोदी को उद्घृत करते हुए मीडिया से कहा कि कांग्रेस ने उन राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान 40 बार विधानसभा चुनावों का सामना किया, लेकिन केवल सात बार जीत दर्ज कर सकी। मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए यह आंकड़ा 39 बार में 22 है, यानी सफलता दर 56 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय दलों ने कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन वे भाजपा से बेहतर नहीं कर सके क्योंकि उन्होंने सत्ता में रहते हुए 36 में से 18 बार जीत हासिल की और उनकी सफलता दर 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि भाजपा सरकार चलाने के लिए सबसे पसंदीदा पार्टी है।

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि उनके लिए चार सबसे बड़ी जातियां गरीब, युवा, महिलाएं और किसान हैं और पार्टी नेताओं को उनके विकास के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने सांसदों से विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेने को कहा जिसका उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाना है। बाद में मोदी ने एक्स पर कहा, आज भाजपा संसदीय दल की बैठक में शामिल हुआ। हमारी पार्टी के कार्यकर्ता हाल के विधानसभा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन से उत्साहित हैं और आने वाले समय में और भी कड़ी मेहनत करने के लिए तत्पर हैं, जिससे जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों के बीच विकास का संदेश फैल सके। उन्होंने कहा, हम लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना जारी रखेंगे और गरीबों, दलितों और वंचितों को सशक्त बनाएंगे।

इससे पहले, संसदीय दल की बैठक में, हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी के शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जोरदार स्वागत किया गया। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मध्य प्रदेश में अपनी सत्ता बरकरार रखी, वहीं कांग्रेस को राजस्थान और छत्तीसगढ़ की सत्ता से बाहर कर दिया। तेलंगाना में भी भाजपा ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संसद भवन परिसर में, इस बैठक में प्रधानमंत्री के पहुंचते ही भाजपा सांसदों ने खड़े होकर तालियां बजाईं और स्वागत है भाई स्वागत है, मोदी जी का स्वागत है के नारे लगाए। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच प्रधानमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल सहित कई केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सांसद मौजूद थे। भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी के सभी लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य शामिल होते हैं। अमूमन यह बैठक सत्र के दौरान प्रत्येक मंगलवार को होती (शेष पेज 9)

# अमेरिकी जानकारी पर जांच समिति गठित

● विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा को यूएसए में सिख अलगाववादी की हत्या की साजिश पर दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि भारत ने अमेरिका से मिली जानकारी पर गौर करने के लिए एक जांच समिति का गठन किया है क्योंकि यह देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने अपनी धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय का हाथ होने का आरोप लगाया था।

जयशंकर उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, जहां तक अमेरिका का सवाल है, अमेरिका के साथ हमारे सुरक्षा सहयोग के तहत हमें कुछ जानकारी दी गई थी। वह जानकारी हमारे लिए चिंता का विषय हैं क्योंकि वे संगठित अपराध, तस्करी आदि की सांठगांठ से संबंधित हैं। क्योंकि उनका हमारी अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है, इसलिए मामले की जांच कराने का निर्णय लिया गया और एक जांच समिति का गठन किया गया। उनसे यह भी सवाल किया गया था कि कनाडा सरकार द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर समान कदम क्यों नहीं उठाया गया। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा, जहां तक कनाडा का सवाल है, हमें कोई विशेष सबूत या जानकारी मुहैया नहीं कराई गई।

इसलिए दो देशों के समान आचरण का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि एक ने जानकारी दी है और दूसरे ने ऐसी कोई जानकारी नहीं दी। मालूम हो कि पिछले महीने, अमेरिकी जांच एजेंसी ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता रखने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। इससे पहले, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर को कनाडा की धरती पर खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। हाल ही में अमेरिका में छिपे प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थित आतंकी संगठन एसएफजे के हैंडलर गुरपतवंत सिंह पन्नू ने एक बार फिर भारत पर हमले की धमकी दी थी। इस बार उसने वीडियो संदेश जारी कर कहा कि वह वर्ष 2001 में संसद पर हुए हमले की बरसी यानी 13 दिसंबर या उससे पहले हमला कर संसद की नींव को हिला देगा। जिसके बाद केंद्रीय खुफिया एजेंसियों और दिल्ली पुलिस को सर्तक कर दिया है।

स्पेशल सेल को खास तौर पर सर्तक कर नई दिल्ली जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पिछले महीने, अमेरिकी जांच एजेंसी ने एक भारतीय खुफिया अधिकारी पर न्यूयॉर्क में पन्नून को कथित तौर पर मारने के लिए भारत से एक साजिश की योजना बनाने और निर्देशित करने का आरोप लगाया था। इस साजिश में कथित रूप से एक अन्य भारतीय नागरिक समेत कुछ और लोग शामिल थे, जो अमेरिका खुफिया एजेंसी के अधिकारी निकले। आरोपों को गंभीरता से लेते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत इस मामले उच्च स्तरीय जांच शुरू की है और यह चिंता का विषय है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा कि वह इस मामले को बहुत गंभीरता से लेता है। वह भारत की जांच के परिणाम का इंतजार करेगा।

# रेवंत रेड्डी बने तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री

● समारोह में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत शीर्ष कांग्रेसी नेता पहुंचे

● पीएम मोदी समेत इंडिया गठबंधन के नेताओं ने दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/हैदराबाद




तेलंगाना में रेवंत रेड्डी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे कांग्रेस नेता

**कांग्रेस** विधायक दल के नेता ए रेवंत रेड्डी ने बृहस्पतिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे सहित शीर्ष कांग्रेस नेता शामिल हुए। राज्यपाल तमिलिसाई साउंडराजन ने एलबी स्टेडियम में रेवंत रेड्डी और मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित शीर्ष नेताओं से रेड्डी के लिए बधाई संदेश आए, लेकिन नए सीएम की 'बिहारी डीएनए' टिप्पणी पर हाल ही में भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शीर्ष कांग्रेस और उसके सहयोगी इंडिया गंठबंधन के सदस्यों से भी स्पष्टीकरण मांगा।

रेवंत रेड्डी ने व्यक्तिगत रूप से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, हेमंत सोरेन, एमके स्टालिन और शरद पवार, सीताराम येचुरी जैसे विपक्षी दलों के सदस्यों को फोन करके आमंत्रित किया था, लेकिन पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के कारण कोई भी इसमें शामिल नहीं हो सका, हालांकि उनमें से अधिकतम लोगों के प्रतिनिधियों ने समारोह में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ए. रेवंत रेड्डी को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी और राज्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन दिया। मोदी ने कहा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर रेवंत रेड्डी गारू को बधाई। मैं राज्य की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए हर संभव समर्थन का आश्वासन देता हूं। रेवंत रेड्डी के अलावा, मल्लू भट्टी विक्रमार्क (उपमुख्यमंत्री), एन उत्तम कुमार रेड्डी, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, सी दामोदर राजनरसिम्हा, डी श्रीधर बाबू, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, पोन्नम प्रभाकर, कोंडा (शेष पेज 9)

# भारत का निर्यात जल्द होगा एक ट्रिलियन डॉलर

● अश्विनी वैष्णव ने बताया, वर्ष 2022-23 में 762 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा देश का निर्यात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम के चलते विनिर्माण-आधारित उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है, जिससे देश में रोजगार के अवसरों में भारी वृद्धि हुई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'इनफ्लेक्शन टर्नअराउंड' से उत्साहित होकर कहा कि देश जल्द एक ट्रिलियन डॉलर निर्यात की श्रेणी में पहुंच जाएगा।

इससे पहले उन्होंने सेवा क्षेत्र निर्यात आंकड़ों पर हावी था, लेकिन फार्मास्युटिकल्स, मोबाइल फोन और माल ने अब इसकी जगह ले ली है। उन्होंने विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में वृद्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक-इन-इंडिया कार्यक्रम को दिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2022-23 के निर्यात आंकड़ों के अनुसार, 762 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कुल निर्यात में से 453 बिलियन अमेरिकी डॉलर विनिर्मित वस्तुओं से और 309 बिलियन अमेरिकी डॉलर सेवाओं से आए। केंद्रीय मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए यह एक बड़ा मोड़ है। यह देश की अर्थव्यवस्था में बदलाव का परिचायक है।

उन्होंने कहा मैन्युफैक्चरिंग आधारित निर्यात आम आदमी के जीवन पर असर डालता है। उन्होंने कहा कि अगर हम जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देशों की अर्थव्यवस्था का अध्ययन करें, तो हम देखेंगे कि उन सभी ने निम्न-आय से मध्यम-आय और फिर उच्च-आय की ओर बढ़ते हुए विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपनी आर्थिक यात्रा तय की (शेष पेज 9)

# एसडीआरएफ को अग्रिम राशि होगी जारी

● प्रधानमंत्री मोदी ने आपदा प्रबंधन के लिए धनराशि जारी करने का गृहमंत्रालय को दिया निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चेन्नई

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने गृह मंत्रालय को चक्रवात मिगजॉम के कारण आई बाढ़ के मद्देनजर आंध्र प्रदेश को राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) में केंद्र के योगदान की दूसरी किस्त 493.60 करोड़ रुपए और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपए अग्रिम जारी करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा की।

इस बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को चक्रवात राहत के लिए तमिलनाडु को दूसरी किस्त के रूप में 450 करोड़ रुपए जारी करने का निर्देश दिया है। सिंह ने आज बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के साथ भी बैठक की। सिंह ने कहा कि तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपए की पहली किस्त पहले ही जारी की जा चुकी है। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के मद्देनजर एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपए की पहली शहरी बाढ़ शमन परियोजना को मंजूरी दी है, जिसमें 500 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता भी शामिल है।

भीषण चक्रवाती तूफान मिगजॉम ने आंध्र प्रदेश में भारी तबाही मचाई है, जिससे 770 किलोमीटर लंबी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, पेड़ उखड़ गए हैं और मवेशी मारे गए हैं। शाह ने कहा, चक्रवाती तूफान के कारण आवश्यक राहत के प्रबंधन में राज्य सरकारों की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गृह मंत्रालय (एमएचए) को एसडीआरएफ की दूसरी किस्त के केंद्रीय हिस्से को आंध्र प्रदेश के लिए 493.60 रुपए और तमिलनाडु को 450 करोड़ रुपए अग्रिम रूप से जारी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने दोनों राज्यों को इतनी ही राशि की पहली किस्त पहले ही जारी कर दी है। वह सभी प्रभावितों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रार्थना करते हैं। वही भी इस महत्वपूर्ण घड़ी में उनके साथ खड़े हैं और सुनिश्चित करेंगे कि स्थिति जल्द से जल्द सामान्य हो।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, 194 गांवों और दो कस्बों के लगभग 40 लाख लोग मिगजॉम से प्रभावित हुए हैं, जिसमें 25 गांवों का जलमग्न होना भी शामिल है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में इस चक्रवातीय तूफान के कारण महानगर और आसपास के जिलों में पानी और बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोग जूझ रहे हैं। एक अन्य पोस्ट में शाह ने कहा कि चेन्नई पिछले आठ साल में तीसरी बार बड़ी बाढ़ का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में महानगरों में अत्यधिक बारिश होने के अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जिससे अचानक बाढ़ आ जाती है। उन्होंने कहा, (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### भारत ने मिसाइल अग्नि-1 का सफल अभ्यास परीक्षण किया

**बालासोर, नई दिल्ली।** भारत ने कम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि-1 का बृहस्पतिवार को ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से सफलतापूर्वक अभ्यास परीक्षण किया। रक्षा विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, अग्नि-1 एक अत्यंत सटीक मिसाइल प्रणाली है। स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड के तत्वावधान में किए गए उपयोगकर्ता अभ्यास प्रक्षेपण परिचालन संबंधी और तकनीकी मापदंडों पर खरा उतरा। इससे पहले एक जून को इस केन्द्र से मिसाइल का सफल परीक्षण किया गया था। दूसरी ओर भारतीय वायु सेना के एक सी-17 परिवहन विमान ने बृहस्पतिवार को आगरा के सैन्य क्षेत्र में स्वदेशी रूप से विकसित एक हेवी प्लेटफॉर्म को सफलतापूर्वक उतारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफॉर्म की क्षमता 16 टन का भार वहन करने की है। वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां पर बताया कि यह पहली बार है कि 16 टन भार क्षमता वाले 24 फुट गुणा आठ फुट के आकार वाले प्लेटफॉर्म को भारतीय वायुसेना के विमान से पहुंचाया गया। यह हमारी वायु सेना की एक अहम उपलब्धि है।

# यूनेस्को सूची में शामिल होगा अहोम राजवंश का कब्रिस्तान

● केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा में विश्व धरोहर सूची में शामिल करने के प्रस्ताव की जानकारी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि केंद्र ने असम में अहोम राजवंश के कब्रिस्तान को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए भारत के नामांकन के रूप में पेश किया है। रेड्डी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। जी किशन रेड्डी ने कहा कि मोइदम्स का समूहअहोम राजवंश की टीला दफन पद्धति के नामांकन दस्तावेज को वर्ष 2023-24 के लिए भारत के नामांकन के रूप में पेश किया गया है।

परामिड जैसी संरचनाओं द्वारा दर्शाए जाने वाले अद्वितीय कब्रिस्तान जिन्हें मोइदाम के नाम से जाना जाता है का उपयोग ताई-अहोम राजवंश द्वारा किया गया था। जिन्होंने 13 वीं शताब्दी से 19 वीं शताब्दी तक असम में करीब 600 साल तक शासन किया था। इस कब्रिस्तान का ताई-अहोम राजवंश द्वारा मोइदम्स का उपयोग किया गया था। विश्व धरोहर नामांकन के लिए स्थलों या संपत्तियों का चयन उसके उत्कृष्ट वैश्विक महत्व, प्रामाणिकता और अखंडता पर निर्भर करता है। इन स्थलों को यूनेस्को परिचालन दिशानिर्देश, 2023 में उल्लिखित उत्कृष्ट वैश्विक महत्व के मानदंडों में से किसी एक को पूरा करना आवश्यक है। एक सवाल के लिखित जवाब रेड्डी ने कहा, कि मोइदम्स का समूहअहोम राजवंश का कब्रिस्तान के नामांकन दस्तावेज को वर्ष 2023-24 के लिए भारत के नामांकन के रूप में पेश किया गया है। विश्व धरोहर नामांकन के लिए साइटों या संपत्तियों का चयन उसके उत्कृष्ट सार्वभौमिक मूल्य प्रामाणिकता और अखंडता पर निर्भर करता है।

इन साइटों को यूनेस्को परिचालन दिशानिर्देश, 2023 में उल्लिखित ओयूवी के मानदंडों में से एक को पूरा करना होगा। मोइदाम में अहोम राजवंश के राजघराने के अवशेष हैं। पहले, अहोम लोगों को दफनाया जाता था, लेकिन 18वीं शताब्दी के बाद, उन्होंने दाह-संस्कार की हिंदू पद्धति अपना ली, और हड्डियों और राख को मोइदाम में बंद कर दिया गया, जो एक मिट्टी का पिरामिड है। इन मोइदामों को आमतौर पर असम के पिरामिड के रूप में जाना जाता है। यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार, मोइदाम गुंबददार कक्ष हैं, जो अक्सर दो मंजिला होते हैं, जिनमें प्रवेश के लिए एक धनुषाकार मार्ग होता है। अर्धगोलाकार मिट्टी के टीलों के ऊपर ईंटों और मिट्टी की परतें बिछी हुई हैं। टीले का आधार एक बहुभुजीय दीवार और पश्चिम में एक धनुषाकार प्रवेश द्वार द्वारा मजबूत किया गया है। उत्खनन से पता चलता है कि इन आकृतियों में दो मंजिल का चैंबर है। इसके अलावा गोलाकार गेट बना हुआ है। यह मिट्टी का बना हुआ अर्द्धवृत्तीय आकृति की संरचना है।

इसके नीचे एक और छोटी दीवार बनाई गई है। इस गुंबद के ऊपर घास और वनस्पतियां उगाई गई हैं। देखने में यह बहुत ही सुंदर और आकर्षक नमूना नजर आता है, जहां शव को रखा गया था। मृतक द्वारा अपने जीवन के दौरान उपयोग की जाने वाली कई वस्तुएं, जैसे शाही प्रतीक चिन्ह, लकड़ी या हाथी दांत या लोहे से बनी वस्तुएं, सोने के पेंडेंट, चीनी मिट्टी के बर्तन, हथियार, इंसानों के कपड़े (केवल लुक-खा-खुन कबीले से) वेबसाइट के अनुसार, उन्हें उनके राजा के साथ दफनाया गया। चीन से प्रवास के बाद ताई-अहोम कबीले ने 12वीं और 18वीं ईस्वी के बीच ब्रह्मपुत्र नदी घाटी के विभिन्न हिस्सों में अपनी राजधानी स्थापित की। पिछले साल, हिंदू नायक के रूप में प्रतिष्ठित 17वीं सदी के अहोम (शेष पेज 9)

# मुख्यमंत्रियों के नाम घोषित न होने पर विपक्ष का भाजपा पर निशाना

● तीनों प्रदेशों में सीएम के चयन के लिए हो सकती है केंद्रीय पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मध्य** प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में विधायक दल के नेताओं के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शुक्रवार को केंद्रीय पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा कर सकती है। ताकि सप्ताह के अंत तक इन तीनों प्रदेशों में मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति बनाने के बाद इनके नामों की घोषणा की जा सके। ज्ञात रहे कि केंद्र में सत्ताधारी पार्टी और हिंदी भाषी राज्यों में भारी जनादेश के साथ भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया है।

हालांकि, कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की, जिन्होंने मुख्यमंत्री के नाम में देरी पर सवाल उठाया, जबकि सबसे पुरानी पार्टी मुख्यमंत्री नियुक्त करने में तेज थी। उस दिन तेलंगाना राज्य विजयी रहा। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तीनों राज्यों के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की घोषणा शुक्रवार को होने की उम्मीद है। इसके बाद वे संबंधित राज्यों की यात्रा करेंगे जहां वे नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करेंगे। जिसके बाद मुख्यमंत्रियों के नाम घोषित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पसंद पर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है और पार्टी तीनों मुख्यमंत्रियों को चुनने में सामाजिक, क्षेत्रीय, शासन और संगठनात्मक हितों को ध्यान में रखेगी। एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा किसे चुनेगी, इस पर सस्पेंस के बीच, जयपुर शहर के बाहरी इलाके में एक रिसॉर्ट में पांच भाजपा विधायकों के दौरे ने हलचल पैदा कर दी। विधायक (शेष पेज 9)

# नोएडा में विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे सीएम योगी

## गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों संग होगी बैठक, ग्रेटर नोएडा में तीन जोन की सुरक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास की समीक्षा बैठक करेंगे। गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय जीबीयू में यह बैठक होगी। बैठक को लेकर प्राधिकरण में तैयारी शुरू हो गई है।

वर्तमान में चल रही परियोजनाओं और आगामी परियोजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री सवाल-जवाब कर सकते हैं। इसके लिए मार्च 2022 से अब तक का पूरा लेखा जोखा तैयार किया है। जिसे मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा। इसमें तीनों प्राधिकरण की महत्वपूर्ण परियोजना, जेवर एयरपोर्ट, फिल्म सिटी भी शामिल है। इसके अलावा नोएडा के सेक्टर-96 अंडर पास का शुभारंभ भी करेंगे।

जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा आएंगे। वह यहां एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। यहां पर वह नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

इस दौरान तय समय के बाद परियोजना पूरी नहीं होने पर मुख्यमंत्री अफसरों से जवाब तलब कर सकते हैं। सीएम ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट में आए निवेश प्रस्तावों पर हुई प्रगति भी जानेंगे। इसको लेकर ग्रेटर नोएडा में सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया गया है। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विजिट को लेकर ग्राउंड पर सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। आज उसका रिहर्सल किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री के तीन कार्यक्रम को लेकर तीन जोन बनाए गए है। जिसमें डीसीपी स्तर के पुलिस अधिकारियों की तैनाती की है। बाहर से तीन कंपनियां पीएसी मिली है। ये कार्यक्रम रास्तों पर तैनात रहेंगी।

### नोएडा प्राधिकरण में फेरबदल, इधर से उधर किए कई अफसर

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा लोकेश एम के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण में कई अफसरों व कर्मियों के विभाग बदल दिए गए हैं। नोएडा प्राधिकरण में प्रबंधक से लेकर उप प्रबंधक व सहायक प्रबंधक स्तर पर अधिकारियों के कार्यक्षेत्रों में बड़ा बदलाव किया गया है। प्राधिकरण में कुल 35 कर्मचारियों के विभागों में बदलाव किया गया है। नोएडा प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के तहत नोएडा प्राधिकरण में तैनात प्रबंधक प्रासा पदम सिंह को कंप्यूटर सेल के अलावा आवासीय भवन तथा सहायक महाप्रबंधक सिस्टम की अवकाश अवधि में बोर्ड मीटिंग, औद्योगिक विभाग के आनलाइन कार्यों तथा निवेश मित्र संबंधी कार्य के अलावा सेक्टर 155 में नवनिर्मित गोल्फ कोर्स के आनलाइन गोल्फ कोर्स सदस्यता संबंधी शिकायतों व आपत्तियों के निस्तारण का कार्य भी सौंपा गया है। उप महाप्रबंधक अशोक शर्मा से कार्मिक विभाग लेकर उन्हें इंफ्रास्ट्रक्चर व एम्युनिटी टैक्स एवं ग्रुप हाउसिंग विभाग में भेजा गया है। प्रबंधक आलोक कुमार अग्रवाल अब कार्मिक विभाग, आवासीय भूखंड एवं स्वागत कक्ष कॉल सेंटर विभाग का काम देखेंगे। कनिष्ठ सहायक श्रीमती प्रवीन सिंह को आवासीय भवन, प्रोग्रामर पंकज वर्मा को विशेष कार्याधिकारी एमपी कार्यालय, कनिष्ठ सहायक गोपाल दास को संस्थागत, डॉटा एंट्री आपरेटर श्रीमती रूबि को संस्थागत, सहायक इशान जैन को संस्थागत, सहायक रामेश्वर दयाल को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक निशांत कूमार सिंह को ग्रुप हाउसिंग, विशेष सहायक राहुल कुमार को आवासीय भवन, कनिष्ठ सहायक राजकुमार को आवासीय भवन, डॉटा एंट्री आपरेटर श्रीमती रजनी रानी को आवासीय भूखंड विभाग में भेजा गया है।

## संक्षिप्त समाचार



सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर कर्नल कपिल कत्याल ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह को प्रतीक चिन्ह लगाया।

### करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** राजस्थान के जयपुर में घर में घुस कर दिन दहाड़े हुई श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेडी की हत्या के विरोध में गाजियाबाद के जिला मुख्यालय के सामने लोगों ने जाम लगा दिया। जाम लगाने के साथ साथ लोगों ने नारेबाजी की और हत्यारों को फांसी देने की मांग की। गाजियाबाद में श्री राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष गौरव ने बताया कि सुखदेव गोगामेड़ी सभी को साथ लेकर चलने वालों में से थे, ऐसे में उनकी हत्या एकता में दरार डालने का काम कर रही है। साथ ही महानगर उपाध्यक्ष श्री राजपूत करणी सेना शशांक सिंह ने कहा कि हमारी मांग है कि जिन्होंने हत्या की है, उनका एनकाउंटर किया जाए। श्री राजपूत करणी सेना से जुड़े लोगों ने जिला मुख्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। नारेबाजी में उन्होंने हत्यारों को फांसी देने की बात कही। इस दौरान सड़क पर जाम लगा रहा। 5 दिसंबर को राजस्थान की राजधानी जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की घर में घुसकर हत्या कर दी गई थी।

### हेल्थ कैंप में परामर्श और जांच होगी मुफ्त

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा रविवार को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अस्पताल परिसर के ओपीडी एरिया में होने वाले हेल्थ कैंप में मरीजों को डाक्टरी सलाह के साथ करीब 2500 रुपये की जांच मुफ्त की जाएगी। शिविर में ब्लड प्रेशर जांच, रैंडम ब्लड शुगर जांच, ईसीजी, यूरोफ्लोमेट्री, पीएसए स्क्रीनिंग और आंखों की जांच भी निशुल्क की जाएगी, साथ ही जनरल फिजिशियन, यूरोलॉजिस्ट और ऑप्टोमेट्रिस्ट द्वारा मुफ्त परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर प्रमित मिश्रा ने कहा, हमारा उद्देश्य सामुदायिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। इन आवश्यक परीक्षणों को मुफ्त में प्रदान करके, हम लोगों के स्वास्थ्य कल्याण में योगदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

### नगर पालिका की गाड़ी ने मासूम को कुचला

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना लोनी क्षेत्र के राशिद अली गेट पर लोनी नगर पालिका परिषद की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने 6 साल के मासूम को कुचल दिया। मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने रोड जाम कर दिया। पुलिस मौके पर है, लेकिन लोगों ने शव को उठाने नहीं दिया है। गुरुवार को समय सुबह करीब 8;00 बजे नगर पालिका परिषद लोनी की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी ने वासिल पुत्र वाहिद 6 निवासी निठूरा रोड लोनी को कुचल दिया। बच्चा घर के बाहर खेल रहा था। इसी समय हादसा हुआ। घटना से गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। बच्चे की डेडबॉडी को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, जाम लगा दिया। पुलिस परिजनों को समझाने में जुटी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ड्राइवर नशे में था और इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं यहां हो चुकी हैं। लोनी थाना प्रभारी अजय राजपूत के मुताबिक गाड़ी चला रहे ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है। परिजनों को समझाया जा रहा है।

### मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिंडन नदी में पुल निर्माण के लिए अधिग्रहित की गई भूमि के मुआवजे की मांग को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। किसानों ने चेतावनी दी है कि मुआवजा मिलने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू होने दिया जाएगा। गांव रेवड़ा रेवड़ी में हिंड़न नदी पर पुल के निर्माण के लिए किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया था। किसानों का आरोप है कि भूमि तो अधिग्रहण कर ली, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं दिया है। मुआवजे की मांग को लेकर किसान काफी समय से आंदोलन करते आ रहे हैं। गुरुवार को उपजिलाधिकारी ने तहसील परिसर में किसान और सेतू निगम के अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में किसानों और अधिकारियों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। इसके बाद किसानों के समर्थन में भाकियू कार्यकर्ताओं ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

## आभूषण कारोबारियों से लूट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में बेखौफ बदमाशों ने मंगलवार रात दो गोल्ड कारोबारियों से बड़ी रकम लूट ली।

शुरुआत में 50 लाख लुटने की जानकारी आ रही थी, लेकिन अब खबर ये है कि लूट एक करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है। दोनों कारोबारी कार में बैठकर रुपयों का लेनदेन कर रहे थे। तभी बदमाश आ धमके और गन पॉइंट पर लेकर उन्हीं की कार में बैठ गए। बदमाशों ने कारोबारियों को शहर में करीब 10 किलोमीटर घुमाया और फिर उन्हें अलग.अलग जगहों पर उतारकर फरार हो गए। गुरुवार सुबह पुलिस ने लूटी गई कार बागपत जिले के खेकड़ा इलाके से बरामद कर ली है। पुलिस को ये लूट कराने में एक कारोबारी की भूमिका संदिग्ध लग रही है, उससे पूछताछ जारी है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र की सबसे पॉश सोसाइटी एडवांटेज में निशांत सरवैया रहते हैं, जो दिल्ली में गोल्ड के कारोबार से जुड़े हैं। इधर, क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में रहने वाले सौरभ भी गोल्ड का बिजनेस करते हैं। दोनों कारोबारियों की मुलाकात मंगलवार देर रात गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में हुई।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफिले में घुसा वाहन

**गाजियाबाद।** एक निजी कार्यक्रम में आये देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफिले के बीच मालवाहक गाड़ी आ गई जिसको सुरक्षा भारी चूक मानते हुए संबंधित पुलिस अधिकारी को नोटिस देने की तैयारी है। दिल्ली से आ रहे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के काफि ले के बीच एक मालवाहक वाहन टेंपू आ गया।

यह घटना उस समय घटी कि जब रक्षामंत्री का काफिला दिल्ली की तरफ से गाजियाबाद की और आ रहा था। इस खबर के मिलते ही जहां कमिश्नरेट पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के होश उड़ गए, वहीं सूत्रों के अनुसार रक्षामंत्री की सुरक्षा में चूक कैसे हुई इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि जांच के बाद इस चूक के लिये जिम्मेदार अधिकारी पर गाज गिरनी लगभग तय मानी जा रही है।

## अवैध रूप से चल रहे 32 कोचिंग सेंटर बंद

**● छात्रों की सुरक्षा के इंतजाम तक नहीं थे**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा में अवैध रूप से कोचिंग सेंटर चल रहे है। ये कभी भी बड़े हादसे का शिकार हो सकते है। इनका रजिस्ट्रेशन नहीं है। राजस्व का नुकसान कर रहे है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम तक नहीं है।

ऐसे करीब 32 कोचिंग सेंटर को जिला विद्यालय निरीक्षक ने बंद कराया है। जिला विद्यायल निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि लगातार इस तरह की शिकायत मिल रही थी कि अवैध कोचिंग चलाकर यहां का संचालन कर्ता बच्चों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के नाम पर मोटी फीस वसूल रहे है। इन सभी कोचिंग संचालन कर्ता ने उप्र कोचिंग विनियमन नियमावली 2022 का उल्लंघन किया है। ये कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि नियम विरुद्ध चल रहे कोचिंग सेंटर पर शिकंजा कसने के लिए 12 टीमें बनाई गई है। इन टीमों ने जिले भर में अभियान चलाकर 32 कोचिंग सेंटरों की सूची बनाई गई थी।

इन कोचिंग सेंटर को नोटिस जारी कर पंजीकरण संबंधी दस्तावेज मुहैया कराने के आदेश दिए थे, लेकिन किसी ने भी दस्तावेज जमा नहीं कराए। विभाग ने सभी 32 कोचिंग सेंटरों पर ताला जड़ दिया है, इसके बाद भी कोचिंग सेंटर अगर चलते पाए गए तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इनमें से अधिकांश कोचिंग गांव के बाजारों में कमरा किराए पर लेकर चल रही थी। जहां तक पहुंचना भी आसान नहीं है। इनमें से अधिकांश एक कमरों में थी।

जहां सुरक्षा मानकों का कोई इंतजाम नहीं था। यानी यहां यदि आग या कोई और हादसा हो जाए तो बड़ी घटना हो सकती है। इस कोचिंग सेंटर में शिफ्ट में बच्चों की क्लासेस चलती थी। एक बैच में करीब 30 बच्चे होते है। प्रशासन इसी के चलते चलते इनके खिलाफ फैसला लिया।

## सड़क हादसे में जीजा और साली की मौत

**नोएडा।** एक्सप्रेसवे पर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो से बाइक टकरा गई। बाइक सवार जीजा और साली की मौत हो गई। घटना बुधवार रात की है। थाना सेक्टर-142 प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो पिकअप से तेज गति में आ रही बाइक टकरा गई है। इस हादसे में एक युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। फेलिक्स अस्पताल में घायल कुलदीप पुत्र हाकिम सिंह निवासी अलीगढ़ की मौत हो गई। जबकि किरण की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन उसे कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान किरण ने भी दम तोड़ दिया। शवों को पास्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से चोरी, दो लोग गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में मालगाड़ी के आवागमन के लिए बनाए रहे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से देर रात चोरों ने कपर स्ट्रिप, वायर सहित लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया।

हालांकि मौके से फरार होते समय कॉरिडोर निर्माणदायी संस्था के लोगों ने दो चोरों को पकड़ लिया। जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पकड़े गए चोरों को भोजपुर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया। जिनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद हो गया है। आरोपियों ने इससे पहले खुर्जा से खतौली तक ट्रैक तक भी चोरी करना स्वीकार किया है। डेडिकेडेट फ्रेट कॉरिडोर भारत सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। देर रात निर्माणदायी संस्था के अधिकारी प्रभात पाठक निवासी अंसल टाउन मेरठ कॉरिडोर पर गश्त कर रहे थे। तभी भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव शकूरपुर के निकट तैनात कर्मी अंकित ने दो लोगों द्वारा ट्रैक से सामान चोरी करने सूचना दी। जिस पर दोनों चोरों को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। जबकि बाइक पर सवार उनका तीसरा साथी फरार हो गया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## जीएसटी रिफंड के नाम पर फर्जीवाड़ा करने वाले चार गिरफ्तार

**● आरोपियों ने 2500 फर्जी कंपनियां बनाकर लगाया चूना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



फर्जी फॉर्म बनाकर हजारों करोड़ रुपए का राजस्व का नुकसान पहुंचाने वाले चार सदस्यों को थाना सेक्टर 20 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन व अन्य सामान बरामद हुआ है।

पकड़े गए आरोपी फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी ई वे बिल के जरिए जीएसटी रिफंड लेकर सरकार को राजस्व का चूना लगा रहे थे। पूर्व में भी जीएसटी फ्रॉड मामले में 25 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इन लोगों ने 2500 फर्जी कंपनियां बनाई थी। पकड़े गए पूर्व गैंग के लीडर अरचित और रंचित के साथी ने ही ये नया गैंग बनाया। दोनों गैंग को मिलाकर करीब 4.5 हजार करोड़ फ्रीज की गई है। नोएडा जोन के डीसीपी हरिश्चंद्र ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस पूर्व में करीब 15 हजार करोड़ रुपए के जीएसटी फ्रॉड के आरोपियों के मामले की पड़ताल कर रही थी। इस दौरान पुलिस को कुछ अन्य लोगों द्वारा भी जीएसटी फ्रॉड किए जाने का इनपुट मिला। सूचना के आधार पर एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। इस टीम ने साक्ष्य के आधार पर दिल्ली से पीयूष गुप्ता, राकेश कुमार, दिलीप शर्मा व राहुल निगम को गिरफ्तार किया। इनके पास से फर्जी दस्तावेज फर्जी कंपनियां के बिल, बैंक पासबुक सहित अन्य कागजात बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह फर्जी कंपनियां बनाकर फर्जी बिलों के जरिए जमा कराए गए जीएसटी को रिफंड ले लेते थे। डीसीपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पूरे सुनिश्चित तरीके से इस फर्जी वाड़े को अंजाम दे रहे थे। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इस गिरोह का सरगना निशांत है। इसका कनेक्शन पूर्व में पकड़े आरोपी अरचित रंचित से है। निशांत की तलाश की जा रही है। जांच में खुलासा हुआ है कि आरोपी प्रतिदिन 70 से 80 लाख रुपए के फर्जी बिल बनाते थे। इनके 8 बैंक खातों में 3 करोड़ से अधिक की राशि को फ्रीज किया गया है। अब तक की जांच में इस गैंग ने 250 फर्जी फर्म तैयार की थी। इनके पास से 41 फर्जी स्टांप, 54 फर्जी सिम कार्ड, 2 बैंक पास बुक, 20 चेक बुक, 3 लैपटॉप आदि बरामद किया गया है।

## पुलिस कस्टडी में आरोपी ने बनाई रील

**● सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में पुलिस कस्टडी में आरोपी ने अपनी रील बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दी।

वीडियो अब वायरल हो रहा है। पुलिस आरोपी को मेडिकल के लिए अस्पताल ले जा रही थी। इसी दौरान यह वीडियो गाड़ी में बैठे उसके दूसरे साथी ने बना लिया। आरोपी किसी वीवीआईपी की तरह अपनी काली स्कॉर्पियो से उतरता है। उसके साथी वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वीडियो के बैकग्राउंड में एक पंजाबी गाना डालकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया जाता है। मामला गाजियाबाद के थाना खोड़ा क्षेत्र का है।

27 नवंबर को भीम यादव नाम के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद भीम यादव को मेडिकल के लिए गाजियाबाद के जिला सरकारी अस्पताल एमएमजी ले जाया गया। वहां भीम यादव ने पुलिस की हिरासत में अपनी रील बनवाई। उसका कार से उतरने का भी ढंग ऐसा था, जैसे पुलिस हिरासत में न होकर पुलिस सुरक्षा में कोई वीवीआइपी चल रहा हो। उसने खुद को एक डॉन के रूप में पेश करने की कोशिश की।

अब वीडियो वायरल होने अधिकारी जांच की बात कहे रहे हैं। थाना खोड़ा प्रभारी संतोष तिवारी के मुताबिक भीम यादव को 27 नवंबर को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार किया गया था। उसने किसी युवक के साथ कहासुनी और बदसलूकी की की थी।

भीम यादव का वीडियो गाने के साथ रील के रूप में अपलोड हुआ। अब यह गाजियाबाद की सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जांच की जा रही है।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD. Vs. KULDEEP, CS (COMM) 267/20 | Vehicle No. HR51BW0444, Make and Model - TATA SAFARI, Manu Year - 2019 |
| ICICI Bank Vs. FAIM KHAN, CS DJ 4203/17 | Vehicle No. DL2CAQ4358, Make and Model - FIAT INDIA LTD PUNTO, Manu Year - 2014 |

**Auction Date: December 22, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person: Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK Vs. JITENDARA BHATI AND OTHERS CS (COMM) 2690/21 | Vehicle No. UP16FT8014, Make and Model - ASHOK LEYLAND LTD PARTNER, Manu Year - 2018 |

**Auction Date: December 22, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Mahakal Parking yard, Khasra No 527 Village Banthla Near Indane Gas Plant Loni Ghaziabad- UP, 201102
**Contact Person: Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/ demand draft/ RTGS/ NEFT. The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal tower Plot no. 23, New Rohtak Road Karol Bagh, Delhi - 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS" and "AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK VS JALAN TRANSPORT PVT LTD, TRC/1879/2022/ OA/389/2019 | Vehicle No. - UP13AT7301, Make and Model - TATA MOTORS LTD TATA 4923, Manu Year - 2019 |
| | Vehicle No. - UP13AT4708, Make and Model - TATA MOTORS LTD TATA 1109, Manu Year - 2019 |
| | Vehicle No. - UP13AT5001, Make and Model - TATA MOTORS LTD LPT 3718, Manu Year - 2019 |
| | Vehicle No. - UP13AT5002, Make and Model - TATA MOTORS LTD LPT 3718, Manu Year - 2019 |
| | Vehicle No. - UP13AT7302, Make and Model - TATA MOTORS LTD TATA 4923, Manu Year - 2019 |
| ICICI BANK VS LAXMAN KUMAR AND ANR, TRC/178/2023, OA/374/2017 | Vehicle No. - DL3FS0009, Make and Model - MERCEDES BENZ E CLASS E 350, Manu Year - 2011 |
| ICICI BANK VS GULAB SINGH AND ANR/ TA/ 257/2023 | Vehicle No. - UP16GT3699, Make and Model - TATA MOTORS LTD LPT 1512, Manu Year - 2019 |

&

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK VS DEEPAK MALHOTRA, RC/31/2020 | Vehicle No. - HR26BR8200, Make and Model - BMW 530 D, Manu Year - 2011 | Rs. 380000/- | Rs. 38000/- |

**Auction Date: December 22, 2023 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Auction Type: Online Auction**
**Auction Portal Name & URL Link: Bid Karo and https://bidkaro.net**
**Contact Person- Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**
Note: DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and all bidders need to submit original DD/PO along with self-attested KYC at the **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005** on or before **December 21, 2023 by 05:00 pm**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves / itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the auction date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited (Where applicable).
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal Tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi-110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

**PUBLIC NOTICE**

This notice is issued in respect of below mentioned Allotee(s) in **"SHOURYAPURAM"** PROJECT situated at **VILLAGE SHAHPUR BAMHETA, NEAR LAL KUA, NH-24, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201001** the company do hereby inform the following Allotee(s) and public at large that due to non-payment of dues/EMI's to FUN N FOOD PVT LTD(NBFC) by the following Allotee (s) the company & NBFC has decided to terminate their Allotment for Plot SCO/B-33, MODEL TOWN, SHOURYAPURAM (TOWNSHIP) VILLAGE BHAMETA NEAR LAL KUAN, GHAZIABAD-201302 with company:-

**DETAILS OF Allotee(s)**

**Name Mr. RAJENDRA KUMAR SINGH S/O JAGPAL KRISHNA**

**Name-MRS. SEEMA SINGH W/O Mr. RAJENDRA KUMAR SINGH**

1. RIO House No. A-92 Block A, Nandgram Ghaziabad, Uttar Pradesh-201003
2. R/O House No 9/963, Sector-9, Vasundhara, Ghaziabad-201012

The company & NBFC has already sent the repeated notices to the aforesaid Allotee(s) as per the address available in record and furnished by the Allotee, however till date the aforesaid Allotee(s) has not made their due EMI's payment and default of their due paymentsIn view of above by way of present public notice the aforesaid Allotee(s) are hereby finally call upon to clear the outstanding dues of the FUN N FOOD PVT LTD and further failed to furnish "no dues certificate duly issued under seal and signature of NBFC clearly showing clearance of your all defaulted EMI to the company falling which on expiry of 7th day in accordance with the provisions laid in clause no 4 and 8 of tripartite agreement entered between Allottee(s), NBFC and company, allotment of aforesaid flat in project of company will stood cancelled without any further notice or demand, accordingly all the Contracts/ Agreement/ Receipts/ Deeds etc entered between the Allotee(s) and company on expiry of aforesaid 7th day shall stood terminated and revoked and any person dealing with aforesaid person shall be dealing at its own risk and consequences

The company at its sole discretion shall sell/ re-aliot etc the Plot to any other Buyer/ Allotee of its choice to the complete exclusion of the Allotee(s)

**Date: 08-12-2023**

**For and behalf of:**
**SHOURYAPURAM-STPL (AOP),**
**Corp. Address: B-111, Sector 5, Noida, U.P.-201301**

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजीव बजाज/ रश्मि बजाज/ LBDEL00002243197 | फ्लैट नंबर ए-701, 7वीं मंजिल वर्धमान स्प्रिंगडेल, सेक्टर-3, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा/ दिसंबर 04, 2023 | मार्च 02, 2019 रु. 28,22,685/- | दिल्ली/ एनसीआर/ रेवाड़ी |
| 2. | राजीव बजाज/ रश्मि बजाज/ LBDEL00002239643 | फ्लैट नंबर बी-601, 6टीं मंज़िल, वर्धमान स्प्रिंगडेल, सेक्टर-3, धारूहेड़ा, रेवाड़ी, हरियाणा/ दिसंबर 04, 2023 | मार्च 02, 2019 रु. 28,18,555/- | दिल्ली/ एनसीआर/ रेवाड़ी |
| 3. | शिव कुमार/ रीता देवी/ LBGUR00005949064 | खेवट नंबर 106, खतौनी नंबर 115, मुस्तकिल नंबर 110, किला नंबर 10, वाका सिवाना, मौजा धारूहेड़ा उपतहसील और जिला रेवाड़ी/ दिसंबर 04, 2023 | अप्रैल 18, 2023 रु. 19,96,752/- | दिल्ली/ एनसीआर/ रेवाड़ी |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : दिसंबर 08, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

# एलजी ने तलब की 6 माह से लंबित फाइलें

## अदालतों, न्यायिक बुनियादी ढांचे, त्वरित न्याय वितरण व न्याय प्रशासन प्रणाली से संबंधित हैं फाइल व प्रस्ताव

- उपराज्यपाल वीके. सक्सेना ने 3 दिन में निर्णय प्रस्तुत करने के दिए निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल वीके सक्सेना एक बार फिर दिल्ली सरकार के कामकाज में देरी नाराजगी जताते हुए संबंधित फाइलों को तीन दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

एलजी ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार से अदालतों, न्यायिक बुनियादी ढांचे, त्वरित न्याय वितरण और न्याय प्रशासन प्रणाली से संबंधित फाइलों और प्रस्तावों को मंजूरी देने में बेवजह की देरी से अवगत होने पर सभी फाइलों को 3 दिनों के भीतर निर्णय के लिए उनके पास प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। ये फाइलें 6 महीने से दिल्ली सरकार के कानून मंत्री के पास दिल्ली सरकार के काम-काज नियमावली 1993 के नियम 19(5) के तहत ये फाइल लंबित हैं।

उपराज्यपाल ने इन फाइलों के अलावा रोहिणी में जिला न्यायालय परिसर के निर्माण, राउज एवेन्यू कोर्ट में वकीलों के चैंबर, जिला अदालतों के लिए थिन-क्लिंट मशीनों की खरीद, फैमिली कोर्ट के लिए प्रिंटर, राज्य और जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के गठन, 'आधिकारिक रिसीवर' की नियुक्ति, दिल्ली सरकार में डीवीएटी/जीएसटी/ट्रिब्यूनल/जिला न्यायालयों में पैनल के गठन का प्रस्ताव और दिल्ली उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों के भत्ते में वृद्धि आदि के प्रस्ताव शामिल हैं।

प्रमुख सचिव (कानून और न्याय) द्वारा 4 दिसंबर को प्रस्तुत एक रिपोर्ट के बाद, इस संबंध में उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा एक पत्र प्रमुख सचिव (कानून और न्याय) को भेजा था, जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 की धारा 45 (जे), विभाग के सचिव को कुछ कर्तव्यों के बारे में बताता है कि विभाग के सचिव, ऐसे किसी भी मामले को जो हाईकोर्ट में दिल्ली सरकार के लिए विवाद का कारण बने, को लिखित रूप में उपराज्यपाल, मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के संज्ञान में लाएंगे। प्रधान सचिव (कानून और न्याय) के पत्र से उपराज्यपाल सचिवालय के संज्ञान में ऐसी 18 फाइलें और यह तथ्य सामने आया कि उन्होंने 13 नवंबर को इन फाइलों पर शीघ्र निर्णय लेने के लिए दिल्ली सरकार के कानून मंत्री को भी लिखा था, लेकिन वहां से कोई जवाब नहीं मिला।

### ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट तीन गुना बढ़ा: दिल्ली सरकार

*नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने कहा है कि ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे ज्यादा निवेश आप सरकार ने किया है। आप सरकार के कार्यकाल में ही विश्व स्तरीय कोर्ट परिसर का निर्माण दिल्ली में किया गया। राउज एवेन्यू कोर्ट, कड़कड़डूमा कोर्ट परिसर, हाईकोर्ट में अलग-अलग ब्लॉक समेत तीस हजारी कोर्ट के निकट कोर्ट परिसर का निर्माण कराया गया। वर्ष 2013-14 के दौरान ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 504 करोड़ खर्च हुआ था। आप सरकार ने सत्ता में आते ही इसे बढ़ा दिया। वर्ष 2015-16 में ज्यूडिशियल इंफ्रास्ट्रक्चर पर 800 करोड़ खर्च हुए। 22-23 में 1528 करोड़ रुपए सरकार ने खर्च किए।*

# बदहाल सीवर देखकर भड़कीं जल मंत्री

- अधिकारियों को लगाई फटकार, बोली- सख्त कार्रवाई के लिए रहे तैयार



गलियों में सीवर का बहता पानी देख अधिकारियों को निर्देश देती आतिशी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सीवर शिकायतों के मद्देनजर निरीक्षण की श्रृंखला को जारी रखते हुए जल मंत्री आतिशी ने गुरुवार को अशोक विहार के जेजे कॉलोनी के विभिन्न हिस्सों में जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान गलियों में सीवर का बहता पानी देख अधिकारियों को फटकार लगाई। बता दें कि, यहाँ लोगों से लगातार सीवर की शिकायतें मिल रही थी उसके बावजूद अधिकारियों द्वारा उसके समाधान को लेकर कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था।

जल मंत्री ने स्वयं ग्राउंड जीरो पर उतरकर समस्या का जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान लोगों ने जल मंत्री से साझा करते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से सीवर की समस्या है। महीनों से सीवर लाइनें साफ़ नहीं हुई है, इस कारण सीवर का पानी गलियों में बह रहा है। इस बाबत उन्होंने जल बोर्ड को इस समस्या से अवगत करवाया, बार बार शिकायतें भेजी लेकिन उसके बावजूद सीवर समस्या को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया और अधिकारी समस्या सुनने के लिए तैयार नहीं है। जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए जलमंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार ने लापरवाही की कोई जगह नहीं है। अधिकारियों को हमेशा जनता के प्रति जबाबदेह होना चाहिए अगर कोई भी अधिकारी इसमें लापरवाही दिखाते है तो अपने खिलाफ कड़े एक्शन के लिए तैयार रहे। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में सीवर की सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिये। औचक निरीक्षण के दौरान जल मंत्री ने पाया कि कई गलियों में सीवर का पानी सीवर के बाहर बह रहा है, इससे लोगों को काफी परेशानियों हो रही है और गालियां भी क्षतिग्रस्त हो रही है। गली में सीवर के बहते पानी को देखकर जल मंत्री ने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार में ऐसी लापरवाही स्वीकार्य नहीं है और अधिकारी समस्या को दूर करने के लिए तुरंत काम शुरू करवाए।

निरीक्षण के दौरान लॉग बुक चेक करने पर जल मंत्री ने पाया कि मशीनों के मौजूद होने के बावजूद सीवर सफ़ाई नहीं की जा रही है। ऐसे में जल मंत्री ने कहा कि, मशीनें मौजूद होने के बावजूद सीवर की सफ़ाई नहीं हो रही है और जनता परेशान है। उन्होंने अधिकारियों से सवाल किया कि, सीवर की सफ़ाई के मामले ऐसी लापरवाही क्यों की जा रही है।

### आतिशी ने कहा मौके पर जाकर निरीक्षण करें अफसर

**जल मंत्री ने कहा कि, जल बोर्ड का काम लोगों को साफ पानी और बेहतर सीवर व्यवस्था मुहैया करवाना है। और अगर अधिकारी जनता के प्रति अपनी ये ज़िम्मेदारी नहीं निभा पा रहे है तो नौकरी छोड़ दे। केजरीवाल सरकार में जनता के प्रति ये लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों की कड़े शब्दों में निर्देश देते हुए कहा कि, सभी संबंधित अधिकारी रोज़ाना ग्राउंड विजिट करें, समस्याओं की चेकलिस्ट बनाए और अशोक विहार जे.जे.कॉलोनी के हर ब्लॉक में मशीनें लगवाकर सभी सीवर लाइनों को तुरंत साफ़ करवाने का काम करे। जल मंत्री आतिशी ने लोगों से वादा करते हुए कहा कि, चाहे कितनी भी बाधाएँ आ जाए लेकिन जबतक श्री अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली के मुख्यमंत्री है वो दिल्ली की जनता के काम रुकने नहीं देंगे।**

# राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- एनसीसीएसए की बैठक बृहस्पतिवार को होना तय थी, बिना किसी वजह से टाल दिया गया है, नई तारीख ऐलान नहीं

आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार और नौकरशाही में बढ़ते टकराव के बीच राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की शुक्रवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय एनसीसीएसए में मुख्य सचिव और प्रधान सचिव (गृह) शामिल हैं। एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर कहा, एनसीसीएसए की बैठक आठ दिसंबर को होनी थी लेकिन बिना किसी ठोस वजह के उसे स्थगित कर दिया गया है और बैठक की नई तारीख भी नहीं बताई गई है। पिछले महीने, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली में प्रदूषण के स्रोतों को पता लगाने के लिए किए जा रहे अध्ययन को रोकने और एक स्मॉग-रोधी टावर बंद कराने के आरोप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के अध्यक्ष अश्वनी कुमार को निलंबित करने की एनसीसीएसए से सिफारिश की थी। अधिकारी ने कहा, यह कुछ अजीब बात है कि प्रधान सचिव (गृह) का पद संभाल रहे, एनसीसीएसए के सचिव अश्वनी कुमार उनके खिलाफ कार्रवाई पर फैसला लेने वाली बैठक का हिस्सा होंगे। एनसीसीएसए का गठन ग्रुप ए अधिकारियों के तबादले और तैनाती और दिल्ली सरकार में संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत सेवा से जुड़े मामलों की जांच के लिए किया गया था। आप सरकार और शहर की नौकरशाही के बीच विभिन्न मुद्दों को लेकर टकराव होता रहता है।

### एएसओएसई में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बृहस्पतिवार को डॉ बीआर आंबेडकर स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल में नवमीं और ग्यारहवीं कक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए।

प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर है। दिल्ली में 37 स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस स्कूल हैं, जिसमें कुल 4,400 सीटें हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए स्कूलों को लगभग 92,000 आवेदन प्राप्त हुए हैं। एएसओएसई में सशस्त्र बल तैयारी स्कूल शामिल है, जहां पहले बैच के 76 छात्रों में से 32 छात्रों ने इस साल एनडीए लिखित परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त की है। स्कूल ऑफ हाई-एंड 21 सेंचुरी स्किल्स ह्यूमैनिटीज , टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग एंड मैथमेटिक्स शामिल हैं।

# अत्याधुनिक सुरक्षा उत्पाद की प्रदर्शनी में उमड़े लोग



- प्रगति मैदान में तीन दिवसीय इंटरनेशनल फायर और सिक्योरिटी एक्सपो शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रगति मैदान में बृहस्पतिवार को हॉल नंबर 5 में तीन दिवसीय इंटरनेशनल फायर एंड सिक्योरिटी एग्जीबिशन एंड कॉन्फ्रेंस (आईएफएसईसी) इंडिया एक्सपो शुरू हुआ। इस अत्याधुनिक सुरक्षा उत्पाद की प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़े।

यह शो 7 दिसंबर से लेकर 9 दिसंबर तक चलेगी। एक्सपो का उद्घाटन सीबीआई के पूर्व डायरेक्ट डीआर कार्तिकेयन, रेपिड मेट्रो कोरिडोर के सुरक्षा सलाहकार आईपीएस एमएस उपाध्याय, दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आर. साथियासुंदरम (ट्रैफिक), इंफॉर्मा मार्केट्स के वरिष्ठ समूह निदेशक एवं डिजिटल प्रमुख पंकज जैन और एशियन प्रोफेशनल सेक्यूरिटी एसोसिएशन के प्रेसिडेंट शिव चरण यादव ने किया। इस मौके पर दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर आर. साथियासुंदरम (ट्रैफिक), पूर्व सीबीआई डायरेक्टर समेत अन्य अधिकारियों ने होमलैंड और इंडस्ट्री सुरक्षा को लेकर चर्चा की। प्रदर्शनी में बॉयोमीट्रिक्स और सुरक्षा संरचनाओं के डिजिटलीकरण पर एक महत्वपूर्ण ध्यान केंद्रित किया गया है, जिसमें विजिटर्स सुरक्षा पेशेवरों के लिए तैयार किए गए व्यापक 360-डिग्री उत्पादों को प्रदर्शित किया गया है। उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों से लैस यूके का अग्रणी संगठन सुरक्षा उद्योग भी एक्सपो में भाग ले रहा है।

एक्सपो इस बार 20 से अधिक देशों के 300 से अधिक ब्रांडों की भागीदारी और 12,000 उद्योग खरीदारों, और सोल्यूशन इंटीग्रेटर्स के हिस्सा ले रहे हैं।

इस शो में वीडियो सर्विलांस, बायोमेट्रिक्स और आरएफआईडी और इंटेलिजेंट बिल्डिंग सहित उत्पादों और समाधानों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा पेशेवरों के लिए उच्च तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

# असोला अभयारण्य में कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- वॉक विद वाइल्ड लाइफ और 9, 10 को आयोजित होने वाला वॉकथॉन भी शामिल था

उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को वन विभाग को इस महीने के अंत में यहां दक्षिणी रिज क्षेत्र के असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के अंदर वॉक विद वाइल्डलाइफ कार्यक्रम आयोजित करने से रोक दिया। आयोजन से संबंधित मुद्दों में नौ और 10 दिसंबर को आयोजित होने वाला वॉकथॉन भी शामिल था। इन मुद्दों को रिज के संरक्षण और वहां से अतिक्रमण हटाने से संबंधित मामले में नियुक्त न्यायमित्र ने पिछले सप्ताह अदालत के समक्ष उठाया था।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने मंगलवार को इस मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। उन्होंने कहा, प्रतिवादियों को अगले आदेश तक प्रस्तावित कार्यक्रम आयोजित करने से रोका जाता है। न्यायमित्र अधिवक्ता गौतम नारायण और आदित्य एन प्रसाद ने दलील दी थी कि असोला भाटी के अंदर कोई मानवीय गतिविधि नहीं हो सकती है क्योंकि यह वन्यजीवों वाला एक संरक्षित क्षेत्र है और कार्यक्रम आयोजित करने की मंजूरी बिना सोचे समझे दे दी गई। सरकारी वकील ने अदालत को आश्वासन दिया था कि निर्णय मानदंडों का अनुपालन करते हुए लिया गया था और इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अभयारण्य में वनस्पतियों और जीवों से परिचित कराना था।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सिंह ने अभयारण्य के अंदर लोगों की सुरक्षा के संबंध में भी चिंता व्यक्त की जिसमें लगभग नौ तेंदुओं के साथ-साथ लकड़बग्घे और सियार जैसे अन्य जानवर रहते हैं। इसके बाद अदालत ने दोनों पक्षों के वकील की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था।

# जियोटैगिंग को लेकर मेयर शैली कर रही हठधर्मिता : भाजपा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि यह अफसोसजनक है कि आम आदमी पार्टी महापौर डा. शैली ओबरॉय जियोटैगिंग के मामले मे जनता की समस्याओं को समझने की बजाय हठधर्मी रवैया अपना रहे हैं। महापौर द्वारा संचालित दिल्ली नगर निगम प्रशासन दिल्ली के संपत्ति मालिकों, खासकर छोटे आवासीय फ्लोर और फ्लैटों के मालिकों को परेशान करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। एक घोषणा में एमसीडी ने लोगों के लिए यह अनिवार्य कर दिया है कि यदि वे वर्ष 2024-25 के लिए कर राहत लेना चाहते हैं तो उन्हें अपनी संपत्तियों की जियोटैगिंग की प्रक्रिया 31 जनवरी 2024 तक पूरी करनी होगी। कपूर ने कहा कि जियोटैगिंग एक तकनीकी कार्य है, जिसे हर छोटा-बड़ा संपत्ति मालिक खुद नहीं कर सकता।

# अकादमिक परिषद के विरोध के बाद रणनीतिक योजना 2022-47 वापस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- डीयू के वीसी ने सदस्यों से भाषाई बारीकियों पर विचार कर सुझाव देने को कहा

दिल्ली विश्वविद्यालय की संशोधित रणनीतिक योजना (2022-2047) पर विचार करने के लिए बुधवार को बुलाई गई अकादमिक परिषद की आकस्मिक बैठक में निर्वाचित सदस्यों की असहमति के बाद प्रस्तावित दस्तावेज को वापस ले लिया गया। अधिकारियों के अनुसार, रणनीतिक योजना में संशोधन किया जाएगा और उसे मंजूरी के लिए अकादमिक परिषद में फिर से पेश किया जाएगा।

दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने परिषद के सदस्यों से मसौदे की भाषाई बारीकियों पर विचार करने के लिए गठित समिति को दृष्टिपत्र पर अपने सुझाव देने को कहा है। समिति को सुझावों के आधार पर दस्तावेज में संशोधन करने और उसे जल्द से जल्द परिषद के सदस्यों को सौंपने का निर्देश दिया गया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि रणनीतिक योजना का संशोधित दस्तावेज अकादमिक परिषद की अगली बैठक में पेश किया जाएगा।

परिषद के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के लिए रणनीतिक योजना में कई मुद्दों का जिक्र करते हुए एक असहमति पत्र सौंपा जिसमें दस्तावेज में सामग्री की साहित्यिक चोरी जैसे आरोप शामिल हैं।

# सिविक सेंटर में धरने पर बैठे भाजपा पार्षद

- एमसीडी के इतिहास में 7 दिसंबर को काले दिन के रूप में किया चिह्नित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर के बाहर धरने पर बैठे भाजपा नेता और कार्यकर्ता। फोटो: रंजन डिमरी

दिल्ली भाजपा के नगर निगम पार्षद बृहस्पतिवार को एमसीडी की असंवैधानिक कार्यप्रणाली के विरोध में एमसीडी मुख्यालय सिविक सेंटर के बाहर धरने पर बैठ गए।

भाजपा पार्षदों ने 7 दिसंबर 2022 को एमसीडी के इतिहास में काला दिवस बताया, पिछले साल इसी दिन बहुमत हासिल करने के बाद से आम आदमी पार्टी द्वारा असंवैधानिक रूप से दिल्ली नगर निगम को चलाया जा रहा है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्षदों के धरने को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए घोटालों के कारण आप नेताओं की छवि खराब हो चुकी है। सचदेवा ने कहा कि भ्रष्टाचार का ताजा उदाहरण हमने बाढ़ नियंत्रण विभाग का घोटाला सामने लाकर दिखाया है।

सचदेवा ने कहा की भाजपा ने 15 साल दिल्ली नगर निगम के माध्यम से जनसेवा की और निगम को संविधान अनुसार चलाया, लेकिन आम आदमी पार्टी ने राजनीतिक दूष से काम करते हुऐ नगर निगम की संवैधानिक स्थाई समिति, अन्य समितियों के साथ क्षेत्रीय समितियों का गठन ना कर नगर निगम में आराजकता फैला दी है। धरने प्रदर्शन को भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत और निगम में नेता प्रतिपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने नेतृत्व प्रदान किया। धरने में जय भगवान यादव, रेखा गुप्ता, योगेश वर्मा, नीमा भगत, राजपाल सिंह, संदीप कपूर, शिखा राय, योगिता सिंह, जयवीर राणा, शशि चांदना, सतपाल सिंह आदि शामिल थे।

# रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद के खिलाफ टिप्पणी पर खेद जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- भाजपा सांसद ने विशेषाधिकार समिति की बैठक में रखी अपनी बात

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रमेश बिधूड़ी ने बसपा सांसद दानिश अली के खिलाफ अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए बृहस्पतिवार को लोकसभा विशेषाधिकार समिति की बैठक में खेद व्यक्त किया। समिति की इस बैठक में दोनों नेताओं ने अपनी बात अलग-अलग रखी।

बिधूड़ी ने समिति के समक्ष अपने बयान में कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने 21 सितंबर को सदन में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में उनकी (बिधूड़ी) टिप्पणी को लेकर खेद जताया था। बिधूड़ी ने लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धि के विषय पर चर्चा में भाग लेते हुए अली के खिलाफ कुछ ऐसी टिप्पणी की थी जिस पर विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया था।

भाजपा के कई नेताओं ने अली पर दक्षिण दिल्ली के सांसद बिधूड़ी को उकसाने के लिए प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। था। इस मामले को बसपा सांसद कई बार उठाते रहे है।

# संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी के संविधान से जुड़े संकलन का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के समवेत ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संविधान से जुड़े उद्बोधनों के संकलन 'नए भारत का सामवेद' का लोकार्पण बृहस्पतिवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। समारोह में केन्द्रीय संस्कृति एवं विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईजीएनसीए न्यास के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार पद्मश्री रामबहादुर राय ने की और स्वागत भाषण सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने किया। 'नए भारत का सामवेद' पुस्तक का पुरोवाक् श्री रामबहादुर राय ने लिखा है और संयोजन डॉ. प्रभात ओझा ने किया है। इस अवसर पर पुस्तक के प्रभात प्रकाशन के प्रभात कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रभात ओझा ने सभी अतिथियों और आगंतुकों के प्रति अभार व्यक्त किया।

### कलाकारों की जुगलबंदी ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**नई दिल्ली।** 11वें गुरु एम.एल. कौसर फेस्टिवल ऑफ म्यूजिक एंड डांस का सफल आयोजन किया गया। खनका कमानी सभागार में भावपूर्ण स्वर गायन, ओडिसी नृत्य, और सितार की मधुर तारों की जुगलबंदी ने कार्यक्रम को को मोहित किया। कार्यक्रम कार्यक्रम की शुरुआत देबप्रिया और समन्वय की युवा जोड़ी ने अलाप के जरिए राग मारू से की, उपरांत खूबसूरत बोलों से सजी एक बंदिश मन भावन सूरत हाय तोरी पिया जोकि झप ताल में निबद्ध थी। कलाकारों की श्रेणी में थे हारमोनियम वादक एवं संगीतकार पंडित देवेन्द्र वर्मा, शास्त्रीय गायक पंडित सुरेश गंधर्व, वरिष्ठ कला समीक्षक रवीन्द्र मिश्रा, गुरु राजेंद्र गंगानी, शास्त्रीय गायक अमजद अली खान, तबला वादक फतेह सिंह गंगानी, वायलिन वादक उस्ताद असगर हुसैन, शास्त्रीय गायक मोहसिन खान और तबला वादक विनोद लेले ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को रंगत दी।

### जूडो कराटे में स्कूली छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**नई दिल्ली।** पीतमपुरा पुष्पांजलि एनक्लेव स्थित डीएवी स्कूल में स्पोर्ट्स गतिविधियों के तहत जूडो कराटे प्रतियोगिता आयोजित हुई। दो दिवसीय इस आयोजन में अलग-अलग स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। वहीं डीएवी स्कूल के नौ खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में डीएवी पुष्पांजलि स्कूल पहले स्थान पर रहा जिसने 26 स्वर्ण, 14 रजत और पांच कांस्य पदक जीते। दूसरा स्थान रोहिणी सेक्टर सात के डीएवी स्कूल को प्राप्त हुआ। अंडर-14 के बाल वर्ग में पुष्पांजलि डीएवी स्कूल के दिव्यांशु, कार्तिकेय, अथर्व ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं बालिका वर्ग में निष्ठा गुप्ता ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं अंडर-17 के बाल वर्ग में देवांश गुप्ता, रुद्राक्ष माथुर, अनंत गर्ग ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अंडर-19 वर्ग के बाल वर्ग में किशन और शुभम ने स्वर्ण जीते और बालिका वर्ग में शगुन, तनिष्ठा और वेदांगी ने स्वर्ण पदक जीता। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल रश्मि राज बिस्वाल, जूडो कोच मनोज शर्मा और रेफरी सुधांशु मौजूद रहे।

# भूजल स्तर में सुधार के करें प्रयास, पानी का दुरुपयोग रोकें: सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### विधायक ने किया छह लाख लीटर क्षमता के बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन

### 900 मीटर एरिया, अशोक विहार, शीतला कालोनी, गुड़गांव गांव को मिलेगी सुविधा

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने 6 लाख लीटर क्षमता वाले बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन किया। इस बूस्टर पम्प से शहर के 900 मीटर एरिया, अशोक विहार, शीतला कॉलोनी, गुड़गांव गांव को पेयजल की उपलब्धता होगी।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि हरियाणा सरकार बिजली, पानी, सड़कें, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करने पर लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हर स्तर पर इन विषयों पर काम हो रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि कोई भी सुविधा मिलने का मतलब यह नहीं हो कि उसकी दुरुपयोग हो। पेयजल का हमें सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए। गुरुग्राम की लगातार आबादी बढ़ रही है। ऐसे में यहां पर सुविधाएं भी उसी हिसाब से चाहिए। पानी को व्यर्थ बहाने से हमें परहेज करना चाहिए। गुरुग्राम में भूमि का जल स्तर काफी घट रहा है। यहां के कई क्षेत्र भूजल स्तर के मामले में डार्क जोन में हैं। आबादी के हिसाब से गुरुग्राम में पानी की मांग अधिक है। लगातार यहां पर आबादी बढ़ ही रही है। ऐसे में हम जल की बचत पर विशेष ध्यान देना होगा। यह अच्छी बात है कि सोसायटियों में जल का शोधन करके उसी पानी को उपयोग में लिया जा रहा है। समय रहते हमें पानी की बचत पर ध्यान देना होगा। विधायक ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 11 मीटर तक जल स्तर नीचे जा चुका है। वर्ष 2009 में यहां का जलस्तर 25.74 मीटर नीचे था। वर्ष 2018 तक यह तक 36 मीटर से भी नीचे पहुंच गया। हर साल 1 मीटर से भी अधिक गहराई में पानी जा रहा है। उन्होंने कहा कि पानी के इन हालातों पर हर नागरिक को गंभीर होना होगा। सरकार अपने स्तर पर सभी प्रयास कर रही है। सरकार के साथ आम नागरिकों को भी सक्रियता दिखानी होगी। उन्होंने लोगों को बरसाती पानी के संचयन के लिए प्रेरित किया। अपने क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जरूर लगवाएं। बरसात के समय में लाखों गैलन पानी नालों में बह जाता है। अगर हमारे आसपास रेन वाटर हार्वेस्टिंग होंगे तो हम बरसाती से जमीन को रिचार्ज कर सकेंगे।


गुरुग्राम के 900 मीटर एरिया में बूस्टिंग स्टेशन का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि सुविधाएं लेने के साथ उनको बनाए रखने के लिए भी हम सबका योगदान होना चाहिए। आरडब्ल्यूए भी अपने स्तर पर जनसुविधाओं की देखरेख करे, ताकि वे दुरुस्त रह सकें। इस अवसर पर पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी, भगत कटारिया, सुरेंद्र सांगवान, एसडीओ संजोग शर्मा, प्रदीप यादव, अभिषेक ठाकुर, सतीश, लिली फौजी, बिट्टू, रणवीर, मनीष, मयंक समेत शीतला कॉलोनी, अशोक विहार के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रभक्ति का भाव लेकर गांव मेहंदवाड़ा व बिल्हाका पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा


गुरुग्राम के गांव मेहंदवाड़ा व बिल्हाका में भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टॉल का निरीक्षण करते मुख्य अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

### जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं का किया निवारण

**बिल्हाका** और मेंहदवाड़ा गांव में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में गुरुवार को सैकड़ों ग्रामवासियों ने वर्ष 2047 में आजादी के सौ साल पूरे होने तक भारत के एक विकसित राष्ट्र बन जाने की शपथ ली। ग्रामवासियों ने संकल्प लिया कि वे गुलामी की मानसिकता को त्याग कर भारत भूमि की एकता व अखंडता को कायम रखते हुए देश के विकास के लिए काम करेंगे।

सोहना खंड के गांव महेंदवाड़ा और बिल्हाका में गुरुवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री समय सिंह भाटी ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संकल्प है कि भारत देश दुनिया का सरताज बने। इसके लिए गांव-गांव और शहर-शहर में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिससे कि युवा, महिला, बुजुर्ग, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी सभी वर्गों में राष्ट्र भक्ति का एक भाव जगे और हम सब मिलकर अपने देश को समृद्ध बनाने की ओर आगे बढ़ें।

**योजनाओं से ग्रामीणों को करवाया अवगत** : गांव मेंहदवाड़ा व बिल्हाका के राजकीय विद्यालय में आयोजित हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग की ओर से मेडिकल कैंप भी लगाए गए। जिसमें ग्रामीणों को भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बारे में बताया गया। सोहना के एसएमओ डा. इंद्रजीत ने ग्रामीणों को बताया कि किसी भी व्यक्ति को अधिक समय तक खांसी की शिकायत रहे या सांस लेने में दिक्कत हो तो उसको नजदीक के सरकारी अस्पताल में जाकर अपनी टीबी की जांच करवानी चाहिए। टीबी के मरीज का नि:शुल्क इलाज किया जाता है। यहां लगी विभागों की स्टाल पर ग्रामवासियों ने अपने परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करवाया और नई-नई स्कीमों की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया।

**कृषि विभाग द्वारा ड्रोन दीदी चलाया जाएगा कार्यक्रम** : कृषि विभाग की ओर से ग्रामीणों के समक्ष ड्रोन उड़ाने का प्रदर्शन किया गया। कृषि विभाग के अशोक कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के माध्यम से देश में ड्रोन दीदी के नाम से एक नए कार्यक्रम की शुरूआत की है। जिसके तहत गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन उपलब्ध करवाया जाएगा। इस ड्रोन को किराए पर देकर गांव की कृषि भूमि में फसलों पर दवाईयों व पोषक तत्वों का छिड़काव किया जा सकता है।

# जीवन को सुगम बनाने को हमारी सरकार क्षेत्र के विकास को दे रहीं नई गति: राव इंद्रजीत

### नगर परिषद पटौदी-मंडी के जाटौली मंडी क्षेत्र में 15 करोड़ से अधिक लागत की विकास परियोजनाएं की आमजन को किया समर्पित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**केंद्रीय** राज्यमंत्री मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुवार को गुरुग्राम के पटौदी मंडी नगर परिषद क्षेत्र में पहुंचकर जाटौली मंडी क्षेत्र में करीब 15 करोड़ की लागत से पूर्ण हुई पांच परियोजनाओं का उद्घाटन कर आमजन को समर्पित किया।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा करीब 53 करोड़ से अधिक की लागत से 4.5 एमएलडी मल शोधन संयंत्र पटौदी को अपग्रेड करने व पटौदी-मंडी के मल शोधन संयंत्रों से उपचारित अपशिष्ट जल की निकासी के लिए संयुक्त पाइप लाइन बिछाने की दो परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। इस दौरान हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल व पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता भी उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में दक्षिण हरियाणा के विकास को नई गति दी जा रही है।


गुरुग्राम के पटौदी-मंडी नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों के उद्घाटन अवसर पर महिलाओं को सम्मानित करते केंद्रीय राज्यमंत्री मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह।

उन्होंने कहा कि गुरुग्राम जिला के सम्पूर्ण विकास जिसमें मेट्रो, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई अन्य प्रमुख योजनाएं शामिल हैं इनको ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार की ओर से इंफ्रास्ट्रक्चर पर करोड़ो रूपये खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह गर्व की बात है कि पिछले दो टर्म से देश की जनता ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली स्थाई व मजबूत सरकार दी है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्र में जल संरक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरुग्राम जिला भले ही प्रदेश का सबसे अधिक राजस्व व नौकरी देने वाला जिला हो, लेकिन हमें विकास की गतिविधियों के साथ साथ क्षेत्र में जल संरक्षण पर भी ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि लोगों के जीवन को सुगम बनाने के लिए विकास कार्य महत्वपूर्ण हो सकते हैं, लेकिन पानी हमारी जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्र में गिरते भूजल स्तर पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उक्त विषय को ध्यान में रखते हुए अमृत सरोवर जैसी प्रमुख योजना की शुरुआत की है। जिसमें हरियाणा सरकार के सहयोग से निरंतर हमारे प्राकर्तिक जल स्त्रोत को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है, लेकिन यह प्रयास तभी सफल होंगे जब इसमे आमजन का सहयोग भी प्रमुखता से मिलेगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि सभी नागरिक अपने दैनिक दिनचर्या में पानी के मूल्य को समझते हुए जल को जितना इस्तेमाल में लेना है उतना ही उपयोग करें तथा नष्ट न होने दें।

# गुरुग्राम के मोलाहेड़ा स्कूल में लगी पुलिस की पाठशाला



**गुरुग्राम।** मोलाहेड़ा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पुलिस की पाठशाला लगी। इस पाठशाला में बच्चों को बच्चों/महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, साईबर अपराधों, अपराधों से बचाव व निवारण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इस दौरान बताया गया कि अपनी निजी जानकारी, बैंक खाता से संबंधित जानकारी, ओटीपी, सोशल मीडिया साइट्स पर अपनी फोटो/वीडियो किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ सांझा ना करें।

किसी अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। किसी के कहने पर भी एनीडेस्क ऐप अपने डिवाइस में इंस्टॉल नहीं करनी चाहिए, जिससे हम साईबर ठगी या साईबर अपराध का शिकार होने से बच सकते हैं। साईबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करें या अपने नजदीकी साईबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं।

# जल्द बनेगा गुरुग्राम का सिविल अस्पताल और बस अड्डा

**गुरुग्राम।** भाजपा गुरुग्राम की जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ गुरुवार को भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से चंडीगढ़ स्थित उनके में मिलीं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात के दौरान गार्गी कक्कड़ ने जिला में हो रहे विकास कार्यों पर चर्चा की और लंबित पड़े कार्यों के बारे में भी बताया। जिला अध्यक्ष ने गुरुग्राम के सिविल अस्पताल, नया बस अड्डा शीघ्र बनाए जाने की मांग भी मुख्यमंत्री के सामने रखीं। सीएम ने जल्द ही इनके निर्माण कराने की बात कही।

जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि जिला प्रभारी, जिला मंत्रियों और मंडल अध्यक्षों के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल से हुई मुलाकात सकारात्मक रही। मुख्यमंत्री के समक्ष उन्होंने विधानसभा अनुसार विकास कार्यों की प्रगति और पेंडिंग पड़े कार्यों को विस्तार से बताया है। बैठक में उन्होंने नगर निगम, जिला परिषद के कार्य, ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों का ब्यौरा भी मुख्यमंत्री को लिखित रूप में दिया है। जिला अध्यक्ष ने


गुरुग्राम भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात करते गुरुग्राम प्रभारी दीपक मंगला व अन्य नेता।

बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने शीतला माता मंदिर, बस अड्डा, सिविल हॉस्पिटल, पुराने गुरुग्राम में मेट्रो जल्दी शुरू करने की मांग भी रखी है। शहर की सफाई व्यवस्था, स्टांप वेंडर और नोटरी और डॉक्युमेंट राइटर को भी स्थायी स्थान देने का आग्रह मुख्यमंत्री मनोहर लाल से किया है। जिला अध्यक्ष कक्कड़ ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुरुग्राम की समस्याओं को गंभीरता से सुना है।

# डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने नूंह में चलाया सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। नूंह/गुरुग्राम

**डेरा** सच्चा सौदा प्रमुख संत डा. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा की शिक्षाओं पर चलते हुए डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने गुरुवार को नूंह में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान का शुभारंभ नूंह की एडीसी रेनू मीणा ने किया। साथ ही डेरा के सेवादारों के जज्बे की सराहना की। बस अड्डा परिसर से सफाई अभियान की शुरुआत की गई।

सफाई अभियान के शुभारंभ अवसर पर एडीसी रेनू मीणा ने कहा कि समाज में बुराइयों के प्रति जागरुकता, सफाई के कार्य, जनजागरुकता, जरूरतमंदों की सेवा करने में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायी आगे रहते हैं। अब से पहले भी नूंह में डेरा के सेवादारों ने सफाई की, जो कि काबिले-तारीफ है। उन्होंने कहा कि डेरा सच्चा सौदा के जनहित में कार्य सराहनीय हैं। सफाई, रक्तदान, पेड़ लगाने के लगातार कार्य डेरा के सेवादार करते रहते हैं। सामाजिक संस्थाओं को ऐसे सामाजिक कार्यों को आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए जब भी किसी मदद की जरूरत पड़ेगी, प्रशासन पूरा सहयोग करेगा।


नूंह में सफाई अभियान की शुरुआत पर डेरा सेवादारों को संबोधित करतीं एडीसी रेनू मीणा व सफाई करते डेरा सच्चा सौदा के सेवादार।

एडीसी रेनू गुप्ता ने आमजन से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में निर्धारित स्थानों पर ही गंदगी डालें। यहां-वहां गंदगी डालकर अपने शहर की खूबसूरती को खराब ना करें। हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनना चाहिए। हम अच्छा काम करके किसी के लिए भी रोल मॉडल बन सकते हैं। अगर हम स्वयं ही कहीं पर भी गंदगी डालते हैं तो बाकी लोग भी ऐसा ही करेंगे। इसलिए ऐसी आदतों में सुधार लाएं।

मालब से 85 मेंबर नरेंद्र इंसा, विरेंद्र इंसा, प्रेमी सेवक मुरलीधर इंसा, सतीश पटौदी, रघुबीर, रतनलाल नंबरदार के अलावा गुरुग्राम से राजेंद्र सिरोही इंसा समेत सोहना व पटौदी से भी साध-संगत सफाई अभियान में भाग लेने पहुंची। नरेंद्र इंसा ने बताया कि पूज्य गुरुजी द्वारा दी गई शिक्षा पर चलते हुए नूंह में यह सफाई अभियान चलाया गया है। शहर के कोने-कोने में सफाई करके सेवादारों ने शहर को चमकाने का काम किया है। इससे पहले भी यहां सफाई अभियान चलाया जा चुका है।

# नागरिक अस्पताल में रोगियों को जल्द मिलेगी 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नागरिक** अस्पताल में आने वाले रोगियों को जल्द ही 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा मिलेगी। प्रदेश सरकार ने हाल ही में रेडियोग्राफरों की नियुक्ति की है। जिनमें से 24 रेडियोग्राफर स्थानीय नागरिक अस्पताल में कार्य करेंगे।

नागरिक अस्पताल में पिछले करीब दो माह से रोगियों को एक्स-रे की सुविधा ओपीडी समय में मिल रही है। अब यह सुविधा रोगियों को 24 घंटा मिलेगी। जिसमें के लिए स्वास्थ्य विभाग और प्रदेश सरकार के मंजूरी के बाद रेडियोग्राफरों की नियुक्ति होने से यह सुविधा स्थानीय नागरिक अस्पताल में भी मिलेगी। जानकार सूत्रों के अनुसार नागरिक अस्पताल में एक ही रेडियोग्राफर है। वह केवल ओपीडी समय में ही एक्स-रे करता है।

उसके बाद यहा आने वाले रोगियों को कम से कम 16 और सरकारी अवकाश होने पर एक से दो, तीन दिन तक का इंतजार करना पड़


सोहना के नागरिक अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन।

जाता है। क्योकि ओपीडी समाप्त के बाद आपातकाल वार्ड में लड़ाई झंगड़ा या सड़क हादसे में घायल होने वाले रोगियों को एक्स-रे की जरुरत पड़ने पर डॉक्टर गुरुग्राम नागरिक अस्पताल से गुरुग्राम या नूंह के नल्लहड़ अस्पताल के लिए रेफर कर दिया जाता है।

**निजी लैब मालिक चलो रहे कैंची** : नागरिक अस्पताल में ओपीडी के बाद एक्स-रे की सुविधा न मिलने पर रोगी शहर में स्थापित निजी लैब मालिक पीड़ित की जेब पर सीधी कैंची चला रहे हैं। नागरिक अस्पताल में होने वाला एक्स-रे की कीमत से कई गुणा अधिक वसूली कर रहे है। लेकिन गुरुग्राम या नूंह न जाकर रोगी ओपीडी के बाद निजी अस्पताल में एक्स-रे कराने के लिए मजबूर हो जाते है। रोगी की मजबूरी का निजी लैब मालिक फायदा उठाते है।

> “आने वाले वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य विभाग से नागरिक अस्पताल में डिजीटल एक्स-रे की सुविधा दिए जाने की मांग विभाग से की गई है। विभाग की मंजूरी मिलने पर रोगियों को गुरुग्राम-दिल्ली, पलवल, नूंह जाने की जरुरत नहीं होगी।
>
> (डॉ. इंद्रजीत सिंह-एसएमओ)

**सीएमओ ने दिया आश्वासन** : स्थानीय नागरिक अस्पताल में 24 घंटा एक्स-रे की सुविधा के साथ-साथ जिले के अन्य ब्लॉक पटौदी, फारुखनगर और गुरुग्राम में भी दो-दो रेडियोग्राफर की नियुक्ति होने का आश्वासन दिया है। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विरेन्द्र यादव ने हाल ही में मिडिया को बताया कि सोहना के नागरिक अस्पताल में एक्स-रे की सुविधा 24 घंटा दी जाएगी।

# लोकसभा चुनाव से पूर्व सोहना की समस्याओं का होगा समाधान: मुख्यमंत्री

**सोहना।** चण्डीगढ़ के संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते हुए सोहना मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उक्त मांगों को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को चंडीगढ़ में भाजपा प्रदेश संगठन मंहामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे जिला अध्यक्ष से लेकर विधायक मंडल अध्यक्ष आदि ने संत कबीर कुटीर में मुलाकात की। इस अवसर पर महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी, गुरुग्राम जिला प्रभारी दीपक मंगला विधायक पलवल एवं जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, जिले के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष बारी-बारी से रखा।

# बीएलएस ई-सर्विसेज ने ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल बदलाव में कैसे योगदान दिया है?

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बीएलएस** ई-सर्विसेज ने आय प्रमाण पत्र, डोमिसाइल प्रमाण पत्र और सरकारी योजना एप्लिकेशंस जैसी जी2सी सेवाओं की शुरुआत कर, उत्तर प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों के डिजिटल बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा हम मोबाइल रिचार्ज, यूटिलिटी बिल भुगतान और बी2सी/बी2बी जैसी सेवाएं भी मुहैया कराते हैं।


**1.** 21,000 से अधिक केंद्रों और 16,000 से अधिक जी2सी प्वांइट्स के साथ, हमने जन सेवा केंद्रों के माध्यम से इन सेवाओं को सुलभ बनाया है, जिससे नागरिकों की डिजिटल यात्रा आसान हुई है।

**2.** अंतिम उपभोक्ता तक इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता उत्पाद उपलब्ध कराने में डिजिटल स्टोर का पहुंच और प्रभाव कैसा रहा है?

डिजिटल स्टोर्स के अपने नेटवर्क के माध्यम से, हम टीवी, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपभोक्ता उत्पादों की पेशकश करते हैं। इसके अलावा हम मोटर बीमा और स्वास्थ्य बीमा जैसी मूल्यवर्धित सेवाओं को बढ़ावा देते हैं, जिससे हमारे लाभार्थियों को व्यापक समाधान तक पहुंच मिलती है।

हमारे सेवा केंद्रों और डिजिटल स्टोर्स पर रोजाना करीब 30,000 लोग आते हैं। यह मौजूदगी हमारी सेवाओं की व्यापक पहुंच और प्रभाव के बारे में बताता है, जो लोगों के दैनिक जीवन में उनके जुड़ाव की पुष्टि करता है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी पेशकश का दायरा कितना बड़ा और व्यापक है और हम न केवल उत्पाद बल्कि कई तरह की जरूरी सेवाओं की पेशकश करते हुए लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गए हैं और आखिरकार सभी के लिए पहुंच और सुविधा का विस्तार कर रहे हैं।

**3.** कोविड-19 महामारी के दौरान ग्रामीण समुदायों तक आवश्यक सेवाएं पहुंचाने की क्या अहमियत रही है? कोविड-19 महामारी के दौरान हमारी कोशिश ग्रामीण क्षेत्रों तक जरूरी सेवाओं को पहुंचाने की थी। हमारी जी2सी और बैंकिंग परियोजनाओं को "आवश्यक सेवाओं" के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इसने हमारे ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) को विशेष रूप से बुजुर्गों और शारीरिक रूप से विकलांग


शेखर अग्रवाल, चेयरमेन बीएलएस ई-सर्विसेज

नागरिकों जैसे कमजोर समूहों को महत्वपूर्ण घर-घर सहायता पहुंचाने में सक्षम बनाया। इस चुनौतीपूर्ण समय में हमने यह सुनिश्चित किया कि उन लोगों के लिए जरूरी सेवाओं की आपूर्ति में बाधा न पहुंचें, जिन्हें इसकी सबसे अधिक जरूरत है। हमारे बीएलई को उन व्यक्तियों तक पहुंचने और उनकी सहायता करने में सक्षम बनाकर जो स्वयं इन सेवाओं तक नहीं पहुंच सकते थे, हम कोविड-19 जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान समुदायों के जीवन में ठोस बदलाव लाने में सक्षम थे।

**4.** उत्तर प्रदेश बाजार के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बीएलएस ई-सेवाओं का विस्तार?

उत्तर प्रदेश में हमारा विस्तार पर्याप्त रहा है और हम अपने बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट (बीसी) नेटवर्क के माध्यम से सभी जिलों तक पहुंचते हुए जी2सी सेवाओं को 12 जिलों तक विस्तारित कर रहे हैं। यह विस्तार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सेवा पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारा बैंकिंग संवाददाता नेटवर्क पूरे क्षेत्र को कवर करें, हमने रणनीतिक रूप से सभी जिलों में विस्तार किया है। इसके अतिरिक्त, हमारी जी सेवाएं अब 12 जिलों में उपलब्ध हैं, जो हमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अलग-अलग समुदायों को सेवा प्रदान करने में सक्षम बनाती हैं। हमारी बलिया और गोरखपुर में विशेष रूप से मौजूदगी है, जहां बड़ी संख्या में लोग सक्रिय रूप से हमारी सेवाओं का उपयोग करते हुए उसका लाभ उठात हैं।

# सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहन के लिए दे रही हर संभव सहायता : प्रवीण डागर

## पलवल में शुरू हुई राज्यस्तरीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हथीन** के विधायक प्रवीण डागर ने चार दिवसीय हरियाणा राज्य स्तरीय चौथी एलीट बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विधिवत शुरुआत पलवल के देवा बॉक्सिंग क्लब में खिलाड़ियों के हाथ मिलाकर कराई। प्रदेश की इस महत्वपूर्ण बॉक्सिंग चैंपियनशिप में प्रदेश के 22 जिले और रोहतक-भिवानी व हिसार साई के लगभग 350 महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। पलवल में इस तरह का बड़ा आयोजन पहली बार कराया जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी एवं पलवल बॉक्सिंग क्लब की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया द्वारा चलाई जा रही देवा बॉक्सिंग क्लब में चार दिवसीय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप की विधि व शुरुआत कराई गई। उन्होंने बताया गया कि इस टूर्नामेंट में कई विश्व स्तरीय खिलाड़ी भाग ले रही हैं। यहां पर विजयी खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा।

टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हथीन के विधायक प्रवीण डागर ने प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों और उनके कोचों का स्वागत करते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने इस बड़े आयोजन में भाग लेने आने वाले खिलाड़ियों के सुनहरे भविष्य की कामना करते हुए अपनी ओर से एक लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की।



राज्य स्तरीय महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप आयोजन समिति एवं पलवल बॉक्सिंग क्लब की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप सात से 10 दिसंबर तक कराई जा रही है। जिसमें विश्व स्तरीय महिला खिलाड़ी भाग ले रही है। पलवल में इस तरह का बड़ा आयोजन पहली बार किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पलवल में कराई जा रही है राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप नए कीर्तिमान स्थापित कर नए रिकॉर्ड कायम करेगी। यहां पर जो खिलाड़ी जीत कर जाएंगे, उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली चैंपियनशिप में भाग लेने का मौका मिलेगा।

इस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा बाक्सिंग संघ के प्रधान सत्यपाल सिंधु की देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी स्विटी बूरी, पूजा बूरा और नीतू घनघस भी भाग ले रही हैं। ये तीनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मेडल जीतकर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ी आगे नोएडा में 20 से 27 दिसंबर तक होने वाली राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी।

नोएडा की राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जीतने वाली महिला खिलाड़ी आगे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। पलवल में प्रतियोगिता का आयोजन करवा रही बॉक्सिंग संघ पलवल की अध्यक्ष प्रियंका तेवतिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग ले रही खिलाड़ियों के रहने-ठहरने व खाने आदि का पूरा प्रबंध पलवल संघ की तरफ से किया गया है। प्रतियोगिता में कोच की भूमिका अशोक सौरोत व योगेश रावत आदि निभा रहे हैं।

# डंपर के नीचे दबकर ड्राइवर-कंडक्टर की मौत

## सामने पशु आने से अनियंत्रित होकर पलटा, यमुना से रेत भरकर जा रहे थे चचेरे भाई



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**हसनपुर** मार्ग पर अतवा गांव के निकट डंपर के पलटने से ड्राइवर-कंडक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। सामने से जंगली पशु आने के बाद उसे बचाने के चक्कर में ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और डंपर बिजली के खंबे से टकराकर पलट गया। हसनपुर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

हसनपुर थाना प्रभारी रामचंद्र जाखड़ के अनुसार, जिला मथुरा (यूपी) के शाहपुर गांव निवासी मोहन श्याम ने दी शिकायत में कहा है कि उसका 25 वर्षीय भाई लक्ष्मण डंपर ड्राइवर था। उसके साथ ताऊ का लड़का हर्ष बतौर कंडक्टर कार्यरत था। बुधवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे दोनों डंपर में यमुना से रेत लेकर हसनपुर से पलवल की तरफ आ रहे थे, लेकिन जब उनका डंपर रास्ते में अतवा गांव के निकट पहुंचा तभी सामने से जंगली जानवर आ गया।

जिसे बचाने के चक्कर में डंपर अनियंत्रित हो गया और बिजली के खंबा से टकराकर पलट गया। हादसे में लक्ष्मण व हर्ष मौके पर ही डंपर के नीचे दब गए, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर हसनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। उनके पास से मिले कागजातों के आधार पर पहचान होने पर परिजनों को दुर्घटना की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह मृतकों के परिजन जिला नागरिक अस्पताल पहुंच गए और दोनों मृतकों की पहचान लक्ष्मण व हर्ष के रूप में की। पुलिस ने मृतक लक्ष्मण के भाई की शिकायत पर 174 सीआरपीसी के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## महिला को लिफ्ट देकर तीन लाख लूटे

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर मीरापुर चौक के पास से स्कूटी पर लिफ्ट देने के बहाने बुजुर्ग महिला से चालक तीन लाख रुपए से भरे बैग लूटकर फरार हो गया। पुलिस ने महिला की शिकायत अज्ञात स्कूटी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, चांदहट निवासी कृपा देवी ने दी शिकायत में कहा है कि वह छह दिसंबर को शाम के समय बस स्टैंड से मीरापुर जाने के लिए आई थी। बस स्टैंड पर पीड़िता का बेटा अशोक उसे एक लाख 22 हजार रुपए बैंक से निकालकर देकर गया था। पैसों को पीड़िता ने अपने बैग में रख लिया, बैग में पहले ही एक लाख 80 हजार रुपए रखे हुए थे।

पीड़िता के अनुसार बैग में तीन लाख दो हजार रुपए व एक की-पेड मोबाइल रखा था। जिसके बाद पैसों को लेकर पीड़िता एक ऑटो में बैठकर नेशनल हाईवे-19 पर मीरापुर चौक पर पहुंची तो वहां ऑटो से उतर गई। शिकायत में कहा है कि वहां पहले से एक स्कूटी सवार व्यक्ति खड़ा हुआ था। जिसने बोला कि मैं आपको मीरापुर गांव में छोड़ दूंगा।

# नाबालिग बहन से चचेरे भाइयों ने किया गैंगरेप

## अश्लील वीडियो वायरल करने की दी धमकी, गर्भवती होने पर खुला मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दो सगे** भाइयों ने अपनी ही नाबालिग चचेरी बहन को घर में अकेली देखकर हवस का शिकार बना दिया। इतना ही नहीं उसकी अश्लील वीडियो बनाई और वायरल करने की धमकी देकर बार-बार रेप किया। मामले का खुलासा तब हुआ जब नाबालिग गर्भवती हो गई। पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक रेप सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी सुरेखा के अनुसार, हसनपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी की तीन दिसंबर को तबीयत खराब हो गई। जिसके बारे में उन्होंने पूछा तो बेटी ने बताया कि सात माह पूर्व वह घर पर अकेली थी, उसी दौरान उसके ताऊ के दो लड़के घर में अंदर आ गए। आरोप है कि दोनों भाइयों ने उसके हाथ बांधकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर व नाबालिग के भाई को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करते रहे। जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। जब गर्भवती होने की जानकारी दोनों आरोपी भाइयों को चली तो उन्होंने पीड़िता को गोली खिला दी।

पीड़िता ने जब घटना के बारे में आरोपियों के पिता व अन्य परिजनों को बताया तो उन्होंने कहा कि अगर तुमने कोई कार्रवाई की तो जान से मार देंगे। जिसके बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। जिसकी शिकायत पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ जाकर हसनपुर थाना में दी। हसनपुर थाना पुलिस ने नाबालिग के पिता की शिकायत पर दोनों सगे भाइयों व उनके पिता सहित अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# तीन दिवसीय स्काउट शिविर के समापन पर कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया

**पलवल।** रामानुजन एजुकेशनल कॉलेज औरंगाबाद पलवल में भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के तीन दिवसीय शिविर के समापन पर प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण तथा कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त योगेश सौरोत ने बताया बीएड के प्रशिक्षित अध्यापकों को रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के प्रशिक्षक अंकित कुमार, डीओसी भारत दहिया, संजू बाला, प्रशिक्षक शारदा पाराशर, विष्णु गौड तथा अर्चना कुमारी के द्वारा प्राथमिक चिकित्सा, रोगी को एंबुलेंस में ले जाने के तरीके, घायल को विभिन्न प्रकार की पट्टियों को बांधना, रोगी की देखभाल करना तथा सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी प्रदान की गई है। इस अवसर संस्था के डायरेक्टर केपी शर्मा की अध्यक्षता में प्रशस्ति पत्र वितरण व कैंप फायर कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के



माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया है। विशेष रूप से मुख बधिर दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रगान व स्काउट झंडा गीत का गायन आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनिल तंवर, अंशु डांबला, निर्मल सिंह, हुकम सिंह, सुशीला सिंह, पूनम शर्मा ने निर्णायक भूमिका का निर्वहन किया।

# दूषित खाने ने किया 15 वर्षीय बच्चे का लिवर फेल

## कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बचाने में डॉक्टरों को मिली सफलता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अगर** आप भी बाहर खाना खाने के शौक़ीन हैं तो सावधान हो जाएँ। क्योंकि बाहर के अनहाइजीनिक फूड का सेवन आपके लिए जानलेवा हो सकता है। हाल ही में सेक्टर-16 स्थित मैरिंगो एशिया अस्पताल में एक ऐसा चोंकाने वाला मामला आया, जहां दूषित खाने के सेवन से फरीदाबाद निवासी 15 वर्षीय निशांत का लिवर फेल हो गया। मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में पेट एवं लिवर रोग विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. बीर सिंह सहरावत ने बताया कि जब मरीज हमारे पास आया तो उसे बुखार, पीलिया, पेट में दर्द और उल्टी की समस्या हो रही थी। धीरे-धीरे मरीज बेचैनी और गफलत में जा रहा था। मरीज को दिखाई भी नहीं दे रहा था। दिमाग में सूजन के कारण वह ठीक से बोल भी नहीं पा रहा था। हालत लगातार बिगड़ती देख उसे आईसीयू में एडमिट किया गया। जांच करने पर हमें पता चला कि बाहर के दूषित भोजन के सेवन से हेपेटाइटिस ए का कीटाणु बच्चे के अंदर गया।

हेपेटाइटिस ए वायरस ने बच्चे के लिवर पर अटैक किया, इस कारण बच्चे का लिवर एक दम से फेल हो गया था। इसे एक्यूट लिवर फेलियर कहा जाता है। इसके अलावा बच्चे में ऑटो इम्यून हेपेटाइटिस की बीमारी का भी पता चला, इस बीमारी में शरीर में कुछ ऐसे एंटीबॉडी बनते हैं जो लिवर को नुकसान पहुंचाते हैं। जाँच के बाद मरीज की लिवर की दवाइयां शुरू की गईं। विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर निकालने के लिए मरीज की दो बार प्लाज्मा थेरेपी की गई जिसमें खून में नया प्लाज्मा बदला गया। कुछ दिन वेंटिलेटर पर रहने के बाद मरीज की हालत में सुधार हुआ। मरीज को बिना लिवर ट्रांसप्लांट किये वेंटिलेटर से बाहर निकाल लिया गया। इस जानलेवा बीमारी से बच्चे की जान बचाने में मैरिंगो एशिया अस्पताल के पेट एवं लिवर रोग



विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. संजय कुमार और डॉ. निखिल का भी विशेष योगदान रहा। स्वस्थ होने पर मरीज को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। दूषित खाने एवं पानी के कारण होने वाली बीमारियां हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से ग्रस्त 8-10 मरीज हर महीने अस्पताल में आ रहे हैं।

डॉ. बीर सिंह सहरावत ने कहा कि यह केस काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि धीरे-धीरे मरीज का पीलिया बढ़ रहा था और दिमाग में सूजन भी थी। लिवर फेल होने के कारण मरीज की किडनी भी प्रभावित हो रही थी और पेशाब भी कम आ रहा था। उसकी हालत बिगड़ती जा रही थी इसलिए उसे वेंटिलेटर पर भी रखना पड़ा। लिवर पर हेपेटाइटिस ए वायरस के अटैक के कारण मरीज की हालत में इतनी ज्यादा गिरावट आ गई कि एक टाइम पर लगा कि बिना लिवर ट्रांसप्लांट किए मरीज को बचाना मुश्किल होगा। दरअसल जिन बच्चों को दूषित पानी या भोजन के सेवन से हेपेटाइटिस ए का इंफेक्शन होता है, इस इंफेक्शन के कारण उनका लिवर खराब हो जाता है और उनके बचने के संभावना बहुत कम होती है। जो बच्चे बच पाते हैं वे केवल लिवर ट्रांसप्लांट की बदौलत बच पाते हैं। सौभाग्य से इस मामले में 10-15 दिन के कड़े संघर्ष के बाद दवाओं से ही बच्चा ठीक हो गया और लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत ही नहीं पड़ी।

सलाह : बाहर का तला हुआ, अधपके खाद्य पदार्थ के सेवन से बचें, क्योंकि ये चीजें बहुत ज्यादा दूषित हो सकती हैं और इनमें विभिन्न प्रकार के वायरस और बैक्टीरिया मौजूद हो सकते हैं, जो शरीर को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। कई बार जानलेवा भी हो सकते हैं। अगर आपको कोई भी स्वास्थ्य समस्या होती है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत योजनाओं का फायदा उठा रहे लाभार्थी

## विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने गांव चांदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को दिलाई संकल्प शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**विधायक** हथीन के प्रतिनिधि सतीश डागर ने बतौर मुख्यातिथि गुरुवार को गांव चांदपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गांव में पहुंचने पर संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई।

विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक पात्र व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने से यदि कोई व्यक्ति अछूता रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र ने प्रदेशवासियों को अलग पहचान दिलाई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व आसान तरीके से मिल रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि सतीश डागर ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभपात्र महिलाओं को गैस चूल्हे वितरित किए और इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह व बच्चों सहित कलाकारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में गांव आदूपुर (यादूपुर) में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए पलवल ब्लॉक पंचायत समिति के चेयरमैन भगत सिंह घुघेरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में



समाज के अंतिम व्यक्ति को विकास की पंक्ति में सबसे आगे खड़ा करना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूरा करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। समाज के अंतिम से अंतिम व्यक्ति का विकास कर उसे समाज की मुख्यधारा में शामिल करना सरकार का ध्येय है। इस दौरान चेयरमैन ने प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत महिला लाभार्थी को गैस चूल्हा भी भेंट किया। इसी प्रकार गांव गदपुरी व सोफ्ता में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉलों तथा कृषि विभाग के नमो दीदी ड्रोन का भी अवलोकन किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी, एनीमिया आदि की जांच, निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रिड द्वारा परिवार पहचान पत्र संबंधी सेवाओं के लिए हेल्प डेस्क, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई, बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टॉल, ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को प्रदर्शित किया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात लोगों के साथ सांझा की। सूचना जनसंपर्क भाषा एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान कर उपस्थित लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी, जैंदापुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य जगबीर सिंह, गांव चांदपुर के सरपंच रूपेश यादव, आदूपुर सरपंच लाल सिंह, राम निवास, गोविंदराम, सहित महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, युवा, विभागीय कर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जीवन ज्योति स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**पलवल।** जीवन ज्योति स्कूल पलवल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक विरेंद्र गहलौत रहे। प्रबंधक ने नर्सरी कक्षा के नन्हे-छात्र-छात्रों के साथ खेल प्रतियोगिताओं के लिए रिबन काटवा कर खेलों का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से नर्सरी कक्षा की छात्रा दीप्ति ने मुख्य अतिथि के साथ रिबन काट कर सभी को मंत्रमुग्ध कर अपने साथी छात्र-छात्राओं के साथ दो दिवसीय खलों का विगुल बजाया। स्पोर्टस में भाग लेने वाले वाले छात्र-छात्राओं में निखिल हर्ष प्रताप नर्सनी कक्षा प्रथम स्थान, दीप्ती नेंसी द्वितीय स्थान तथा गोरस युग तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी से तन्वी, ध्रुव, डिंपल, देवांक, धनुष्का प्रथम स्थान, साक्षी आर्यन द्वितीय स्थान, साक्षी, भव्य तृतीय स्थान पर रहे। वहीं यूकेजी से कनिका, वनिष्का प्रथम स्थान, गर्व, अभय द्वितीय स्थान तथा आरव व कनक तृतीय स्थान पर रहे। स्पोर्ट्स गेम्स का संचालन वरिष्ठ डीपी हरिश कुमार, सुनिता चौधरी, हितेष कुमार द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर सभी का उत्साह बढाया और भविष्य में खेल के महत्व का वर्णन कर छात्र-छात्राओं महत्वपूर्ण जानकारी को सांझा किया। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, अशोक गहलौत ने भी सभी भाग लेने वाले छात्रों को बधाई दी तथा उनका खेलों के प्रति मनोबल बढ़ाया।

## किसान जमा करवाएं फसल अवशेष प्रबंधन के आवेदन



**पलवल।** कृषि उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल ने बताया कि हरियाणा सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत किसानों को पराली में आग न लगाने तथा पराली का खेत के अंदर व खेत के बाहर (इन-सीटू, एक्स-सीटू) प्रबंधन करने पर एक हजार रुपए प्रति एकड़ का अनुदान दिया जाना है। इसके लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि जिला पलवल में 18803.72 एकड़ रकबे का एक हजार 349 किसानों द्वारा पंजीकरण करवाया गया है। फसल अवशेष प्रबंधन में किए गए आवेदनों को सत्यापित करने के लिए उपायुक्त द्वारा ग्राम स्तरीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें ग्राम सचिव, पटवारी तथा कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा आवेदनों का सत्यापन किया जाना है। हरसेक द्वारा प्राप्त लोकेशनों के साथ-साथ यदि किसी किसान द्वारा अपने खेतों की पराली में आग लगाई गई होगी, तो ऐसे आवेदनकर्ता के आवेदनों को गठित की गई टीम द्वारा निरस्त कर दिया जाएगा। कृषि उप निदेशक डॉ. बाबूलाल ने सभी से आह्वान किया है कि सभी आवेदक किसान अपने आवेदनों को गठित टीम के सदस्यों द्वारा सत्यापित करवाकर अपने-अपने खंड कृषि कार्यालय में जमा कराएं, जिससे सभी को जल्द से जल्द सरकार की योजना के अनुसार लाभान्वित किया जा सके।

## उद्योगपति की बीमा पॉलिसी बढ़वाने का झांसा दे 22 लाख ठगे

**फरीदाबाद।** ठगों ने एक मामले में उद्योगपति की बीमा पॉलिसी को बढ़ाने का झांसा देकर तो दूसरे शहरवासी को टेलीग्राम एप का लिंक भेजकर दोनों के खाते से 22 लाख रुपए साफ कर दिए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। जयबीर सिंह रावत ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह उद्योग चलाते हैं। इसमें फ्रेबिकेशन का काम होता है। इन्होंने वर्ष 2021 से 2022 तक अलग-अलग कंपनियों में बीमा पॉलिसी करा रखी हैं। 11 अगस्त 2023 को उन्हें मोबाइल पर एक कॉल आई। जिसने अपना नाम विवेक कश्यप, जीवन बीमा लोकपाल अधिकारी (हैदराबाद ब्रांच) बताया। उसने कहा आपने जो जीवन बीमा की पॉलिसियां करा रखी हैं। उन पर मैच्योरिटी के 18 लाख रुपए दिला देंगे। इसके लिए आपको रजिस्ट्रेशन फीस के 25,500 रुपए जमा करने होंगे। बाद में यह रकम वापस कर दी जाएगी। उद्योगपति ने बताया ठग ने 24 अगस्त को फोन कर कहा कि रजिस्ट्रेशन फीस 25,500 रुपए अभी जमा नहीं किया है, जबकि वह उसके बताए हुए अकाउंट में पैसे भेज चुके थे। ठग ने वेरिफिकेशन चार्ज के नाम पर कुल 4,17,068 रुपए ठग लिए। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य का दावा है कि जनवरी से अभी तक ठगी के कुल 141 मामले दर्ज किए गए है। इनमें से 97 मामलों को सुलझाते हुए 317 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## नेत्रदान से दृष्टिहीन के अंधेरे जीवन में रोशनी भर सकते हैं



**पलवल।** हर इंसान चाहता है कि जीवन मे ऐसा कुछ करे कि मरने के बाद भी लोग उसे याद करे, ऐसा ही पुण्य का कार्य करके पलवल निवासी, मुकेश जैन अमर हो गये। उनकी इच्छा अनुसार उनकी पत्नी नीलम जैन पुत्रों अभिषेक व गौरव नें उनके नेत्र पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज की मदद से नागरिक अस्पताल पलवल की नेत्रदान टीम को दान करवा दिये। पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक विकास मित्तल ने बताया कि इस नेत्रदान में पलवल डोनर्स क्लब की सहसंयोजक अल्पना मित्तल, कपिल गर्ग, मानव गर्ग, निधि गर्ग, हेमंत गुप्ता आदि का विशेष सहयोग रहा। गत दिवस पलवल स्थित पंचवटी धाम में नेत्रदाता परिवार को महामंडलेश्वर महंत कामता दास और महंत श्रषिदास ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महंत कामता दास ने नेत्रदानी परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेत्रदान महादान है। इससे बड़ा कोई दान नहीं है। हम इससे किसी दृष्टिहीन के अंधेरे जीवन में रोशनी भर सकते हैं। विकास मित्तल और अल्पना मित्तल ने भी नेत्रदानी परिवार का धन्यवाद करते हुए बताया कि गत दिनों नीलम जैन ने अपने पिता रमेशचंद गुप्ता का देहदान भी किया था। नेत्र दान में मृत्यु के बाद व्यक्ति के कॉर्निया को दान किया जाता है। जिसका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनकी दृष्टि वापस पाने में मदद करना है। इस अवसर पर परिवार के सदस्यों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति समाजसेवी घनश्याम गोयल, विक्रम वशिष्ठ, राजकुमार आदि सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सीएम विंडो की शिकायतों का समयावधि में करें निपटारा

**पलवल।** सरल पोर्टल, जनसंवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निर्धारित समयावधि में निपटारा सुनिश्चित किया जाए तथा सरल पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी तय समय सीमा में सेवाएं प्रदान की जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगराधीश द्विजा जिला सचिवालय के सभागार में सरल पोर्टल, जनसंवाद, सीएम विंडो व एसएमजीटी की समीक्षा बैठक करते हुए विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहीं थी। उन्होंने कहा कि इनमें किसी भी प्रकार की देरी के लिए विभागीय अधिकारी स्वयं जिम्मेवार होंगे। सरकार द्वारा सरल पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इनके लिए सरकार द्वारा सेवा का अधिनियम के तहत समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी अधिकारी इस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्धारित अवधि में आवेदकों को सेवाओं का लाभ प्रदान करें। निर्धारित अवधि के बाद आस अर्थात ओटोमैटिक अपील सिस्टम के माध्यम से यह शिकायत उच्च अथॉरिटी के पास अपील में चली जाती है।

# संकट में 'इंडिया'

## कांग्रेस रक्षात्मक

**विपक्षी गठबंधन 'इंडिया'** संकट में है क्योंकि कुछ क्षत्रप अपने वर्चस्व की मांग कर रहे हैं और कांग्रेस रक्षात्मक है। लगता है कि कांग्रेस की विश्वसनीयता व उसके प्रति सद्भावना में गिरावट आ रही है। हालिया विधानसभा चुनावों में तीन राज्यों में हार के बाद 'इंडिया' में उसके साझीदार उतनी सज्जनता तक नहीं दिखा रहे हैं जिसकी कांग्रेस आदी हो गई है। राज्य चुनावों में व्यस्तता के कारण अपनी सहयोगी पार्टियों से ज्यादातर संबंध तोड़ने के बावजूद वह दयनीय रूप से विफल हुई। चुनावों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को 'इंडिया' गठबंधन की एक बैठक बुलाई, पर गठबंधन के प्रमुख साझीदारों ने अचानक निमंत्रण मिलने पर अनेक बहाने बनाये और अपनी अनुपलब्धता बता दी। इससे मजबूर होकर कांग्रेस को बैठक टालनी पड़ी। प्रमुख व्यक्तियों की अनुपस्थिति ने गठबंधन में बढ़ता असंतोष रेखांकित किया है। इनमें टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी, जदयू के नीतीश कुमार, सपा के अखिलेश यादव तथा द्रमुक के एम.के. स्टालिन शामिल हैं। बताया गया कि ममता बनर्जी के अन्य कार्यक्रम थे, नीतीश कुमार को वाइरल बुखार था और स्टालिन समुद्री तूफान माचुंग के बाद राहत प्रयासों में व्यस्त थे। इन लोगों की अप्रत्याशित अनुपस्थिति ने कांग्रेस को विचित्र स्थिति में डाल दिया। संवाद और समन्वय की कमी से स्पष्ट होता है कि कांग्रेस गठबंधन का ठीक से प्रबंधन नहीं कर पा रही है। असंतोष को देखते हुए कांग्रेस ने बैठक का स्तर गिरा कर केवल सदन में नेताओं तक कर दिया तथा पार्टी प्रमुखों की बैठक दिसंबर के तीसरे सप्ताह तक टाल दी। इस कदम का उद्देश्य गठबंधन नेताओं की व्यवस्तता को देखते हुए बेहतर सहभागिता सुनिश्चित करना था, हालांकि शुरुआत से ही इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी। लेकिन बैठक टालने से संकेत मिलता है कि कांग्रेस को गठबंधन प्रबंधन तथा परस्पर संवाद का पुन: मूल्यांकन करना चाहिए।



यह कांग्रेस के लिए कठिन समय है। पार्टी की पराजय का 'इंडिया' गठबंधन पर भी निराशाजनक प्रभाव पड़ना निश्चित है। गठबंधन की चुनावों पर गहरी नजर थी और वह उत्तर भारत में परिस्थितियों में आमूल परिवर्तन की उम्मीद कर रहा था। इस घटनाक्रम ने यह संकेत भी दिया है कि भले ही राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' ने अच्छा असर डाला था, पर वह वोटों में नहीं बदल सका है। वास्तव में गठबंधन में दरारें चुनावों के पहले ही दिखने लगी थीं। गठबंधन में शामिल अनेक पार्टियों ने विधानसभा चुनावों के नाम पर सीट-साझा जैसी गठबंधन गतिविधियों में कांग्रेस द्वारा बाधा डालने पर अप्रसन्नता प्रकट की थी। इनमें टीएमसी, आप, सपा और जदयू शामिल हैं। इस विलम्ब के कारण गठबंधन की एकजुटता व उसकी प्रभावशीलता पर सवाल उठने लगे थे। कुछ गठबंधन सहयोगियों का मानना था कि पिछली बैठकों से बनी राजनीतिक गतिशीलता समाप्त हो गई थी। कांग्रेस को वर्तमान मतभेदों तथा विधानसभा चुनावों में ईवीएम छेड़छाड़ संबंधी विवाद जैसे मुद्दों को संबोधित करते हुए गठबंधन का स्थायित्व व उसकी प्रभावशीलता बहाल करने के प्रयास करने चाहिए ताकि राजनीतिक संघर्ष को आगे बढ़ाया जा सके। 'इंडिया' नेताओं की पुन: निर्धारित बैठक कांग्रेस को एक अवसर देती है कि वह एकजुटता स्थापित कर गठबंधन सहयोगियों से संवाद स्थापित करे तथा गठबंधन की एकता व लक्ष्य मजबूत करे। यह विपक्षी समूह 'इंडिया' की यह सिद्ध करने के लिए कठोर परीक्षा होगी कि उसमें एकसाथ बने रहने की क्षमता है या नहीं।

# भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश

**भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की गति धीमी होना चिन्ता का विषय है। इसका कारण यह है कि बहुराष्ट्रीय निगम अन्य प्रतिस्पर्धियों को ज्यादा आकर्षक समझ रहे हैं।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखक, उद्योग संगठन से संबद्ध हैं)



इस वर्ष की दूसरी तिमाही में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो आर्थिक वृद्धि का सकारात्मक संकेत है। लेकिन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई में तेजी से गिरावट चिन्ता का विषय है। यह खासकर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत को हाल ही में चीन का वैकल्पिक निवेश लक्ष्य माना जा रहा था। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष-आईएमएफ और विश्व बैंक द्वारा भारत की वृद्धि के सकारात्मक अनुमानों के बावजूद ऐास होना खास चिन्ता का विषय है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार प्रोत्साहन विभाग-डीपीआईआईटी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार एफडीआई प्रवाह में भारी कमी आई है। एफडीआई प्रवाह में कमी से स्थिति और खराब हुई है क्योंकि अप्रैल-सितंबर, 2023 में इसमें 24 प्रतिशत की और कमी आई है। वर्तमान एफडीआई प्रवाह 20.48 बिलियन डालर है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 26.91 बिलियन डालर था। यहां तक कि 2022-23 में सकल एफडीआई प्रवाह में 16 प्रतिशत कमी आई थी, जो 2021-22 में 84.8 बिलियन डालर से घट कर 71.3 बिलियन डालर रह गया था।

एफडीआई में सबसे तेज गिरावट महत्वपूर्ण क्षेत्रों, जैसे कंप्यूटर साफ्टवेयर व हार्डवेयर, आटोमोबाइल, ढांचागत निर्माण गतिविधियों तथा धातु खनन उद्योगों में आई है। उदाहरण के लिए, कप्यूटर साफ्टवेयर व हार्डवेयर में 2021-22 में एफडीआई 14.4 बिलियन डालर से घट कर 2022-23 में 9.3 बिलियन डालर रह गया, आटोमोबाइल उद्योग में यह 6.9 बिलियन डालर से घट कर 1.9 बिलियन डालर, ढांचागत निर्माण गतिविधियों में 3.2 बिलियन डालर से घट कर 1.7 बिलियन डालर तथा धातु खनन उद्योगों में 2.2 बिलियन डालर से घट कर 2.19 बिलियन डालर रह गया।

भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई कम होना चिन्ता का कारण इसलिए है कि बहुराष्ट्रीय निगम-एमएनसी वियतनाम, इंडोनेशिया व अन्य प्रतियोगियों को ज्यादा आकर्षक मान रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि एमएनसी की 'चाइना प्लस वन' रणनीति भारत के लिए कारगर नहीं है। इस वर्ष जनवरी-सितंबर में वियतनाम में एफडीआई प्रवाह पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत बढ़ कर 18 बिलियन डालर पहुंच गया। इंडोनेशिया में एफडीआई प्रवाह इस वर्ष जनवरी-सितंबर में 10 बिलियन डालर रहा जो पिछले साल इसी अवधि के समान है। देशों में पूंजी प्रवाह को प्रभावित करने वाले कारणों में वैश्विक व घरेलू मैक्रोइकोनामिक परिवेश, घरेलू नीतियां व नियामक परिवेश तथा राजनीतिक स्थिरता हैं। चूंकि भारत को 'चाइना प्लस वन' रणनीति से भारी लाभ होने की आशा थी, इसिलए नीति निर्माताओं को इन एफडीआई प्रवृत्तियों पर खास तौर से ध्यान देना चाहिए। सभी जानते हैं कि एफडीआई प्रवाह उन देशों में ज्यादा होता है जहां व्यापक व गहन व्यापार समझौते होते हैं। मुक्त व्यापार समझौतों-एफटीए के माध्यम से कम टैरिफ व अन्य लाभ विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करते हैं। इसलिए भारत में एफडीआई में कमी इनका परिणाम हो सकता है। इस मुद्दे को संबोधित करने के लिए देश की संभावनाओं का व्यापक आंकलन जरूरी है। भारत स्वाभाविक रूप से उन कंपनियों का विकल्प है जो चीन के साथ ही विविधता को बढ़ावा देना चाहती हैं। यदि भारत सरकार की पीएलआई योजना शक्तिशाली होती और यह चीन प्लस वन का 'वन' होती तथा यदि भारत के विकास परिवेश का ठोस आधार होता तो भारत में एमएनसी निवेशकों की लंबी कतार होती। अनिश्चित बिजनेस परिवेश या असमान स्थितियों या नियमों में मनमाने परिवर्तनों की आशंका से संभावित निवेशक भारत में निवेश करने से कतरा सकते हैं।

अधिक राज्यों को एफडीआई के दायरे में लाया जाना चाहिए। एफडीआई की संभावनाओं को भारतीय राज्यों को समझाने की जरूरत है। अपनी स्थिति व उपयुक्त बिजनेस परिवेश के कारण एफडीआई भारत के कुछ ही राज्यों में आता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात ने देश में कुल एफडीआई का 69 प्रतिशत आकर्षित किया है जिसमें महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। लेकिन यह निराशाजनक है कि पंजाब एफडीआई आकर्षित करने में 12वें स्थान पर है। यहां पिछले चार साल में केवल 7,693 करोड़ रुपये एफडीआई आया है जो 2019 अक्टूबर से सितंबर 2023 के बीच आए कुल 15.08 लाख करोड़ रुपये का केवल 0.49 प्रतिशत है। इसके उलट पड़ोसी हरियाणा राज्य ज्यादा सफल रहा है। वहां इसी कालखंड में 67,502 करोड़ रुपये एफडीआई निवेश आया है जो कुल का 4.17 प्रतिशत है। पंजाब की कई सरकारों ने निवेशकों व खासकर विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के प्रयास किए हैं, पर उनको अनेक बड़ी बाधाओं का सामना करना पड़ा। इनमें भौगोलिक स्थिति का नुकसान, खराब कनेक्टिविटी तथा बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शन शामिल हैं। पंजाब के वर्तमान उद्योगों को भी शिकायत है कि उपरोक्त मुद्दों के कारण उनकी कार्रवाइयों व आवागमन में बाधायें आती हैं। इस संबंध में हरियाणा काफी आगे है क्योंकि वह दिल्ली एनसीआर के निकट है तथा वहां कनेक्टिविटी बहुत अच्छी है।

समय आ गया है कि एफडीआई आकर्षित करने के लिए पंजाब अपनी स्थिति मजबूत करे। 2020-21 में यह नवें स्थान पर था और इसने 4,719.45 करोड़ का एफडीआई निवेश आकर्षित किया था जो मुख्यत: खाद्य प्रसंस्करण, आटो पुर्जों, इंजीनियरिंग वस्तुओं व टेक्सटाइल में था। इसके बाद से पंजाब में घटता एफडीआई चिन्ता का विषय है। इसलिए राज्य को बिजनेसों व निवेशकों के लिए ज्यादा बेहतर परिवेश तैयार करने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं को बढ़ावा देना चाहिए। इससे ज्यादा एफडीआई आकर्षित होगा तथा अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों पर वार्ता व उन पर हस्ताक्षर करने के बावजूद भारत यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता करने या रीजनल कांप्रीहेंसिव इकोनोमिक पार्टनरशिप-आरसीईपी देशों का हिस्सा बनने से विफल रहा है जिसमें चीन, इंडोनेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। आशियान के 10 सदस्य देशों के बीच व्यापार समझौते ने इन देशों के बीच आर्थिक समन्वय बढ़ाया है जिससे वे विनिर्माण सप्लाई श्रृखंलाओं में महत्वपूर्ण स्थान पर हैं।

इन देशों में आस्ट्रेलिया, चीन, जापान, न्यूजीलैंड व दक्षिण कोरिया शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप भारत इन समझौतों से बाहर है और इन क्षेत्रों से गुजरने वाली सप्लाई श्रृंखलायें हमारी विनिर्माण परिस्थितिकी के लिए नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। वर्तमान परिस्थितियों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई को भारत की अर्थव्यवस्था में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश-एफपीआई की तुलना में ज्यादा महत्व दिया जाना चाहिए। भारत को ढांचागत सुधार करने, भ्रष्टाचार दूर करने तथा नौकरशाही व लाल फीताशाही घटाने के लिए ज्यादा तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। इससे उसकी स्थिति मजबूत होगी और वह एफडीआई आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण निवेश स्थल बन सकेगा।

भारत ने अपनी एफडीआई नीति में एक नकारात्मक सूची दृष्टिकोण अपनाया है। इसमें केवल वे क्षेत्र और गतिविधियां ही शामिल हैं जहां विदेशी निवेश नियंत्रित है। इस दस्तावेज में शामिल क्षेत्रों में ही स्वचालित विधि से 100 प्रतिशत एफडीआई आमंत्रित किया जा सकता है। निवेशकों के लिए उदार व आकर्षक नीति के साथ ही उपयुक्त बिजनेस परिवेश तथा छोटे नियामक ढांचे से ज्यादा एफडीआई प्रवाह सुनिश्चित हो सकता है। लेकिन केवल इतना ही काफी नहीं है। भारत को इसके साथ ही ऐसी मजबूत व्यापार नीति की जरूरत है जो निर्यात को प्रोत्साहित करे, समावेशी विकास को बढ़ावा दे तथा विनिर्माण क्षेत्र में आरएंडडी को प्रोत्साहन देकर पूरी परिस्थितिकी को वैश्विक रूप से प्रतियोगी बनाए।

ऐसा करने पर ही भारत बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई आकर्षित कर सकता है।

# इस्पात उद्योग में कृत्रिम बुद्धि की भूमिका

> "एआई के अनुकूलन का संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इस्पात विनिर्माण पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है।"

**आलोक सहाय**
(लेखक, भारतीय इस्पात संघ के महासचिव हैं)



प्रौद्योगिकी निरंतर विकसित हो रही है। हालांकि जीवन के सभी क्षेत्रों में तीव्र तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बिठाना कठिन हो जाता है, लेकिन उन्हें छूट देना भी उतना ही कठिन है क्योंकि ये अत्यधिक मूल्य-वृद्धि करने वाले होते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी तकनीक है। सामान्य तौर पर विनिर्माण क्षेत्र और विशेष रूप से इस्पात क्षेत्र उत्पादकता, स्वास्थ्य और सुरक्षा में सुधार, परिचालन लागत को कम करने और अनगिनत अन्य परिचालन और कार्यात्मक लाभ प्राप्त करने के लिए एआई को अपने दैनिक कार्यों में एकीकृत कर रहे हैं। जो ऐसा नहीं करेंगे उनका अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा।

विकासशील देश या ग्लोबल साउथ में, टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए स्टील की सस्ती उपलब्धता एक पूर्व कड़ी है। चूंकि निकट भविष्य में स्टील बनाने के लिए कच्चा माल किफायती होने की संभावना नहीं है, इसलिए आधुनिक विघटनकारी प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं को अपनाना ही एकमात्र रास्ता है। अनुमान बताते हैं कि इस्पात निर्माण की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में एआई का उचित अनुकूलन 60 और .100 प्रति टन के बीच बचा सकता है। इसके अलावा, लखनऊ में हाल ही में संपन्न आईएसए स्टील इंफ्राबिल्ड शिखर सम्मेलन से एक महत्वपूर्ण बात यह निकली कि आर्किटेक्चर में एआई का उपयोग इंजीनियरों और वास्तुकारों को स्टील संरचनाओं को अधिक कुशलता से डिजाइन, योजना और निर्माण करने में सक्षम करेगा, जिसके परिणामस्वरूप उचित अर्थशास्त्र और और अचल संपत्ति बुनियादी ढांचे में बचत होगी। इस्पात क्षेत्र में, एआई को अनुसंधान एवं विकास और नवाचार से लेकर खरीद, विनिर्माण और बैक-ऑफिस प्रक्रिया डिजिटलीकरण से लेकर आपूर्ति-श्रृंखला इन्वेंट्री, विपणन और अन्य चीजों में अपनाया जा सकता है। इन सभी से तीन वर्षों में 60 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी 5-10 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

रखरखाव, हमेशा की तरह, एक कठिन कार्य है। प्रत्येक विनिर्माण इकाई की रखरखाव योजना उसकी विशिष्टताओं के अनुरूप होती है। एआई का उचित कार्यान्वयन और उपयोग रखरखाव के सटीक समय की भविष्यवाणी करने में मदद कर सकता है, जिससे शटडाउन समय कम हो सकता है, रखरखाव लागत में कटौती हो सकती है और मशीनरी का जीवनकाल बढ़ सकता है। भारतीय इस्पात उद्योग एआई को सबसे पहले अपनाने वाला देश रहा है।

एआई के अनुकूलन का संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में इस्पात विनिर्माण पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है। कोक ओवन प्लांट, सिंटर प्लांट, ब्लास्ट फर्नेस, निरंतर ढलाईकार और रोलिंग सहित अन्य में, एआई के कार्यान्वयन से 1-2त्न उपज में सुधार से लेकर गुणवत्ता हानि में 50-80त्न की कमी तक कई लाभ होते हैं। ऊर्जा खपत में भी लगभग 10त्न का सुधार हुआ। स्वायत्त या अर्ध-स्वायत्त डेटा या सामग्री परीक्षण भी भविष्यवाणियों और अनुशंसाओं को आसान बनाता है। बिक्री और उत्पादन डेटा के एकीकरण से राजस्व प्रबंधन और ग्राहक संतुष्टि में सुधार होता है। सटीक डेटा के साथ, बाजार डेटा और मूल्य में उतार-चढ़ाव की भविष्यवाणी करने की एआई की क्षमता निर्माताओं को उत्पादन समायोजित करने, इन्वेंट्री प्रबंधित करने और बदलती बाजार स्थितियों पर तेजी से प्रतिक्रिया करने में मदद करती है। सुरक्षा बढ़ाना भी एक अन्य आवश्यक पहलू है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि दुनिया भर के स्टील निर्माता व्यावसायिक आवश्यकताओं की तेजी से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एआई को अपना रहे हैं। यह बुद्धिमान विनिर्माण का युग है। स्टील-उत्पादक स्मार्ट फैक्ट्री होने की बात तो दूर, बुद्धिमान विनिर्माण में यह सब शामिल है - एक एकीकृत बुद्धिमान आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से उत्पादन से लेकर कच्चे माल की सोर्सिंग और उत्पादों के विपणन तक।

इस्पात की खपत एक अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य को प्रतिबिंबित करती है। एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखते हुए, भारत को वैश्विक इस्पात खपत औसत के बराबर पहुंचने के लिए मीलों चलना होगा। भवन, निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र भारत में सभी इस्पात का लगभग 70 प्रतिशत उपभोग करता है। इस्पात क्षेत्र की वृद्धि काफी हद तक बुनियादी ढांचा क्षेत्र से निकलने वाली मांग पर निर्भर करेगी। जबकि एआई अनुकूलन से इस्पात क्षेत्र को लाभ होगा, बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एआई को लागू करने से क्षेत्र की विशिष्ट जरूरतों का आकलन करने में मदद मिलेगी - जैसे कि लागत प्रभावी उच्च शक्ति वाले इस्पात संरचना-आधारित डिजाइनों की पहचान करना और दर्जी-निर्मित उत्पादों की पेशकश करना।

इस्पात और बुनियादी ढांचा क्षेत्र दोनों में अनुकूलन एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। प्रयोग की मानसिकता और सकारात्मक बदलाव लाने के दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है। एआई के साथ, अंतिम लक्ष्य समय के साथ प्रदर्शन में सुधार करने के लिए सॉफ्टवेयर और प्रक्रियाओं से जुड़ी एक स्वचालित और गैर-पर्यवेक्षित प्रक्रिया को लागू करना है। हालाँकि, मानव पूंजी का कोई विकल्प नहीं है, और एक बार एआई के साथ एकीकृत होने के बाद, यदि इसका उपयोग मानव जाति और ग्रह पृथ्वी के लाभ के लिए किया जाता है तो यह चमत्कार करेगा। यह आशंका निराधार है कि एआई नौकरियों को विस्थापित कर देगा। हालांकि, नौकरी की गतिशीलता बदल जाएगी, जिसके लिए डिजिटल कौशल वाले जनशक्ति की आवश्यकता होगी। यह मौजूदा कर्मचारियों के कौशल को बढ़ाने की भी गारंटी देता है। एआई को लागू करने के लिए चरण-दर-चरण दृष्टिकोण सबसे अच्छा है। पहली सीख से निम्नलिखित पंक्ति पर निर्माण करने से सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। देश में विभिन्न इस्पात विनिर्माण इकाइयों में सैकड़ों एआई मॉडल उपयोग में हैं। आने वाले दिनों में परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी का उपयोग और बढ़ेगा। हमें परिवर्तनों के अनुरूप ढलने के लिए तैयार रहना होगा।

# आप की बात

## चुनाव नतीजों के संकेत

**विधानसभा चुनाव** परिणामों से स्पष्ट संकेत है कि देश में केवल दो पार्टी- भाजपा व कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी लड़ाई में दिखाई पड़ती हैं। उत्तर भारत की राजनीति में क्षेत्रीय पार्टियों का वजूद घट रहा है। राष्ट्रीय दर्जा प्राप्त बसपा का भी ग्राफ काफी नीचे गिरा है। इसी तरह सपा, रालोद, जजपा, आजाद समाज पार्टी, कांग्रेस जनता छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, आदि का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। राजस्थान में बसपा केवल 2 सीटें जीत पाई, जबकि पिछली बार उसे 6 सीटें मिली थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में बसपा को राजस्थान में 6, मध्य प्रदेश में 2 और छत्तीसगढ़ में 2 सीटें मिली थीं। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती ने इन चुनाव परिणामों को आश्चर्यजनक व रहस्यमय बताया है। ऐसा विश्लेषण किसी भी क्षेत्रीय या राष्ट्रीय पार्टी के लिए ठीक नहीं है। गैर-भाजपा दलों को अपना आत्मावलोकन कर देखना चाहिए कि आखिरकार मतदाता उनको छोड़ कर भाजपा की ओर क्यों आकर्षित हो रहे हैं। खासकर बसपा को उत्तर प्रदेश में अपने सर्वजन प्रयोग के भयावह परिणामों का विश्लेषण करना चाहिए था, पर इसकी कोई संभावना नजर नहीं आती है। ऐसे में भाजपा और मोदी की लोकप्रियता बढ़ना तय है।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

## पन्नू की धमकी

**गुरु पतवंत सिंह पन्नू** द्वारा 13 दिसंबर को भारतीय सदन संसद पर हमला करने की धमकी बहुत ही गंभीर है। भारत सरकार ने इस धमकी को देखते हुए व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। हालांकि उसकी यह धमकी गीदड़ भभकी ही अधिक लगती है। हाल ही में अमेरिका की पुलिस ने पन्नू की हत्या के लिए एक भारतीय अधिकारी पर सुपारी देने का आरोप लगाया था। अमेरिका ने भारत को इसके बारे में कुछ सबूत दिए हैं, भारत उनकी जांच कर रहा है तथा अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस पर संतोष जताया है। ऐसे में पन्नू के इस आतंकवादी बयान के खिलाफ अमेरिका को फौरन कार्रवाई कर उसे तत्काल गिरफ्तार करना चाहिए। यह निश्चित रूप से अमेरिका के मित्र भारत के खिलाफ शत्रुतापूर्ण कार्रवाई है जिससे दोनों देशों के संबंध प्रभावित हो सकते हैं। भारत सरकार को भी भारतीय अदालत में धमकी वाले वीडियो का सबूत पेश कर उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करवाने के साथ-साथ इंटरपोल को सूचित करना चाहिए। भारत सरकार को अमेरिका के साथ उच्च राजनयिक स्तर पर भी यह मामला उठाना चाहिए।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## आनलाइन ठगी

**केंद्र सरकार** ने संगठित अवैध निवेश व अंशकालिक नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली सौ से अधिक वेबसाइटों को बंद करने का निर्णय लिया है। सरकार का यह बहुत सराहनीय प्रयास है। आजकल साइबर धोखाधड़ी के मामले बहुत बढ़ रहे हैं। अनेक युवा अंशकालिक नौकरी पाने के लिए तरह-तरह की वेबसाइटों में आमदनी का साधन ढूंढ रहे हैं। बहुत से अन्य लोग भी अतिरिक्त आमदनी के लिए इस तरफजा रहे हैं। ऑनलाइन ठग इनसे पैसे वसूल कर नौकरी का झांसा देते हैं और उन्हें अपने जाल में फंसा लेते हैं। ऐसे विज्ञापनों की भरमार रही है जिनमें घर बैठे जॉब, घर बैठे कमाई कैसे करें जैसे शब्दों का इस्तेमाल होता है। उसके बाद वीडियो लाइक, सब्सक्राइब, मैप रेटिंग जैसे काम कराए जाते हैं जिसके लिए कमीशन मिलता है और फिर बाद में उनसे पैसे मांग कर ठगी की जाती है। आशंका है कि इन वेबसाइटों का संचालन विदेश में बैठे लोग कर रहे हैं और इससे कमाया पैसा देश-विरोधी व आतंकी फंडिंग का भी स्रोत हो सकता है। हमें इस बारे में जन-जागरूकता भी फैलानी चाहिए ताकि इस खतरनाक प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके।

-**सुदर्शन सोराड़ी,** नानकमत्ता

## लारेंस पर लगाम

**जयपुर** में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दिनदहाड़े हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य ने ली है। पिछले कुछ वर्षों में गोगामेड़ी की लॉरेंस गैंग के साथ झड़प की खबरें आई थीं। राजपूत नेता ने अपनी जान को खतरा बता कर सुरक्षा की मांग की थी लेकिन उन्हें समुचित मदद नहीं मिली जिसका नतीजा उनकी जघन्य हत्या के रूप में सामने आया जिससे राजस्थान का पूरा राजपूत समाज तथा आम आदमी आक्रोशित है। इससे पहले भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कई नामचीन लोगों की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। कुछ समय से एक्टर सलमान खान को भी जान से मारने की धमकी भी संभवत: इसी गैंग से मिल रही है। लॉरेंस बिश्नोई 2014 से ही तिहाड़ जेल में बंद है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि देश की सब से सुरक्षित जेल से वह अपना गैंग कैसे संचालित कर रहा है? इस प्रकार की खुली गुंडागर्दी करने और जेल से अपराधी गैंग चलाने वाला लारेंस विश्नोई पूरी देश की कानून-व्यवस्था के समक्ष चुनौती बन गया है। अब लारेंस पर लगाम लगाना जरूरी हो गया है।

-**निधि जैन,** गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# एफडीआईआई के जरिए प्रदेश में विदेशी निवेश बढ़ाने पर सरकार का फोकस

● फॉर्च्यून-500 लिस्ट में शामिल कंपनियों से एफडीआई आकर्षित करने के लिए नई सरकार ने एफडीआई पॉलिसी 2023 भी की है लागू



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को देश में निवेश के लिहाज से मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर प्रोजेक्ट कर रही योगी सरकार ने विशेषतौर पर प्रदेश में फॉर्च्यून-500 लिस्ट में शामिल ग्लोबल लीडिंग कंपनियों के निवेश को बढ़ाने के लिए हाल ही में बाकायदा नई फॉरेन डायरेक्ट इनवेस्टमेंट (एफडीआई) पॉलिसी 2023 भी लागू कर दी है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 14 फॉर्च्यून-500 एनलिस्टेड कंपनियों की उपस्थिति है। अब इस संख्या को बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के एक प्रयास के तौर पर प्रदेश में एफडीआई को आकर्षित करने व यूपी को निवेश के लिहाज से देश का मोस्ट फेवरेबल डेस्टिनेशन के तौर पर स्थापित करने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाले वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ)-2023 में योगी सरकार अपना प्रतिनिधिमंडल भी भेजने जा रही है।

अगले वर्ष जनवरी 15 से 19 के बीच डब्ल्यूईएफ में भाग ले रहे इस प्रतिनिधिमंडल में औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल नंदी, वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) मनोज कुमार सिंह व सीएम के सचिव अमित सिंह भी शामिल होंगे। हाल ही में जापान की फूजी सिल्वरटेक कॉन्क्रीट प्राइवेट लिमिटेड वह पहली कंपनी बनी जिसने नई एफडीआई पॉलिसी लागू होने के बाद 1 अरब रुपए से अधिक का नियोजित निवेश किया है। फूजी सिल्वरटेक को विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए यीडा क्षेत्र के सेक्टर-32 में 75 प्रतिशत रियायती दरों पर 20 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। यह स्थान आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) के पास है। इसके अतिरिक्त एक और फॉर्च्यून 500 कंपनी जिसे सब्सिडी वाली जमीन मिलने की उम्मीद है वह सिफी इनफाइनाइट स्पेस है जो सेक्टर-28 में डेटा सेंटर के विकास के लिए काम करेगी। इसी तरह स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में फॉर्च्यून 500 कंपनियों के लीडर्स के साथ मुलाकात करके सीएम योगी का प्रतिनिधिमंडल इन कंपनियों का एफडीआई माध्यम से व्यापक निवेश प्रदेश में आकर्षित कराने की कोशिश करेगा। वहीं अन्य वैश्विक आर्थिक मंचों पर भी उत्तर प्रदेश की व्यापक छवि प्रदर्शित करने की दिशा में भी योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इन प्रयासों में और तेजी लाने के लिए ही उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वैश्विक आर्थिक मंचों पर व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करने व वैश्विक दिग्गज कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने के लिए संपर्क व समन्व्य प्रक्रिया अपना रही है। उत्तर प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षों में विदेशी निवेश आकर्षित करने में बड़ी प्रगति की है। 2001 से 2017 के बीच 17 सालों में जितना विदेशी निवेश उत्तर प्रदेश में आया, उससे करीब चार गुना ज्यादा विदेशी निवेश 2019 से 2023 के बीच सिर्फ पांच सालों में आया। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग व भारतीय रिजर्व बैंक के मुताबिक 2000 से 2017 के बीच उत्तर प्रदेश में सिर्फ 3000 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया जबकि 2019 से जून 2023 के बीच सीधे तौर पर करीब 11000 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। अक्टूबर 2019 से जून 2023 के बीच देश के विभिन्न राज्यों में एफडीआई लिस्ट में उत्तर प्रदेश 11वें स्थान पर आ गया है। उत्तर प्रदेश से ऊपर महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, दिल्ली, तमिलनाडु, हरियाणा, तेलंगाना, झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश ने पंजाब, आंध्र प्रदेश, केरल, मध्य प्रदेश, हिमाचल, बिहार, चंडीगढ़, गोवा और छत्तीसगढ़ समेत 22 राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस आर्थिक वृद्धि को देखते हुए माना जा रहा है कि जल्द ही उत्तर प्रदेश के देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल हो जाएगा। हालांकि देश में आए कुल एफडीआई की अपेक्षा यह केवल 0.7 प्रतिशत था। साल 2014-15 में 679 करोड़ रुपए, 2015-16 में 524 करोड़ रुपए तथा साल 2016-17 में 50 करोड़ रुपए का विदेशी निवेश आया। ऐसे में उत्तर प्रदेश ने इसीलिए एफडीआई पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहा है क्योंकि वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उसे इस अंतराल को पाटना होगा।

## यूपी में 10 कंपनियां करेंगी 1.11 लाख करोड़ का निवेश

● प्रदेश सरकार कर रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के पहले फेज की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशन में प्रदेश सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के प्रथम फेज की तैयारी में जुटी हुई है। फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के बाद अब तक यूपी को 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। वहीं जीबीसी के पहले फेज में सरकार और उद्यमी 13 लाख करोड़ से अधिक के निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार हैं। प्रथम फेज में निवेश के मामले में जिन टॉप 10 कंपनियों की चर्चा हो रही है उनमें टाटा, हीरानंदानी, टस्को, ग्रीनको जैसे दिग्गजों के नाम शामिल हैं। ये कंपनियां प्रदेश के अंदर डेटा सेंटर, रिटेल मार्ट, स्किल डेवलपमेंट और ऊर्जा जैसे सेक्टर में निवेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। जीबीसी के प्रथम फेज में प्रदेश में होने जा रहे सबसे बड़े निवेश की बात करें तो यह एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (हीरानंदानी) ग्रुप की ओर से गौतमबुद्ध नगर में डेटा सेंटर पार्क के निर्माण में होने जा रहा है। 30 हजार करोड़ का ये निवेश यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थापित करने की तैयारी है। वहीं 27 हजार करोड़ से अधिक का निवेश एनटीपीसी लिमिटेड की ओर से किया जाना है। एनटीपीसी प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर में दो संयंत्र स्थापित करने के लिए तैयार है। इनमें एक झांसी में और दूसरा सोनभद्र में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए सोनभद्र के ओबरा में सुपर थर्मल पॉवर प्लांट की स्थापना के लिए यूपी राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि. बोर्ड से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसके साथ ही 17 हजार करोड़ से अधिक की परियोजना ग्रीनको कंपनी की ओर से सोनभद्र में स्थापित होने जा रही है। ऑफ स्ट्रीम क्लोज लूप पंप स्टोरेज परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी प्रकार 8 हजार करोड़ की परियोजना सिफी इनफिनिट स्पेस लिमिटेड की ओर से धरातल पर उतारी जा रही है। ये प्रोजेक्ट आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में है, जिसे नोएडा में डेटा सेंटर की स्थापना हो रही है। ये परियोजना निर्माणाधीन है। इसके अतिरिक्त 7500 करोड़ की परियोजना एम3एम इंडिया प्रा. लिमिटेड की ओर से नोएडा में लगने जा रही है। ये रियल स्टेट की परियोजना है। इसके लिए नोएडा के सेक्टर-94 में 52 हजार वर्ग मीटर भूमि आवंटित की जा चुकी है। साथ ही रेरा से अनुमोदन भी प्राप्त हो चुका है। इसी प्रकार टस्को लिमिटेड की ओर से 1 हजार मेगावाट की माताटीला फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना 6500 करोड़ की भी धरातल पर उतरने को तैयार है। बुंदेलखंड के ललितपुर जिले में इस पार्क की स्थापना होने जा रही है, जिसके लिए सभी अनुमतियां मिल चुकी हैं तथा परियोजना का कार्यान्वयन प्रगति पर है। वहीं बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड की ओर से 6 हजार करोड़ की परियोजना जालौन में धरातल पर उतरने जा रही है। इस परियोजना को भी भारत सरकार की एमएनआरई राष्ट्रीय सौर पार्क योजना के अंतर्गत अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।



सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर अपने सरकारी आवास पर झंडा लगवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## आधा दर्जन आईएएस व 15 आईपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया है। बीते बुधवार की देर रात सरकार ने आधा दर्जन आईएएस और 15 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इनमें चित्रकूटधाम के डीआईजी और अंबेडकरनगर, हाथरस व महाराजगंज जिले के पुलिस कप्तान भी शामिल हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिन आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए है उनमें के.सत्यनारायण का आईजी सीबीसीआईडी से एडीजी सीबीसीआईडी, पवन कुमार को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज से अपर पुलिस आयुक्त प्रयागराज, मो. नेजाम हसन का एसपी नियम एवं ग्रंथ से बीती 22 फरवरी को एसपी पीटीएस मेरठ के पद पर किया गया तबादला निरस्त कर दिया गया है। इसके अलावा अरविंद मिश्र को एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना कानपुर से एसपी यूपी पावर कॉरपोरेशन, लखनऊ, शैलेंद्र कुमार राय एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना आजमगढ़ से एसपी पीटीएस मेरठ में तैनाती मिली है। चंद्र प्रकाश शुक्ला को एसपी सहायता प्रकोष्ठ, लखनऊ से एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना आजमगढ़, विपिन कुमार मिश्र को डीआईजी चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा से डीआईजी पीएसी वाराणसी, भारती सिंह को अपर पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से डीआईजी पीटीएस मेरठ, अजय कुमार सिंह को डीआईजी पीएसी वाराणसी से डीआईजी चित्रकूटधाम, परिक्षेत्र, बांदा, कल्पना सक्सेना को एसपी पीटीएस मुरादाबाद से पुलिस उपायुक्त, गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट, डॉ. कौस्तुभ को एसपी महाराजगंज से एसपी अंबेडकरनगर, सोमेंद्र मीना को अपर पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा से एसपी महाराजगंज, निपुण अग्रवाल को अपर पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद से एसपी हाथरस बनाया गया है। इसी तरह अजीत कुमार सिन्हा को एसपी अंबेडकरनगर से एसपी साइबर क्राइम लखनऊ और देवेश कुमार पांडेय को एसपी हाथरस से सेनानायक 23वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद के पद पर भेजा गया है। जिन आधा दर्जन आईएएस अधिकारियों को बदला गया है उनमें विजय किरन आनंद को प्रभारी महानिदेशक स्कूल शिक्षा से मेला अधिकारी, कुम्भ मेल, प्रयागराज, कंजन वर्मा को महानिरीक्षक, निबंधन से महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, डॉ. रूपेश कुमार को विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग से प्रभारी महानिरीक्षक, निबंधन, उत्तर प्रदेश, सुखलाल भारती को विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा से विशेष सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, अनिल कुमार को अपर खाद्य आयुक्त तथा सचिव सतर्कता आयोग उत्तर प्रदेश से प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां, उत्तर प्रदेश और डॉ. विपिन कुमार मिश्रा को अपर आवास आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद से अपर खाद्य आयुक्त तथा सचिव सतर्कता आयोग, उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है।

## क्षेत्र पंचायतें जरूर कराएं मनरेगा के तहत विकास कार्यः केशव प्रसाद मौर्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के उच्चाधिकारियों व मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि क्षेत्र पंचायतों द्वारा इम्प्लीमेंटिंग एजेन्सी के रूप महात्मा गाधी नरेगा योजनान्तर्गत विकास कार्य जरूर कराए जाएं। इस संबंध में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निर्धारित प्राविधानों तथा शासनादेशो का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समस्त जिलाधिकारियों/ जिला कार्यक्रम समन्वयक-मनरेगा को मनरेगा योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायतों द्वारा कार्य कराए जाने के लिए प्रशासनिकए तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त कर कार्य प्रारम्भ कराए जाने सम्बन्धी जिलों को भेजे गए पत्रों का हवाला दिया गया है। जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि इस सम्बन्ध में शासन द्वारा दिए गए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का फील्ड स्तर पर अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए।

## जल निगम के नए प्रशासनिक भवन का उद्घाटन आज

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव 8 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के नए प्रशासनिक भवन/अमृत वाटिका का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के बाद 'गंगा सम्मान समारोह' का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) मुख्यालय परिसर 06-राणा प्रताप मार्ग लखनऊ में प्रात: 10:30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में जल शक्ति विभाग के राज्य मंत्री रामकेष निषाद और दिनेश खटिक तथा प्रमुख सचिव नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव भी उपस्थित रहेंगे।

## भरण पोषण प्राधिकरणों में कल होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

● वादकारियों के बीच पारस्परिक समझौते के किए जाएं अधिकतम प्रयासः संजय प्रसाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आगामी** 9 दिसम्बर को उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के सभी भरण पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने प्रदेश के समस्त मण्डलायुक्त, जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, सभी पुलिस आयुक्तों, अपर पुलिस महानिदेशक, अभियोजन तथा अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात को सफल आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिए है। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 9 दिसम्बर को प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत किए जाने वाले विभिन्न प्रकरणों यथा समस्त प्रकार के शमनीय आपराधिक मामले, चेक बाउंस से सम्बन्धित धारा 138 का निस्तारण किया जाएगा। एएनआईएक्ट/बैंक रिकवरी के वाद/ मोटर दुर्घटना प्रतिकर/श्रम वाद, बिजली एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, वैवाहिक/पारिवारिक वाद, भूमि अध्याप्ति वाद, सेवानिवृत्ति के परिलाभों सम्बन्धी मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों से सम्बन्धित वाद आदि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किए जाएंगे। प्रमुख सचिव गृह द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि उक्त लोक अदालत की सफलता के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली के अधीन समझौते के आधार पर निपटाए जाने योग्य मामलों, वादों, अपीलों को चिन्हित किया जाए। साथ ही प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में वादकारियों को आदेशिकाओं एवं समन की तामील कराए जाने के सम्बन्ध में व्यवस्थित प्रणाली विकसित की जाए।

## इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### विभिन्न प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टॉल एवं सेल्फी पॉइन्ट बनेंगे

**राष्ट्रीय** मतदाता दिवस-2024 के राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों के संबंध में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरूवार को कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी के सभागार कक्ष में सहभागी संस्थाओं व विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में विभागों को कार्यक्रम से सम्बंधित तैयारियां करने के लिए जिम्मेदारी भी दी गई। 25 जनवरी 2024 को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राज्य स्तर पर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह का मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल द्वारा उद्घाटन प्रस्तावित है।




अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम बार बन रहे युवा मतदाताओं को वोटर आई कार्ड देकर सम्मानित किया जायेगा तथा निर्वाचन के क्षेत्र से संबंधित उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को भी सम्मानित किया जायेगा। समारोह स्थल पर निर्वाचन के गौरवशाली इतिहास से संबंधित प्रदर्शनी लगायी जायेगी तथा ईवीएम/वीवी पैट तथा पंजीकरण/समावेशन या अन्य जागरूकता इत्यादि से संबंधित फिल्में दिखाई जायेंगी। 'वोटर हेल्पलाइन एप' तथा भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट के क्यूआर कोड से संबंधित अलग से स्टॉल व सेल्फी पॉइन्ट आदि लगाए जायेंगे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन लखनऊ द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए प्रभात फेरी, हाफ मैराथन, स्लोगन राइटिंग, फोटो प्रदर्शनी, मेंहदी, निबन्ध लेखन प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, ऑनलाइन प्रतियोगिता आदि गतिविधियों का आयोजन भी किया जायेगा। आयोजन स्थल पर फोटो प्रदर्शनी, रंगोली, मतदाता जागरूकता स्टॉल आदि की प्रदर्शनी के लिए एनएसएस तथा भारत स्काउट एण्ड गाइड, उप्र के छात्राओं/छात्रों से सहयोग लिया जायेगा।

### दृष्टिगत राज्य स्तरीय कार्यक्रम में संसद का भी गेट बनाया जायेगा

**एसीईओ** ने कहा कि सभी जनपदों, विभागों, संस्थाओं, स्कूल कालेजों में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया जाए। विभिन्न स्तरों पर आयोजित कार्यकमों में आने वाले लोगों को मतदाता शपथ दिलायी जाए। मतदाता जागरूकता संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोगी संस्थाओं उत्तर प्रदेश भारत स्काउट एण्ड गाइड एवं एनएसएस से सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता दिवस के अवसर पर व्यापक स्तर पर लोगों को मतदाता बनने तथा मतदान करने के लिए जागरूक किया जाए।

## इंस्पेक्टर को मौत के घाट उतारने वाले माफिया को 27 साल बाद मिला आजीवन कारावास

● फर्रुखाबाद जिले में मई 1996 में चलती ट्रेन में कर दी थी तत्कालीन गुरुसहायगंज इंस्पेक्टर रामनिवास यादव की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश पुलिस के इंस्पेक्टर रामनिवास यादव की हत्या करने वाले और शासन द्वारा चिन्हित माफिया अनुपम दुबे को अन्ततः 27 वर्ष बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। राज्य के स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस नीति को उप्र पुलिस ने एक बार फिर चरितार्थ किया है। जीआरपी फतेहगढ़ तथा फतेहगढ़ जनपदीय पुलिस ने प्रभावी पैरवी कराकर 63 आपराधिक मुकदमों में नामजद माफिया अनुपम दुबे को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में सफलता हासिल पाई।



फाइल फोटो

स्पेशल डीजी ने बताया कि जनपद फर्रुखाबाद में 14 मई 1996 को इंस्पेक्टर गुरुसहायगंज के पद पर तैनात रामनिवास यादव की चलती ट्रेन में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में थाना जीआरपी, फर्रुखाबाद में हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मुकदमे की फाइल को 25 वर्ष तक माफिया अनुपम दुबे द्वारा दबाकर रखने का प्रयास किया गया था। माफिया ने यह हत्या तत्कालीन थाना प्रभारी गुरसहायगंज इंस्पेक्टर रामनिवास यादव द्वारा उसके विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरुप की थी।

स्पेशल डीजी ने बताया कि माफिया अनुपम दुबे निवासी ग्राम सहसापुर, थाना मोहम्मदाबाद, हाल निवासी 1/36 मोहल्ला कसरट्टा, थाना फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ़ द्वारा पहला अपराध वर्ष 1987 में अंजाम दिया गया था। तब से यह लगातार 36 वर्षों से अपराध करते हुए फल-फूल रहा था। सभी लोग इसके भय के साये में रह रहे थे। इसके विरुद्ध कुल 63 मुकदमे अब तक पंजीकृत हैं। जिनमें मुख्य रुप से हत्या, जमीन पर कब्जा, फिरौती शामिल हैं। इसके अपराधिक इतिहास को देखते हुए फतेहगढ़ पुलिस द्वारा शासन को भेजकर इसे शासन द्वारा चिन्हित माफिया भी घोषित कराया गया था। फतेहगढ़ पुलिस द्वारा इसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गैंग डी-47 गैंग पंजीकृत कराया गया। इसके गैंग के सभी सदस्यों की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। फतेहगढ़ पुलिस द्वारा माफिया अनुपम दुबे के विरुद्ध एनएसए की कार्यवाही की गई थी और उस कार्यवाही को उच्च न्यायालय इलाहाबाद की तीन सदस्यीय पीठ ने सही भी माना था। इसकी अपराध से अर्जित कुल 113 करोड 18 लाख 13 हजार 497 रुपए की सम्पत्ति पहले ही कुर्क की जा चुकी है।

इस माफिया के विरुद्ध कार्यवाही में तत्कालीन एसपी जीआरपी, आगरा, आईपीएस मो. मुस्ताक, तत्कालीन एसपी फतेहगढ़ अशोक कुमार मीणा, एसपी फतेहगढ़ विकास कुमार, और अरविन्द कुमार ढिमरी एडीजीसी कानपुर और कानपुर पुलिस का भी विशेष योगदान रहा।

## अंतरविभागीय समन्वय के साथ प्रदेश में मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसको लेकर सीएम योगी ने परिवहन विभाग को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत कमी लाने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत सभी जनपदों में आगामी 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर, 2023 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अंतर्विभागीय समन्वय के साथ मनाया जाएगा।

दरअसल ओवरस्पीडिंग, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल फोन का प्रयोग एवं ड्रंकन ड्राइविंग सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण होते हैं। यह एक मैन मेड डिजास्टर है, इसलिए इसमें कमी लाने के लिये अवेयरनेस बिल्ट करने की जरूरत है। यह एक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण मुद्दा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रदेश के सभी स्कूली वाहनों का फिटनेस तथा वाहन चालकों के मेडिकल फिटनेस की जांच करायी जाएगी। सभी शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा में छात्रों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी एवं सुड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया जाएगा। कोहरे के दृष्टिगत प्रभावी पेट्रोलिंग की जाएगी। कॉमर्शियल चालकों हेतु हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से जारी किए जाएंगे। ओवरलोडिंग को टास्क फोर्स द्वारा सोर्स प्वाइंट ही रोका जाएगा। इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये समय-समय पर निर्गत आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। इस तरह से बहुत लोगों की जिन्दगी को बचा सकते हैं। निर्देश दिया गया है कि सभी मण्डल एवं जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इसके लिए सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी दिन निर्धारित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके भी सुझाव लिए जाएं। इसके अलावा बैठक में विषय विशेषज्ञों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर सकते हैं। समिति की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं का एनालिसिस कर एक्शन लिया जाए। एक्शन का रिजल्ट धरातल पर भी दिखना चाहिए। किसी भी चालक का लगातार तीन बार से अधिक चालान होने पर उसका लाइसेंस निरस्त किया जाए। इसके बावजूद भी उल्लंघन करने पर उसके वाहन का पंजीयन निरस्त कराया जाए। इसके अतिरिक्त जनपद में उपलब्ध क्रिटिकल केयर फैसिलिटी का भी समय-समय पर निरीक्षण करें, ताकि सड़क दुर्घटना से प्रभावित व्यक्तियों को जनपद में ही उपचार मिल सके। आपदा मित्रों को सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को बचाने की भी ट्रेनिंग दी गई है।

# निरीक्षण में चिकित्सकों को अनुपस्थित देख जिलाधिकारी ने जताई नाराज़गी

● ड्यूटी पर डॉक्टरों व कर्मचारियों को यूनिफॉर्म में रहने की दी सीख



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**गुरुवार** को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्व प्रथम रजिस्ट्रेशन काउंटर व चिकित्सालय के ओपीडी ब्लाक में स्थित प्रत्येक विभाग की ओपीडी का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया।

इस दौरान ईसीजी विभाग में डॉ. बीरेंद्र गुप्ता, डॉ. ज्योति व डॉ. शिशिर यादव, स्त्री व प्रसूति रोग विभाग में डॉ. प्रीति, नाक, कान, गला विभाग में डॉ. आरके राठौर का कक्ष बन्द मिला, नेत्र रोग विभाग में डॉ. सौरभ गुप्ता व डॉ. आरएन कुशवाहा अनुपस्थिति मिले जिस पर नाराजगी जाहिर की और मेडिकल कॉलेज प्राचार्या को निर्देशित किया कि अनुपस्थिति डॉक्टरों के विरुद्ध अपने स्तर पर कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कुछ जगह मिली गंदगी को देखकर उन्होंने मेडिकल प्राचार्य डॉ राजेश कुमार मौर्य को सफाई व्यवस्था में सुधार करने के दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मरीज को मिलने वाले इलाज में भी किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने ओपीडी में उपस्थित डॉक्टरों से पदनाम आदि सहित जानकारी हासिल की। मेडिसिन विभाग व आर्थो विभाग में वरिष्ठ चिकित्सक के न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। कई विभागों में डॉक्टरों व कर्मचारियों के यूनिफॉर्म में न होने नाराजगी प्रकट की साथ ही ड्यूटी के दौरान यूनिफॉर्म में रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कई मरीजों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओ, उपचार एवं दवाओं की उपलव्धता के बारे में जानकारी ली।

# कमाई के फेर में न रहें प्रधान पशुओं की करें देखभाल: डीएम



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निराश्रित गौवंश संरक्षण, भरण-पोषण व नए गौशाला निर्माण, ठंड से बचाव, नगर पालिकाओं में संरक्षण आदि की समीक्षा की। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि संरक्षण को दिया लक्ष्य, पूरा हुआ या नहीं।

सीबीओ ने बताया कि सहभागिता से 52 हजार पशु संरक्षित हो गए हैं। डीएम ने कहा कि बचे पशुओं को भी संरक्षित करें। नगर पंचायत राजापुर ईओ को निर्देश दिये कि गौवंश सड़कों पर रहते हैं, अंदर करायें। पशु बाहर से आ रहे हैं तो पशुओं का ईयर ट्रैकिंग करायें, ताकि पता चल सके कि पशु बाहरी आ रहे हैं।

कोई पशु छोड़ते हैं तो, उन पर जुर्माना लगायें। एडीएम को निर्देश दिये कि सभी ईओ को पत्र जारी करें, जो पशु छोड़ते हैं, उन पर प्रति पशु पांच सौ रुपये जुर्माना लगायें। सभी ईओ ये सुनिश्चित करायें। उन्होंने ईओ राजापुर को निर्देश दिये कि सर्वे कराकर संरक्षित पशुओं का भी ईयर ट्रैकिंग करायें। ईओ को निर्देश दिया कि यहां भी स्थिति ठीक नहीं है। पशुओं को अंदर करायें।

# करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या पर जिला संगठन ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

**संवाददाता।** फर्रुखाबाद



**करणी** सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में जिला संगठन ने किया विरोध प्रदर्शन करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में संगठन के पदाधिकारियों नें सड़क पर प्रदर्शन कर हत्यारोपियों के एनकाउंटर की मांग की है। इस दौरान आक्रोशित भीड़ नें एक टायर में आग लगाकर नारेबाजी की, लेकिन पुलिस ने जलता हुआ टायर छीन लिया। लेकिन टायर की आग से एक प्रदर्शन करने वाले युवक का हाथ झुलस गया।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। बदमाशों ने गोगामेड़ी को जयपुर में उनके आवास पर निशाना बनाया था। जिसके विरोध में शहर के लाल दरवाजे फब्बारे के निकट राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विभिन्य संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकत्रित हुए। उन्होंने जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन शुरू किया। करणी सेना के पदाधिकारियों नें मांग करते हुए कहा कि हत्यारों का सरकार एनकाउंटर करे। यदि यूपी में घटना हुई होती तो अब तक सीएम योगी की पुलिस नें हत्यारों को मार गिराया होता। प्रदर्शन की सूचना मिलने पर नगर मजिस्ट्रेट सतीश चंद्र, सीओ सिटी प्रदीप कुमार, कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद शुक्ला, शहर कोतवाल भोलेन्द्र चतुर्वेदी, यातायात प्रभारी रजनेश यादव मौके पर आ गये। लेकिन करणी सेना नें डीएम के मौके पर आने की मांग की। इस दौरान प्रदर्शन करनें वालों नें टायर में आग लगा दी। पुलिस नें नोकझोंक व धक्का-मुक्की भी हुई।

उसके बाद ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के बाद भी प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते रहे । इसके बाद सीओ सिटी नें दबाब बनाकर सभी को वापस कर दिया।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश हुआ गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** पुलिस ने आज 25 हजार के इनामी अंतर्जनपदीय बदमाश को मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मोहम्मदाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह व एस ओ जी निरीक्षक अमित गंगवार एवं सर्विलास पुलिस टीम द्वारा आज गुरुवार प्रातः कोतवाली क्षेत्र के पखना अंडरपास के समीप वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया गया। पुलिस के अनुसार इस अभियान के दौरान मैनपुरी जिले के थाना कुरावली ग्राम शरीफपुर का निवासी 25000 का इनामी अंतर जनपदीय शातिर अपराधी दीपक उर्फ सोनू बिना नंबर वाली एक मोटर साइकिल से आया।

यहां वाहन चेकिंग दल ने ज्यों ही उससे मोटरसाइकिल के कागजात मांगे त्यों ही इस बदमाश ने पुलिस के ऊपर फायर किया के जवाब में पुलिस ने भी अपना बचाव करते हुए गोलियां चलाई जिसमें एक गोली लगकर शातिर बदमाश दीपक उर्फ सोनू घायल हो गया। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल बदमाश को एक बिना नंबर वाली मोटरसाइकिल तथा एक अवैध 315 बोर तमंचा कुछ जिंदा कारतूसो के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ये अंतर्जनपदीय 25000 का इनामी शातिर बदमाश दीपक उर्फ सोनू के ऊपर मैनपुरी एटा फर्रुखाबाद आदि जनपदों में लूट डकैती आदि के 32 मुकदमे दर्ज हैं।

## बसपा नेता अनुपम दुबे को इंस्पेक्टर हत्याकांड में मिला आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद।** बसपा नेता अनुपम दुबे को 27साल पुराने इंस्पेक्टर हत्याकांड में हुआ आजीवन कारावास इंस्पेक्टर की हत्या के 27 साल पुराने मुकदमे में आरोपी बसपा नेता अनुपम दुबे को अपर जिला जज अष्टम राम अवतार प्रसाद ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। फर्रुखाबाद में तैनात रहे इंस्पेक्टर रामनिवास यादव की एक मुकदमे में गवाही से लौटते समय अनवरगंज स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में घुसकर हत्या कर दी गई थी। मामले में अनुपम समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगा था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान दो अभियुक्तों की मौत हो चुकी है। गुरुवार को कड़ी सुरक्षा में मथुरा जेल में बंद अनुपम को फैसले की सुनवाई के लिए कोर्ट लाया गया था। ईओडब्ल्यू में तैनात मेरठ निवासी रामनिवास यादव की अनवरगंज स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में 14 भी 1996 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

फर्रुखाबाद में तैनाती के दौरान दर्ज एक मुकदमे की विवेचना रामनिवास ने की थी। इसी मुकदमे में गवाही देने के लिए रामनिवास फर्रुखाबाद गए थे। ट्रेन से लौटते समय रास्ते में ट्रेन में ही उनकी हत्या कर दी गई थी। जीआरपी थाने में अनुपम दुबे के अलावा नेम कुमार उर्फ बिलैया और कौशल के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही नेम कुमार व कौशल की मौत हो चुकी है।

# संदिग्धों की तलाश में इटावा और जालौन पुलिस ने चलाया संयुक्त चेकिंग अभियान

**संवाददाता।** जगम्मनपुर, जालौन



**संदिग्ध** व अपराधियों की तलाश में जनपद जालौन की रामपुरा थाना पुलिस एवं इटावा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से वाहनों की चेकिंग कर आने जाने वाले लोगों पूछताछ की गई। रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद (कंजौसा) के निकट जालौन से इटावा को जोड़ने वाले पुल पर जनपद जालौन के रामपुरा थाना पुलिस एवं जनपद इटावा के चकरनगर क्षेत्राधिकारी द्वारा वाहनों की चेकिंग कर आने जाने वाले लोगों से पूछताछ की गई।

क्षेत्राधिकारी चकरनगर (इटावा) राकेश वशिष्ठ एवं एसएचओ रामपुरा इंस्पेक्टर भीमसेन पोनिया, उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह चौकी प्रभारी सिद्धपुरा मय हमराही एवं जगम्मनपुर पुलिस चौकी स्टाफ ने जनपद जालौन व इटावा की सीमा में आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर उसमें बैठे लोगों का परिचय पूंछते हुए आने आने जाने वाले गंतव्य स्थलों के बारे में जाना। एसएचओ रामपुरा इंस्पेक्टर भीमसेन पोनिया ने बताया अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों पर अंकुश लगाने की दृष्टि से एवं असमाजिक तत्वों को कोई भी वारदात करके उन्हें खुला घूमने का कोई अवसर कतई नहीं दिया जाएगा।

### कुठौंद थानाध्यक्ष ने की पत्रकारों के साथ बैठक



**कुठौंद, जालौन।** गुरुवार को थाना कुठौंद परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार प्रजापति की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों व पुलिस कर्मियों के बीच थाना परिसर में बैठक की गई जिसमें कुठौंद क्षेत्र के समस्त पत्रकार उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार प्रजापति ने सभी पत्रकारों से रूबरू होते हुए क्षेत्र में हर छोटे बड़े क्राइम के बारे में चर्चा की तथा मीडिया कर्मियों से चर्चा करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अगर मीडिया कर्मियों साथ किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न होती है। इसके लिए पुलिस स्टाफ मदद के लिए तैयार है।

## कमिश्नर-डीएम की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बांदा।** दिसम्बर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज जनपद बॉदा के अतर्रा पीजी कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि आपका मतदान लोकतंत्र की जान है। उन्होंने कहा कि जो मतदाता नही बने हैं, उनको मतदाता अवश्य बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनर्रीक्षण अभियान चल रहा है, इसमें जिनका वोट नही बना है वो बनवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने हेतु ऑफलाइन व ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता बनने के लिए छात्र/छात्रायें, जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो गयी हो या दिनांक 1 जनवरी, 2024 को पूर्ण होने वाली हो, ऐसे युवा अपना फार्म-6 भरकर अथवा निर्वाचन आयोग की बेब साइट से ऑनलाइन आवेदन कर अपना पंजीकरण अवश्य करायें। सभी लोग आने वाले चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर एक बेहतर उम्मीदवार का महत्वपूर्ण चयन कर सकते हैं।

# नकदी, क्रेटा कार व चोरी के सामान के साथ तीन शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**संवाददाता।** कानपुर देहात



**एसपी** बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में अकबरपुर पुलिस टीम व एसओजी टीम के द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए, तीन चोरों को चोरी के माल समेत गिरफ्तार किया गया।

पिछले महीने 20 नवंबर की रात्रि में गौरियापुर चौराहे के पास एक परचून की दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखा पान मसाला व 95000/- रुपये चोरी कर कुछ अज्ञात लड़के अपनी क्रेटा कार से भाग गये थे। जिसके सम्बन्ध में थाना अकबरपुर में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

आज रात्रि चैकिंग अभियान के दौरान प्रनि सतीश कुमार सिंह व हमाराहीयान व एसओजी टीम द्वारा बलिहारा मोड़ के पास से क्रेटा कार व 2 नफर अभियुक्त ) जितेन्द्र शंखवार उर्फ अंकित और शशिकान्त पंडित उम्र करीब 19 वर्ष को मय चोरी के माल व चोरी का सामान खरीदने वाले एक अभियुक्त अजय साहू उम्र 33 वर्ष निवासी पुखरायां थाना भोगनीपुर को पुखरायां से गिरफ्तार किया गया तथा दो नफर अभियुक्त मौके से फरार हो गये।

पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से भारी मात्रा में चोरी का सामान पान मसाला, सिगरेट आदि कुल करीब 12 बोरी मय दो लाख तीस हजार पांच सौ रुपये नगदी के बरामद हुआ।

## कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर करणी सेना ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर।** करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके घर पर ही नृसंश हत्या किए जाने का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरूवार को करणी सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर इस मामले में समुचित कार्रवाई किए जाने की आवाज उठाई। पदाधिकारियों ने चेतावनी दिया कि यदि कार्रवाई न हुई तो आंदोलन किया जायेगा। करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठा. सुधीर सिंह गौतम की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके घर पर नृसंश हत्या किए जाने को लेकर प्रदर्शन किया।

# राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन



**कानपुर देहात।** परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा माती स्थित जिला स्टेडियम में किया। खेलकूद प्रतियोगिता में जूनियर स्तर पर सौ, दो सौ, चार सौ, छः सौ मीटर रेस लंबी कूद, ऊंची कूद, शाट पुट, डिसकस, जिमनास्टिक, कबड्डी, खो खो, योग, बालीबॉल, एकांकी, लोक नृत्य, समूह गान, अंताक्षरी। वहीं प्राइमरी स्तर पर पचास, सौ, दो सौ, चार सौ मीटर रेस, लंबी कूद, जिमनास्टिक, योग, खो खो, कबड्डी, समूह गान, पी टी आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्राथमिक स्तर दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बिल्हा रसूलाबाद की सुनैना, संविलियन विद्यालय अल्हनीपुर राजपुर की रिचा और प्राथमिक विद्यालय मिलकिनपुरवा अकबरपुर की लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## बीडीओ ने जानकारी के बगैर गायब ग्राम पंचायत अधिकारी का रोका वेतन

**कुरारा, हमीरपुर।** एक सप्ताह से बिना किसी जानकारी के गायब ग्राम पंचायत विकास अधिकारी को प्रभारी खंड विकास अधिकारी कुरारा ने एक माह का वेतन रोके जाने की संस्तुति की गई है। इनके लगातार अनुपस्थिति के कारण इनका आवंटित ग्राम पंचायत में आवास योजना के लाभार्थियों के जियो टैग नही हो पा रहे हैं। कुरारा ब्लाक की खंड विकास अधिकारी गरिमा सोनकिया ने बताया कि ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह एक सप्ताह से बिना पूर्व अनुमति के विकास खंड कार्यालय से अनुपस्थित चल रहे हैं। तथा दूरभाष पर भी बात नहीं कर रहे हैं। उन्होंने गोहांड सी एस सी में इलाज कराने का संदेश भेजा था। लेकिन वहां के प्रभारी से बात करने पर उन्होंने बताया कि कोई इलाज नहीं चल रहा है। ग्राम पंचायत अधिकारी के अनुपस्थित रहने से मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों के जियो टैग नही हो पा रहे हैं। तथा विकास कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं। खंड विकास अधिकारी ने भ्रमित करने के लिए नोटिस जारी कर दिसंबर माह के वेतन भुगतान पर रोक लगाए जाने की संस्तुति की है। तथा जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र भेज दिया है। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी धर्मजीत सिंह विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरसई, कुतुबपुर, खरौंज, बचरौली, बिलौटा, शंकरपुर का कार्य देख रहे हैं। इनके लगातार अनुपस्थिति रहने से ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

# पेज एक का शेष

## भाजपा देश...

है लेकिन इस सप्ताह मंगलवार को यह बैठक नहीं हो सकी थी। बैठकों में मोदी सहित भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेता संसदीय एजेंडे और पार्टी के संगठनात्मक एवं राजनीतिक अभियानों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखते हैं।

## रेवंत रेड्डी...

सुरेखा, डी अनसूया (सीथक्का के नाम से मशहूर), तुम्मला नागेश्वर राव और जुपल्ली कृष्णा राव ने मंत्री पद की शपथ ली। समारोह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद रेवंत रेड्डी ने दो फाइलों पर हस्ताक्षर किये। उनमें से एक कांग्रेस की छह चुनावी गारंटियों के कार्यान्वयन से संबंधित है और दूसरा रेवंत रेड्डी द्वारा अतीत में किए गए वादे के अनुसार एक विकलांग महिला को नौकरी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान रेवंत रेड्डी ने अपनी पत्नी के साथ सोनिया गांधी का आशीर्वाद लिया। मंत्री पद की शपथ लेने के बाद सोनिया गांधी ने सीताक्का और सुरेखा को गले लगाया जो उनके पास गए। सभा को संबोधित करते हुए, रेवंत रेड्डी ने कहा कि यहां शपथ ग्रहण समारोह चल रहा है जबकि मुख्यमंत्री के कैंप कार्यालय-सह-आधिकारिक आवास, प्रगति भवन के चारों ओर बैरिकेड और लोहे की बाड़ को हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीएम का कैंप कार्यालय-सह-आधिकारिक आवास अब से सभी के लिए सुलभ होगा। उन्होंने प्रगति भवन का नाम बदलकर 'ज्योतिराव फुले प्रजा भवन' करते हुए कहा कि 8 दिसंबर को प्रजा दरबार आयोजित किया जाएगा। उन्होंने पिछले 10 वर्षों के दौरान लोकतंत्र हताहत होने का आरोप लगाया। जबकि कांग्रेस ने स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और समान विकास सुनिश्चित करने के लिए तेलंगाना का गठन किया था, उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों के लिए 'इंदिरम्मा राज्यम' (पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी का कल्याणकारी शासन) स्वतंत्रता, सामाजिक न्याय और विकास की शुरुआत करता है। रेड्डी ने यह भी आश्वासन दिया कि वह पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा, राज्य सरकार उन लोगों के परिवारों के साथ न्याय करेगी जिन्होंने तेलंगाना राज्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया, साथ ही छात्रों और बेरोजगार युवाओं के साथ भी। उन्होंने उपस्थित लोगों से तेलंगाना के लोगों, अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, सांसदों और इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले भारतीय ब्लॉक के दलों के प्रतिनिधियों की ओर से धन्यवाद देने का आग्रह किया। पड़ोसी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी, टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू और अन्य नेताओं ने ए रेवंत रेड्डी को तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने पर बधाई दी। जगन मोहन रेड्डी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले बी विक्रमार्क को भी बधाई दी। 2023 के तेलंगाना विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करने वाली राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का नाम लिए बिना, जगन मोहन रेड्डी ने पूरे दिल से दोनों तेलुगु राज्यों के बीच भाईचारे के प्यार और सहयोग की कामना की। जनसेना प्रमुख और तेदेपा सहयोगी पवन कल्याण ने भी रेवंत रेड्डी को बधाई दी और कहा कि उनके साथ उनकी व्यक्तिगत मित्रता है।

## भारत का...

है। वैष्णव रेलवे संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी पोर्टफोलियो के कैबिनेट मंत्री हैं। मंत्री ने कहा, अगर हम अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, यूके आदि जैसे देशों की 1800 के आसपास या 1900 की शुरुआत की विकास अवधि का अध्ययन करते हैं, तो हम पाते हैं कि उन्होंने कम आय से मध्यम और उच्च आय की ओर बढ़ने के लिए विनिर्माण पर भी ध्यान केंद्रित किया। वैष्णव ने कहा, जो देश विकास के दौर से गुजरे हैं, उन सभी ने विनिर्माण को महत्व दिया है। पीएम मोदी ने पहले बड़े आर्थिक कार्यक्रम, आर्थिक दर्शन और अर्थशास्त्र विचार के रूप में यही किया, जिसे उन्होंने मेक इन इंडिया लॉन्च किया, जिसका उसमें एक बड़ा स्थान है। यह उन कार्यक्रमों और सरलीकरणों की श्रृंखला का प्रतिबिंब है जो मेक इन इंडिया, डिज़ाइन इन इंडिया, इनोवेट इन इंडिया आदि की सफलता के बाद शुरू किए गए। उन्होंने कहा कि विनिर्माण आधारित विकास ने रोजगार के अवसरों को बढ़ाया है जो औपचारिक रोजगार या भविष्य निधि में पंजीकरण के आंकड़ों से स्पष्ट है जो 6 लाख मासिक या लगभग 70 लाख सालाना से बढ़कर 14 लाख से 15 लाख मासिक या सालाना लगभग 1.8 करोड़ हो गया है। उन्होंने कहा, यह अर्थव्यवस्था में एक बड़े बदलाव को दर्शाता है। हर साल दो करोड़ नौकरियों का जो लक्ष्य पीएम मोदी ने रखा था वह अब हासिल होने वाला है और इस उपलब्धि के पीछे विनिर्माण एक बड़ा कारक है। वैष्णव ने कहा कि 10 से 15 साल पहले पेट्रोलियम का निर्यात सबसे अधिक मात्रा में होता था और चावल आदि अन्य उत्पाद निर्यात के लिए शीर्ष उत्पादों की सूची में बाद में आते थे। वैष्णव ने 2022-23 के निर्यात डेटा का जिक्र करते हुए कहा, हम निर्यात करने वाले उत्पादों का एक विविध स्पेक्ट्रम देखते हैं। हालांकि पेट्रोलियम अभी भी 97 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ शीर्ष पर है, फार्मास्युटिकल्स हमारा नंबर दो उत्पाद बन गया है जिसका हमने 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया है। 13 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ लोहा और इस्पात तीसरे नंबर का उत्पाद बन गया है। मोबाइल फोन का निर्यात 11 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ चौथे स्थान पर आ गया है। उन्होंने कहा कि फार्मास्युटिकल्स और मोबाइल फोन जैसे उत्पाद जो निर्यात योग्य उत्पादों के रूप में महत्वहीन हुआ करते थे, अब निर्यात के लिए देश के शीर्ष चार उत्पादों में शामिल हो गए हैं। वैष्णव के मुताबिक, मौजूदा रुझान के मुताबिक, इस साल भारत 15 अरब अमेरिकी डॉलर के मोबाइल फोन का निर्यात करेगा। उन्होंने कहा, अगले एक या दो साल में आप पाएंगे कि मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और टेलीकॉम का निर्यात देश के शीर्ष 2 या 3 उत्पाद बन जाएंगे। पिछड़े एकीकरण के क्षेत्रों में होने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तनों पर प्रकाश डालते हुए, वैष्णव ने कहा कि जहां मोबाइल फोन बैटरी का निर्माण भारत में किया जाएगा, वहीं टाटा पहले से ही मोबाइल केसिंग का निर्माण कर रहा है।

## एसडीआरएफ का...

प्रधानमंत्री ने एनडीएमएफ के तहत चेन्नई बेसिन परियोजना के लिए एकीकृत शहरी बाढ़ प्रबंधन गतिविधियों के लिए 561.29 करोड़ रुपए की पहली शहरी बाढ़ न्यूनीकरण परियोजना को मंजूरी दी है, जिसमें 500 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता भी शामिल है। शाह ने कहा कि परियोजना चेन्नई को बाढ़ प्रतिरोधी बनाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा, यह शहरी बाढ़ न्यूनीकरण प्रयासों की श्रृंखला में पहला है और शहरी बाढ़ प्रबंधन के लिए एक व्यापक ढांचा विकसित करने में मदद करेगा। केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के तौर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित उत्तरी तमिलनाडु का हवाई सर्वेक्षण किया और चक्रवात से हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के साथ चर्चा की। उत्तरी तमिलनाडु में चेन्नई, कांचीपुरम, चेंगलपेट और तिरुवल्लूर चक्रवात की चपेट में आने के बाद जलमग्न हो गए। राज्य सरकार पहले ही 5,060 करोड़ रुपए की अंतरिम केंद्रीय राहत की मांग कर चुकी है।

## यूनेस्को सूची...

जनरल लाचित बोरफुकन की 400वीं वर्षगांठ पर केंद्र सरकार ने दिल्ली में तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया था। राज्य 24 नवंबर को लाचित दिवस के रूप में मनाता है। सरमा ने 16 जनवरी को पीएम को लिखे एक पत्र में कहा अब तक 386 मोइदाम की खोज की जा चुकी है, चराइदेव में 90 शाही कब्रगाहें इस परंपरा का सबसे अच्छा संरक्षित, प्रतिनिधि और सबसे संपूर्ण उदाहरण हैं। चराइदेव, या पहाड़ी की चोटी पर चमकता शहर, 1229 ईस्वी में राजवंश के संस्थापक राजा चाओलुंग सुकाफा द्वारा स्थापित पहली राजधानी थी। अहोम शासन के 600 वर्षों के दौरान, राजधानी को कई बार स्थानांतरित किया गया। फिर भी, चराइदेव सत्ता का प्रतीकात्मक केंद्र बना रहा।

## मुख्यमंत्रियों के...

ललित मीना के पिता ने दावा किया कि किशनगंज के नवनिर्वाचित विधायक को अन्य चार लोगों ने वहां बंधक बनाकर रखा था। उनके पिता द्वारा पार्टी कार्यालय को सूचित करने के बाद बुधवार सुबह मीना को वहां लाया गया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि अन्य चार सीकर रोड पर रिसॉर्ट में रुके थे या नहीं। भाजपा की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा, कोई भी बंदी नहीं है। विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर कोई भी निर्णय विधायक दल की बैठक के बाद लिया जाएगा। तीन राज्यों के नेता गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों ने इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि इस तरह की बैठकें नियमित होती हैं। उन्होंने कहा, राज्य के कई नेता हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व से मिल रहे हैं। केवल तीन मुख्यमंत्री हो सकते हैं। किसी को भी इसे ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि संभावितों में वे सांसद भी शामिल हैं जिन्होंने संसद से इस्तीफा दे दिया है और शिष्टाचार के तौर पर राष्ट्रीय नेताओं से मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पसंद पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है और पार्टी तीन मुख्यमंत्रियों को चुनने में सामाजिक, क्षेत्रीय, शासन और संगठनात्मक हितों को ध्यान में रखेगी। तीन राज्यों के नेता गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, लेकिन सूत्रों ने उनके महत्व को कम करते हुए कहा कि ऐसी बैठकें नियमित हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी दिल्ली में हैं। पिछले दिनों उन्होंने कई नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की है। सूत्रों ने बताया कि वह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात कर सकती हैं। तोमर, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और शिवराज सिंह चौहान को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के संभावित विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। चौहान की तरह पटेल भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अन्य पिछड़ा वर्ग से आते हैं। पटेल और तोमर भाजपा के उन 12 सांसदों में शामिल हैं जो विधानसभा सदस्य चुने गए हैं और उन्होंने संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में भाजपा अध्यक्ष अरुण साव, संसद की सदस्यता से बुधवार को इस्तीफा देने वाली गोमती साय और प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री लता उसेंडी भी शामिल हैं। साव ओबीसी समुदाय से हैं वहीं साय और उसेंडी अनुसूचित जनजाति वर्ग से हैं। सामाजिक पृष्ठभूमि, छवि और अपेक्षाकृत युवा प्रोफ़ाइल के कारण राज्य के शीर्ष पद के लिए इन नेताओं को मजबूत दावेदारों के रूप में देखा जा रहा है।

# सुनक ने रवांडा निर्वासन नीति का पुरजोर समर्थन किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अवैध प्रवासियों को रवांडा निर्वासित करने की सरकार की विवादित नीति को लेकर अपनी ही कंजरवेटिव पार्टी में हंगामे के बीच बृहस्पतिवार को इस नीति का पुरजोर समर्थन किया और इसे अब तक का सबसे कड़ा आव्रजन-रोधी कानून करार दिया।

अवैध रूप से देश में प्रवेश करने वाले लोगों को रवांडा भेजे जाने संबंधी नीति को लेकर सरकार के भीतर भी एकमत नहीं है और इसी कड़ी में नीति का विरोध करते हुए सुनक सरकार में कैबिनेट मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने बुधवार रात को पद से इस्तीफा दे दिया।

भारतीय मूल के 43 वर्षीय सुनक ने बृहस्पतिवार को अचानक बुलाई गई प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए खुद को आप्रवासियों की संतान करार दिया और इस बात पर जोर दिया कि किस तरह से उनका परिवार वैध रूप से ब्रिटेन आया और गौरवान्वित ब्रिटिश नागरिक बना।

सुनक ने कहा, हम नियम के अनुरूप खेलते हैं, हम अपनी बारी का इंतजार करते हैं। कुछ लोग यह सब खत्म कर सकते हैं, आपने न केवल अपनी सीमाओं पर नियंत्रण खो दिया है, बल्कि आपने उस निष्पक्षता और विश्वास को भी गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है, जिस पर हमारा तंत्र आधारित है।

आव्रजन पर बढ़ते विभाजनकारी विमर्श को अपने पक्ष में मोड़ने के लिए उत्सुक सुनक ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले साल उनके कार्यभार संभालने के बाद से अवैध प्रवासियों द्वारा छोटी नावों के जरिए सीमा पार करने की घटनाओं में एक तिहाई की कमी आई है। उन्होंने विश्वास जताया कि रवांडा नीति से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी।

सुनक अपनी पार्टी के भीतर दो गुटों के बीच में फंस गए हैं। धुर दक्षिणपंथी गुट की तरफ से पूर्व गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन ने कानूनी चुनौतियों से पार पाने के लिए अतिवादी एजेंडे का आह्वान किया जबकि दूसरे गुट का मानना है कि ब्रिटेन को मानवाधिकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का उल्लंघन नहीं करना चाहिए।



इससे पहले, ब्रिटेन के आव्रजन मंत्री रॉबर्ट जेनरिक ने अवैध प्रवासियों को देश से वापस भेजने की सरकार की रवांडा नीति पर गहरी असहमति व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। जेनरिक को हाल तक सुनक के सहयोगी के तौर पर देखा जाता था। जेनरिक ने बुधवार को कहा कि उन्होंने महसूस किया कि प्रधानमंत्री, गृह मंत्री जेम्स क्लेवरली द्वारा संसदीय बयान में प्रस्तुत आपातकालीन विधेयक कानूनी चुनौतियों को समाप्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

सुनक ने उनके इस्तीफे पर कहा कि वह निराश हैं, लेकिन पद छोड़ने का उनका तर्क स्थिति की बुनियादी गलतफहमी पर आधारित है।

जेनरिक ने निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रश्नकाल के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, बेहद दुख के साथ मैंने आव्रजन मंत्री के रूप में अपना इस्तीफा प्रधानमंत्री को दे दिया है। उन्होंने कहा, सरकार की नीति को लेकर जब मेरी इतनी गहरी असहमति है तो मैं अपने पद पर नहीं बना रह सकता।

जेनरिक ने कहा कि इंग्लिश चैनल को पार करने वाली छोटी नौकाएं देश को अनजाने में नुकसान पहुंचा रही हैं और सरकार को राष्ट्रीय हितों को अंतरराष्ट्रीय कानून के अत्यधिक विवादित बयानों से ऊपर रखने की जरूरत है।

उन्होंने बुधवार को सुनक को लिखे अपने इस्तीफे में लिखा, मैंने लगातार एक स्पष्ट कानून की वकालत की है जो घरेलू और विदेशी अदालतों के लिए नीति की प्रभावशीलता को अवरुद्ध करने या कम करने के अवसरों को गंभीर रूप से सीमित करता है।

अपने जवाब में प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि कि नया विधेयक ब्रिटेन सरकार द्वारा अब तक पेश किया गया सबसे सख्त अवैध आव्रजन रोधी कानून होगा। ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को रवांडा के साथ एक नए समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत अवैध प्रवासियों को निर्वासित किया जाएगा। समझौता यह सुनिश्चित करता है कि रवांडा भेजे गए लोगों को ऐसे देश में स्थानांतरित करने का खतरा नहीं होगा जहां उनके जीवन या स्वतंत्रता को खतरा हो।

# डॉ. समीर शाह हो सकते हैं बीबीसी के नए अध्यक्ष


भाषा। लंदन

**टीवी** प्रोडक्शन और पत्रकारिता में 40 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले, भारतीय मूल के मीडिया दिग्गज डॉ. समीर शाह ब्रिटिश ब्रॉडकास्ट कॉरपोरेशन (बीबीसी) के नए अध्यक्ष पद के लिए ब्रिटेन सरकार के सबसे पसंदीदा उम्मीदवार हैं।

71 वर्षीय शाह रिचर्ड शार्प की जगह लेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के साथ बातचीत लीक होने और मामले में जांच बैठाए जाने के बाद रिचर्ड को इस्तीफा देना पड़ा था।

औपचारिक रूप से शाह की नियुक्ति से पहले हाउस ऑफ कॉमन मीडिया कचलर, मीडिया और स्पोर्ट्स सिलेक्ट कमेटी के क्रॉस-पार्टी (सर्वदलीय संसदीय समूह, जो आधिकारिक रूप से संसद का हिस्सा नहीं है) के सांसद उनसे बातचीत करेंगे और आवश्यक सवाल पूछेंगे।

ब्रिटेन की संस्कृति मंत्री लूसी फ्रेजर ने नियुक्ति प्रक्रिया के तहत चयन की पुष्टि करते हुए बुधवार को कहा, टीवी प्रोडक्शन और पत्रकारिता में 40 साल से अधिक का अनुभव रखने वाले डॉ. शाह बीबीसी अध्यक्ष



के पद के लिए पर्याप्त योग्यता रखते हैं। उन्होंने कहा, तेजी से बदलते मीडिया परिदृश्य में बीबीसी को सफल बनाने के लिए उनकी (शाह) महत्वाकांक्षा बिल्कुल स्पष्ट है और इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह बीबीसी को भविष्य की चुनौतियों से उबारने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। शाह ने कहा, इसमें कोई दो राय नहीं कि बीबीसी वैश्विक संस्कृति में हमारे सबसे अहम योगदानों में से एक है। उन्होंने कहा, मै अगर अपने कौशल, अनुभव और सार्वजनिक सेवा प्रसारण की समझ के दम पर इस संगठन को आने वाली विविध चुनौतियों के लिए तैयार कर पाया तो यह मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

औरंगाबाद में जन्मे शाह 1960 में इंग्लैंड आए और इससे पहले बीबीसी में सामयिकी और राजनीतिक कार्यक्रमों के प्रमुख के रूप में काम किया। बीबीसी के एक प्रवक्ता ने कहा, हम इस घोषणा का स्वागत करते हैं कि समीर शाह को बीबीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाने के लिए सरकार के पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में चुना गया है और औपचारिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद बोर्ड में उनके शामिल होने की उम्मीद है।

शाह के चयन को बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि अब बीबीसी में शीर्ष पर एक पत्रकार होगा। बीबीसी स्वतंत्र संस्था है, लेकिन इसके अध्यक्ष की नियुक्ति सरकार द्वारा की जाती है।

उनकी नियुक्ति ऐसे समय में महत्वपूर्ण मानी जा रही है जब बीबीसी आर्थिक संकट से गुजर रहा है। बीबीसी का लक्ष्य बढ़ती महंगाई और टीवी लाइसेंस की लागत पर दो साल की रोक के बीच, 50.0 करोड पाउंड की बचत करना है।

शाह को लाइसेंस शुल्क को लेकर सरकार के साथ बातचीत करने का भी काम सौंपा जाएगा।

# रूस में 17 मार्च को राष्ट्रपति चुनाव पुतिन का पद पर बना रहना तय

एपी। मॉस्को

**रूस** के सांसदों ने बुधवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए पांचवीं बार चुनाव लड़ने का मार्ग प्रशस्त करते हुए देश में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कराने की तारीख 17 मार्च 2024 तय की। पुतिन (71) ने अभी तक चुनाव लड़ने के अपने इरादे की घोषणा नहीं की है लेकिन चुनाव की तारीख तय होने के साथ उनके आगामी दिनों में ऐसा करने की उम्मीद है। पुतिन द्वारा किए गए संवैधानिक सुधारों के तहत वह अगले साल अपना मौजूदा कार्यकाल समाप्त होने के बाद दो बार और छह साल के कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ सकते हैं। रूस की राजनीतिक प्रणाली पर कड़ी पकड़ बनाए रखने के साथ पुतिन की जीत लगभग तय मानी जा रही है। चुनाव में उन्हें चुनौती देने



वाले उनके संभावित आलोचक या तो जेल में बंद हैं या विदेश में रह रहे हैं और ज्यादातर स्वतंत्र मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्वतंत्र जनमत सर्वेक्षणों के अनुसार, यूक्रेन में सैन्य अभियान और निजी सैन्य कंपनी के प्रमुख एवगेनी प्रिगोजिन की बगावत का पुतिन की साख पर कोई असर पड़ता नहीं दिखता है। मार्च में होने वाले चुनाव से पुतिन के कम से कम 2030 तक सत्ता में बने रहने की संभावना है।

## कनाडा में सिनेमाघर में हिंदी फिल्म के प्रदर्शन के दौरान अज्ञात पदार्थ हवा में छिड़का

**टोरंटो।** कनाडा में ग्रेटर टोरंटो के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में हिंदी फिल्में दिखाने वाले सिनेमाघरों में कुछ नकाबपोश व्यक्तियों द्वारा अज्ञात पदार्थ छिड़के जाने के बाद दर्शकों को वहां से निकाला गया और उसके संपर्क में आने वाले कुछ लोगों का इलाज किया गया। यह घटना इस सप्ताह के शुरुआत की है। स्थानीय पुलिस और मीडिया ने यह जानकारी दी। कनाडा की यॉर्क क्षेत्रीय पुलिस ने बुधवार को एक बयान में कहा कि ऐसी ही एक घटना मंगलवार को वॉन के एक सिनेमा परिसर में रात करीब नौ बजकर 20 मिनट पर हुई थी।

पुलिस ने कहा कि मास्क और हुड पहने दो लोगों ने एक सिनेमाघर में अज्ञात एवं एयरोसोल-आधारित एक पदार्थ हवा में छिड़क दिया जिसके बाद फिल्म देख रहे कई लोगों को खांसी आने लगी।

# इमरान खान की पत्नी और वकील के बीच बातचीत का ऑडियो लीक होने पर आईएसआई प्रमुख से रिपोर्ट तलब

भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को आईएसआई प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अंजुम से इस बारे में एक रिपोर्ट पेश करने को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी और उनके वकील लतीफ खोसा के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत की ऑडियो क्लिप कथित तौर पर लीक होने के पीछे किसका हाथ था।

जियो न्यूज की खबर के अनुसार, अदालत ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को बुशरा बीबी और उनके वकील के बीच बातचीत की क्लिप की फोरेंसिक जांच करने के लिए भी कहा ताकि यह पता चल सके कि यह कहां से जारी किया गया।

न्यायमूर्ति बाबर सत्तार ने खोसा द्वारा उनके और उनके मुवक्किल के



बीच हुई बातचीत की ऑडियो लीक होने के खिलाफ दायर एक याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश जारी किया। न्यायमूर्ति सत्तार ने याचिका की एक प्रति इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अंजुम को भेजने का भी निर्देश दिया और आईएसआई प्रमुख से इसको लेकर एक रिपोर्ट मांगी कि ऑडियो लीक के पीछे किसका हाथ है। अदालत ने एफआईए, पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पेमरा) और पाकिस्तान टेलीकम्युनिकेशन अथॉरिटी (पीटीए) को भी नोटिस जारी करके मामले पर उनका जवाब मांगा। अदालत ने मामले की सुनवाई 11 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति सत्तार ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान सवाल किया कि लोगों की निजी बातचीत का प्रसारण टेलीविजन चैनलों पर कैसे किया जा रहा है। इमरान खान की पत्नी और उनके वकील के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत की एक ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिससे संकेत मिलता है कि जब पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री जेल में हैं, उनके परिवार में सब कुछ ठीक नहीं है।

# क्रिस्टी ने निक्की हेली का मजाक उड़ाने के लिए विवेक रामास्वामी पर साधा निशाना

भाषा। वाशिंगटन

**न्यूजर्सी** के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी ने राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी में मुकाबले के दौरान प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी की आलोचना की, क्योंकि उन्होंने अपनी सहयोगी भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली की बुद्धिमत्ता का मजाक उड़ाया था।

क्रिस्टी(61) ने राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी को लेकर एरिजोना में रिपब्लिकन पार्टी की बहस के दौरान रामास्वामी को अहंकारी शख्स बताया। पूर्व राजदूत हेली और फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस बहस के मंच पर दो अन्य उम्मीदवार थे। क्रिस्टी की यह टिप्पणी ऐसे वक्त आई है, जब रामास्वामी ने हेली की आलोचना की थी और दावा किया था कि वह पूर्वी यूक्रेन में तीन प्रांतों का नाम नहीं बता सकीं जहां वह अमेरिकी सेना भेजेंगी। रामास्वामी (38) ने कहा, उन्हें नहीं पता कि उन प्रांतों के नाम क्या हैं, लेकिन वह हमारे बेटों और बेटियों को हमारे सैन्य उपकरणों के साथ वहां लड़ने के लिए भेजना चाहती हैं। रामास्वामी ने कहा, उनका निरूत्तर चेहरा देखिए..वह प्रांतों के नाम भी नहीं जानती हैं। इससे पहले कि हेली (51) रामास्वामी की टिप्पणी का जवाब दे पातीं, क्रिस्टी ने उन पर निशाना साधते हुए कहा, यह चौथी बहस है जिसके शुरुआती 20 मिनट में ही आपको अमेरिका में सबसे अहंकारी शख्स माना गया होगा। इसलिए चुप रहिए। क्रिस्टी ने कहा, अब हमें इस बहस में 25 मिनट हो गए हैं और उन्होंने निक्की हेली की समझदारी के प्रति तिरस्कार भाव दिखाया है। उनके पद का नहीं, उनकी बुनियादी समझदारी का कि वह क्षेत्रों को नहीं जानती हैं और वह मानचित्र पर कुछ भी नहीं ढूंढ पाएंगी जो उनके तीन-साल का बच्चा भी ढूंढ सकता है।

# इजराइल ने संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस की आलोचना की

भाषा। यरूशलम

**संयुक्त** राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस की तीखी आलोचना करते हुए इजराइल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका कार्यकाल विश्व शांति के लिए खतरा है। गुतारेस ने गाजा में आसन्न मानवीय तबाही के बारे में सुरक्षा परिषद को चेतावनी देने के लिए विशेष शक्ति का इस्तेमाल किया और परिषद से तत्काल मानवीय आधार पर युद्धविराम की मांग करने का आग्रह किया। बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों को लिखे एक पत्र में गुतारेस ने कहा कि दो महीने के युद्ध के बाद गाजा की मानवीय प्रणाली ढहने का खतरा है, जिसने भयानक मानवीय पीड़ा, विनाश और सामूहिक आघात पैदा किया है।

नागरिकों को नुकसान से बचाए



जाने का उल्लेख करते हुए गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 का उपयोग किया, जिसमें कहा गया है कि महासचिव यूएनएससी को उन मामलों के बारे में सूचित कर सकते हैं जो उन्हें लगता है कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय की जिम्मेदारी है कि वह इस संकट को और बढ़ने से रोकने और खत्म करने के लिए अपने प्रभाव का इस्तेमाल करे। इजराइल ने कहा कि गुतारेस का यह कदम हमास आतंकवादी समूह के समर्थन और सात अक्टूबर को इजराइल में उसके द्वारा किए गए कायरतापूर्ण कृत्यों का समर्थन करने जैसा है। इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, गुतारेस का कार्यकाल विश्व शांति के लिए खतरा है। कोहेन ने लिखा, अनुच्छेद 99 को लागू करने का उनका (गुतारेस) अनुरोध और गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान हमास आतंकवादी संगठन का समर्थन और बुजुर्गों की हत्या, बच्चों के अपहरण और महिलाओं के बलात्कार का समर्थन है। उन्होंने कहा, जो कोई भी विश्व शांति का समर्थन करता है उसे हमास से गाजा की मुक्ति का समर्थन करना चाहिए। यह पहली बार है कि गुतारेस ने 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव बनने के बाद चार्टर के अनुच्छेद 99 को लागू किया है।

# गुयाना के पांच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को ले जा रहा हेलीकॉप्टर लापता

एपी। जॉर्जटाउन (गुयाना)

**गुयाना** के पांच वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों को ले जा रहा सैन्य हेलीकॉप्टर वेनेजुएला के साथ लगने वाली देश की सीमा के पास बुधवार को लापता हो गया।

अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में खराब मौसम है और सीमा पर तनाव के बीच इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि विमान को मार गिराया गया है। सेना प्रमुख ब्रिगेडियर जनरल उमर खान के अनुसार, हेलीकॉप्टर में चालक दल के दो सदस्य पांच वरिष्ठ अधिकारियों को उस सीमा क्षेत्र की रक्षा करने वाले सैनिकों के निरीक्षण के लिए ले जा रहे थे, जिस पर वेनेजुएला अपना दावा करता है।

हाल के सप्ताहों में भारी उपकरणों और मशीनरी के साथ वेनेजुएला की सेनाएं सीमा पर जमा हो रही हैं, जिससे तनाव उत्पन्न हो गया है। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि वह अपने देश की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रहे हैं। खान ने बुधवार देर रात संवाददाताओं को बताया कि गुयाना के रक्षा बल ने ईंधन भरने के बाद पश्चिमी गुयाना में ओलिव क्रीक बस्ती से उड़ान भरी और उसी दौरान नए बेल 412 ईपीआई विमान से संपर्क टूट गया।

यह पूछे जाने पर कि क्या पहाड़ी और घने जंगलों वाले इलाके में उड़ान भरते समय विमान को गिरा दिया गया, खान ने कहा कि ऐसा कोई संकेत नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चलता हो कि उस क्षेत्र में वेनेजुएला के विमान ने कोई उड़ान भरी थी। मैं अटकलों में नहीं जाना चाहता। हमारी प्राथमिकता हमारे अधिकारियों और रैंकों की जान बचाना है। उन्होंने कहा कि बृहस्पतिवार को फिर से खोज शुरू होने पर अमेरिकी सरकार इसमें मदद करेगी।

## इंडोनेशिया के माउंट मरापी ज्वालामुखी में विस्फोट

**बातू पलानो (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के माउंट मरापी ज्वालामुखी में विस्फोट में जान गंवाने वाले 23 पर्वतरोहियों के शव मिलने के बाद अब तलाश अभियान खत्म हो गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनका मानना है कि सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। करीब 75 पर्वतारोहियों ने गत शनिवार को वेस्ट सुमात्रा प्रांत के आगम जिले में करीब 2,900 मीटर ऊंचे पर्वत पर चढ़ाई शुरू की थी, जो ज्वालामुखी विस्फोट के बाद वहां फंस गए थे। वेस्ट सुमात्रा के पुलिस प्रमुख सुहारयोनो ने पहले बताया था कि बुधवार को एक छात्रा का शव मिलने के बाद 23 लोगों की मौत की पुष्टि की गई। राष्ट्रीय आपदा राहत एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि खोज एवं बचाव नतीजों का विश्लेषण करने के बाद प्राधिकारियों ने माउंट मरापी में खोज एवं बचाव अभियान खत्म कर दिया है क्योंकि बुधवार देर रात तक सभी शव बरामद कर लिए गए।

सार्वजनिक सूचना
आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री सुखवीर सिंह पुत्र श्री चंदर सिंह ने इंद्राज नगर, बहटा हाजीपुर, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित संपत्ति एरिया परिमाप 150 वर्ग गज, खसरा नंबर 1150 मीन, पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 26.06.1987, दस्तावेज सं. 75 पुस्तक सं. 4, खंड सं. 3, पृष्ठ 35-41, दिनांक 27.07.1987 को पंजीकृत के माध्यम से मालिक हैं श्री ईश्वर सिंह पुत्र श्री दिलावर सिंह के द्वारा निष्पादित पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 27.07.1987 क्रम सं. 75 है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती कुसुम लता एवं श्री हर्ष तेवतिया उक्त संपत्ति को एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) के पास गिरवी रख दिया है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें। श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पौन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन 7011172764, 8130200837

Public Notice
This is to inform the general public that Mr. Girish Kumar is the sole owner of Residential plot no. 1196, area measuring 82.58 Sq. Mtrs., i.e., 98.75 Sq. Yds., situated at Mohalla Kumharan in the village Jahangirpur, (in Nagar panchayat) Pargana & Tehsil Jevar, Distt. Gautam Budh Nagar, U.P. This ownership was legally acquired through a Sale Deed dated 14.03.2022 vide doc. No. 3614, executed by Mr. Amit Goyal. Above said owner has misplaced the Original Sale Deed dated 16.09.2002 Doc. No. 117, SRO-Jevarexecuted by Mr. Fakir Chand in favour of Mr. Shivraj Chauhan and Original Sale deed dated 16.01.2006 doc. No.133by Mr. Shivraj Chauhan in favour of Mr. Kanchhi Singh. Anyone who finds the above-mentioned documents, kindly handover the same to the Manager of SMFG India Credit Co. Ltd. Mr. Girish Kumar is currently in the process of mortgaging the aforementioned plot with SMFG India Credit Co. Ltd, Our Client. Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 14 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 14-day period will not be considered binding with respect to the said plot or the interests of our client. If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 14-day period by contacting Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s) :+910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in

# महामारी से बचाव के उपाय के रूप में कोविड-19 को फैलने देने से पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस का इनकार

एपी। लंदन

**ब्रिटेन** के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बृहस्पतिवार को उन दावों को खारिज कर दिया कि वह कोरोना महामारी से बचाव के उपाय के रूप में कोविड-19 को आबादी के बीच फैलने देना चाहते थे।

जॉनसन ने एक सार्वजनिक जांच में पूछताछ के दूसरे दिन महामारी से निपटने के अपने तरीके का बचाव किया। जॉनसन ने इस दावे का पुरजोर खंडन किया। पूर्व प्रधानमंत्री से तत्कालीन मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार की डायरी में अंकित उन प्रविष्टियों की एक श्रृंखला पर जवाब मांगा गया था। इन प्रविष्टियों में संकेत दिया गया है कि पूर्व प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन के लोगों पर और प्रतिबंध लगाने के बजाय वायरस को तेजी से फैलने देने के पक्ष में तर्क दिया था ताकि कोविड-19 के खिलाफ लोगों की प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ सके।

पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि वह बस वैज्ञानिकों पर यह समझाने के लिए दबाव डाल रहे थे कि ऐसी रणनीति काम क्यों नहीं करेगी, क्योंकि सरकार में 2020 के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा लॉकडाउन लगाए जाने को



लेकर चर्चा चल रही थी। उस समय संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे थे और टीका उपलब्ध नहीं था। कोविड महामारी के दौरान ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे बोरिस जॉनसन ने इससे निपटने के प्रयासों के संबंध में की जा रही जांच के मामले में बुधवार को अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि सरकार से कुछ गलतियां हुईं, लेकिन उसने अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास किया था। एक न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले जांच दल ने जॉनसन से वर्ष 2020 की शुरुआत में कोविड महामारी के दौरान ब्रिटेन में लॉकडाउन लागू करने के प्रति उनकी कथित अनिच्छा और अन्य फैसलों के संबंध में सवाल पूछने की शुरुआत की।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई जल क्षेत्र में कथित रूप से प्रवेश कर मछली पकड़ने के आरोप में कम से कम 21 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया तथा उनकी चार नौकाओं को जब्त कर लिया गया। श्रीलंका की नौसेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मन्नार और कोविलन के पूर्वोत्तर जल क्षेत्र में बुधवार को भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने कहा कि 2023 में उन्होंने श्रीलंकाई जल क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में 195 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया। अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा को कथित रूप से पार करने और श्रीलंकाई जल क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में भारतीय मछुआरों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है।

# पशुपतिनाथ मंदिर के पास सात दिन तक मांस, शराब प्रतिबंधित

भाषा। काठमांडू

बाला चतुर्दशी पर्व

**नेपाल** में हिंदू त्योहार बाला चतुर्दशी के मद्देनजर बृहस्पतिवार से एक सप्ताह के लिए काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र के आसपास मांस, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री तथा खान-पान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

काठमांडू के पूर्वी बाहरी इलाके में पवित्र बागमती नदी के तट पर स्थित, पशुपतिनाथ मंदिर नेपाल में सबसे प्रतिष्ठित हिंदू मंदिर है। यह मंदिर एक प्रमुख पर्यटन स्थल है और दुनिया भर से सैकड़ों तथा हजारों हिंदू तीर्थयात्री यहां पूजा अर्चना के लिए आते हैं।

काठमांडू में जिला प्रशासन कार्यालय (डीएओ) ने कहा कि निषेधाज्ञा सात दिसंबर से 13 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। बाला चतुर्दशी, जिसे शतविजारोपण त्योहार भी कहा जाता है, सात से 13 दिसंबर के बीच मनाया जाएगा। चंद्र पंचाग के अनुसार बाला चतुर्दशी इस बार शनिवार को है। यह त्योहार उन हिंदुओं द्वारा मनाया जाता है जिनके परिवार के किसी सदस्य की पूरे वर्ष में मृत्यु हुई हो। त्योहार के दौरान, लोग अपने मृत परिजन की याद में पशुपतिनाथ मंदिर के पास श्लेशमंतक वन में फलों के साथ सात प्रकार के अनाज छिड़कते हैं।

Public Notice
This is to inform the general public that Mrs. Som Watiis the GPA Holder of Pvt. Flat no. 02, on upper ground floor, without roof rights, area measuring 56.1/2 sq. yds., plot no. 43 & 52, out of kharsa no. 415 & 416, situated in the revenue estate of village Nawada, Delhi state Delhi in the abadi known as Rama Park Road, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059.She acquired the above property through GPA, ATS, Will Deed dated 26.05.2022,executed by Mr. Raju Gulati.
Mrs. Som Watiis now sellingthe above said flat toMr. Sumit Chaudhary & Mr. Ganeshi Chaudhary and furtherMr. Sumit Chaudhary & Mr. Ganeshi Chaudhary are currently in the process of mortgaging the aforementioned flat with SMFG India HomeFinance Co., Our Client.Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said flat or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting Law Veritas:North (Advocates & Legal Consultants)at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in

# गाजा में मारे गए इजराइली नागरिकों में भारतीय मूल का सैनिक भी

भाषा। यरूशलम

**हमास** शासित गाजा पट्टी में इस सप्ताह लड़ाई के दौरान भारतीय मूल के एक इजराइली सैनिक की मौत हो गई। भारतीय यहूदी समुदाय के सदस्यों ने यह जानकारी दी।

भारतीय यहूदी समुदाय के लोगों ने बताया कि अशदोद के रहने वाले मास्टर सार्जेंट. (रेज.) गिल डेनियल की मंगलवार को गाजा में हत्या कर दी गई और जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृहनगर में सैन्य कब्रिस्तान में किया गया।

इजराइल के सुरक्षा बलों ने इस बात की पुष्टि की कि गाजा पट्टी में लड़ाई के दौरान मारे गए दो सैनिकों में गिल डेनियल भी शामिल थे।

भारतीय यहूदी विरासत केंद्र ने कहा, इस वीभत्स और क्रूर युद्ध में इजराइल ने अपने कई सैनिक खो दिए हैं। इस युद्ध में इजराइल ने राष्ट्र के सम्मान के लिए लड़ने वाले अपने कई सबसे अच्छे बेटे और बेटियों को खो दिया है। आज, हम एक और आईडीएफ (इजराइल रक्षा बल) सैनिक मास्टर सार्जेंट (रेज.) गिल डेनियल (34)की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हैं। वह योएल और माजल के पुत्र थे। बेने इजराइल समुदाय के सदस्य गिल डेनियल का का ताल्लुक भारत के महाराष्ट्र से है।

आईडीएफ द्वारा गाजा में अपना जमीनी अभियान शुरू करने के बाद से लड़ाई में लगभग 86 इजराइली सैनिक मारे गए हैं। सात अक्टूबर से



लेकर अब तक कम से कम भारतीय मूल के चार इजराइली सैनिकों के मारे जाने की जानकारी है।

इस बीच, गाजा पट्टी के दूसरे सबसे बड़े शहर रफाह के केंद्र में बुधवार को इजराइली सैनिकों ने हमास के आतंकवादियों को निशाना बनाकर हमले किए। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी।

इजराइल के जमीनी हमलों ने हजारों फलस्तीनियों को क्षेत्र के सबसे दक्षिणी छोर की ओर जाने के लिए मजबूर कर दिया है और सहायता समूहों को भोजन, पानी और अन्य आपूर्ति पहुंचाने से रोक दिया है।

वहीं, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार समूहों ने दावा किया है कि लगभग दो महीने पहले दक्षिण लेबनान में इजराइल की ओर से किए गए दो हमले स्पष्ट रूप से जानबूझकर किए गए थे और यह नागरिकों पर सीधा हमला था। इन हमलों में ब्रिटेन की समाचार एजेंसी रॉयटर्स के वीडियोग्राफर की मौत हो गई थी और छह अन्य पत्रकार घायल हो गए थे।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और मानवाधिकार निगरानी समूह ने कहा कि इजराइल के इन हमलों की युद्ध अपराध के रूप में जांच की जानी चाहिए।

सार्वजनिक सूचना
दिनांक : 08 दिसंबर 2023
मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम, (जिसे पहले कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल, पालम विहार के नाम से जाना जाता था) हमारे संरक्षकों को सूचित करता है कि 01 दिसंबर 2016 से 31 अगस्त 2018 तक हमारे मरीजों से संबंधित मेडिकल रिकॉर्ड (हार्ड कॉपी) 09 जनवरी 2024 के बाद नष्ट कर दिए जाएंगे।
यदि कोई मरीज या उनका कानूनी उत्तराधिकारी (रोगी के लिखित प्राधिकरण के तहत) मेडिकल रिकॉर्ड की एक प्रति प्राप्त करना चाहता है, तो वे 09 जनवरी 2024 को या उससे पहले चिकित्सा सेवाओं के प्रमुख को लिखित अनुरोध के साथ इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।
कृपया सूचित रहें कि हमने मेडिकल रिकॉर्ड को इलेक्ट्रॉनिक/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भी बनाए रखा है जो पुर्नप्राप्त करने योग्य है।
संयोजक,
मणिपाल हॉस्पिटल गुरुग्राम,
अस्पताल निदेशक

# राष्ट्रपति ने शिक्षा प्रणाली में बदलाव की जरूरत बताई, एआई को खतरा नहीं माना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के समावेशी विकास के लिए प्रबंधन संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने यहां लक्ष्मीपत सिंघानिया-आईआईएम लखनऊ नेशनल लीडरशिप अवार्ड्स प्रदान किए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने की मांग की और कहा कि जो इसे जानता है और सही तरीके से इसका इस्तेमाल करता है, उसे अपनी नौकरी जाने का कोई डर नहीं होना चाहिए। मुर्मू ने कहा, हमें देश के समावेशी तथा अधिक प्रभावी विकास के लिए प्रबंधन संस्थानों में शिक्षा प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की जरूरत है।

उन्होंने प्रबंधकों, शिक्षाविदों और संस्थान के प्रमुखों से भारतीय प्रबंधन अध्ययन को भारतीय कंपनियों, उपभोक्ताओं और समाज से जोड़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विदेशों के व्यवसायों के बारे में केस स्टडी और लेखों के बजाय देश में मौजूद भारतीय तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बारे में केस स्टडी लिखी और पढ़ाई जानी चाहिए।

उत्तराखंड में निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग से 41 श्रमिकों को बचाए जाने का जिक्र करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि बचाव अभियान की न केवल सराहना की जा रही है बल्कि इस पर नेतृत्व अध्ययन कराने की भी बात हो रही है। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है और जीवंत विषय है खासतौर पर संकट के वक्त नेतृत्व तथा टीमवर्म के लिहाज से।

राष्ट्रपति ने एआई पर कहा कि प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के कारण बहुत से लोगों में नौकरियां जाने को लेकर भय है। उन्होंने कहा, जो एआई के बारे में जानता है और उचित तरीके से उसका इस्तेमाल करता है उसे प्रौद्योगिकी नवोन्मेष के कारण नौकरी जाने का भय नहीं होना चाहिए। उन्होंने एआई के सभी आयामों को प्रबंधन शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने की अंधी दौड़ ने मानवता को नुकसान पहुंचाया है।

## गोपनीय जानकारी पाक एजेंट को लीक करने के आरोपी डीआरडीओ वैज्ञानिक को जमानत नहीं मिली

**पुणे।** पुणे की एक अदालत ने डीआरडीओ वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर को जमानत देने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया, जिसे इस साल मई में एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट को गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश वी आर कचारे ने यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया कि आरोपी के खिलाफ प्रथम दृष्टया मामला बनता है और अपराध गंभीर श्रेणी का है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ डेटा हासिल करने की आवश्यकता है। पुणे में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) से संबद्ध एक प्रयोगशाला के तत्कालीन निदेशक कुरुलकर को महाराष्ट्र आतंक रोधी दस्ता (एटीएस) ने तीन मई को एक महिला को गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया था, जो एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंटी निकली।



**नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, प्रहलाद जोशी व अन्य भाजपा सांसद पार्टी की संसदीय दल की बैठक के लिए जाते हुए**

# राष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्री तोमर, पटेल और सरुता का इस्तीफा स्वीकार किया

**नई दिल्ली( भाषा )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और रेणुका सिंह सरुता का इस्तीफा बृहस्पतिवार को स्वीकार कर लिया जिन्होंने हाल में हुए विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की है। राष्ट्रपति ने जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा को कृषि मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया।राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह के अनुसार केंद्रीय मंत्रिपरिषद से उनके इस्तीफे स्वीकार कर लिए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने मुंडा को कृषि मंत्रालय और किसान कल्याण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर को राज्य मंत्री के तौर पर जल शक्ति मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार को जनजातीय कार्य के मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

भाजपा ने फैसला किया था कि हाल में राज्य विधानसभाओं के लिए चुने गए उसके सभी 12 सांसद संसद की सदस्यता छोड़ देंगे, जिसके बाद केंद्रीय मंत्रियों तोमर, पटेल और सरुता ने इस्तीफा दे दिया। इससे संकेत मिलते हैं कि वे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में नई सरकारों में शामिल हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ से लोकसभा सांसद सरुता ने हाल में राज्य विधानसभा चुनाव लड़ा था और भरतपुर-सोनहत सीट से जीत दर्ज की थी।इस्तीफा देने वाले अन्य सांसदों में मध्य प्रदेश से राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह और रीति पाठक हैं, राजस्थान से किरोड़ी लाल मीणा, दीया कुमारी और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और छत्तीसगढ़ से गोमती साई और अरुण साव शामिल हैं। मीणा को छोड़कर सभी लोकसभा के सदस्य थे। मीणा राज्यसभा के सदस्य हैं।

# सरकार ने एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**घरेलू** खपत के लिए चीनी की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने और कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए केंद्र ने इस महीने शुरू हुए आपूर्ति वर्ष 2023-24 में एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस और चीनी के रस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, सरकार ने वर्ष 2023-24 में एथनॉल उत्पादन के लिए बी-शीरा के उपयोग की अनुमति दी है। इस फैसले का चीनी उद्योग निकायों ने स्वागत किया है। सभी चीनी मिलों और डिस्टिलिरी को बृहस्पतिवार को जारी एक पत्र में खाद्य मंत्रालय ने एथनॉल आपूर्ति वर्ष 2023-24 (दिसंबर-नवंबर) के दौरान एथनॉल उत्पादन के लिए गन्ने के रस । चीनी के रस का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश चीनी (नियंत्रण) आदेश 1966 के खंड 4 और 5 के अनुसार जारी किया गया है। खाद्य मंत्रालय ने पत्र में कहा, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को बी-हेवी शीरा से प्राप्त एथनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी।

मंत्रालय का यह निर्णय विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) में चीनी उत्पादन में गिरावट के अनुमान के बीच आया है। इस कदम का स्वागत करते हुए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ (एनएफसीएसएफ) के प्रबंध निदेशक प्रकाश पी नाइकनवरे ने कहा, अनुबंधित मात्रा के अलावा देश में बी-शीरा से बने एथनॉल का भारी भंडार पड़ा हुआ है। पत्र में उद्योग की चिंता का समाधान है। हालांकि, पत्र में कुछ अस्पष्टताएं हैं जिसमें कहा गया है कि बी-हेवी शीरा से ओएमसी द्वारा प्राप्त मौजूदा प्रस्तावों से एथनॉल की आपूर्ति जारी रहेगी। क्या मौजूदा निविदा समाप्त होने के बाद इसे वापस ले लिया जाएगा? इसके बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।

उन्होंने कहा कि साथ ही, अकेले गन्ने के रस और चीनी सिरप से एथनॉल बनाने के लिए भी कुछ इकाइयां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि अगर ए इकाइयां परिचालन में नहीं रहेंगी तो रुग्ण हो जाएंगी। ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) के अध्यक्ष प्रफुल्ल विठलानी ने कहा, आदेश के अनुसार, बी-शीरा उत्पादन मौजूदा प्रस्ताव के खिलाफ जारी रहेगा, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह अगले बी-शीरा टेंडर के लिए जारी रहेगा या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि चीनी की स्थिति स्पष्ट होने तक ओएमसी बी-मोलासिस एथनॉल के लिए नई निविदा नहीं ला सकते हैं।

उद्योग संगठन भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने विपणन वर्ष 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) चीनी उत्पादन नौ प्रतिशत की गिरावट के साथ 337 लाख टन रहने का उत्पादन लगाया है। इसने एथनॉल उत्पादन के लिए चीनी के स्थानांतरण का अनुमान नहीं लगाया है। भारत ने विपणन वर्ष 2022-23 के दौरान 61 लाख टन चीनी का निर्यात किया, जबकि पिछले वर्ष रिकॉर्ड 112 लाख टन का निर्यात हुआ था। सरकार ने अभी तक इस विपणन वर्ष के लिए निर्यात की अनुमति नहीं दी है। खाद्य मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए केंद्र सरकार ने गेहूं और टूटे चावल के निर्यात पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। इसने बासमती चावल के लिए न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) भी तय किया है।

# उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 324 पद रिक्त: सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में बताया कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के 320 से अधिक पद रिक्त हैं। उच्च सदन में एक सवाल के लिखित जवाब में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी कहा कि मौजूदा मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर (एमओपी) के अनुसार, उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और न्यायाधीशों का स्थानांतरण जनहित में किया जाता है ताकि पूरे देश में न्याय के बेहतर प्रशासन को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने कहा, एमओपी में न्यायाधीशों के एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के लिए कोई समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है।

एमओपी को 1998 में तैयार किया गया था। यह दस्तावेजों का एक सेट है जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति, पदोन्नति और स्थानांतरण संबंधी फैसलों का मार्गदर्शन करता है। चूंकि, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता, इसलिए यह उनकी नियुक्ति और पदोन्नति का मार्गदर्शन करता है। चार दिसंबर की स्थिति के अनुसार शीर्ष अदालत प्रधान न्यायाधीश सहित 34 न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के साथ काम कर रही है।

मेघवाल ने कहा कि जहां तक उच्च न्यायालयों का संबंध है, न्यायाधीशों के।,114 स्वीकृत पदों में से 790 न्यायाधीश काम कर रहे हैं और 324 पद रिक्त हैं। मेघवाल ने कहा कि इस साल जनवरी तक उच्च न्यायालय कॉलेजियम से प्राप्त 171 प्रस्ताव प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं। इस वर्ष 121 नए प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, कुल 292 प्रस्तावों में से 110 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है और 60 सिफारिशें उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सलाह पर उच्च न्यायालयों को भेजी गई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस साल चार दिसंबर तक 122 प्रस्तावों पर कार्वाई की जा रही है।

# ओडिशा सरकार जगन्नाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वातानुकूलित संरचना स्थापित करेगी

**भाषा।** भुवनेश्वर

**ओडिशा** सरकार ने जगन्नाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कतार प्रबंधन प्रणाली को सुव्यवस्थित करने के वास्ते पुरी स्थित ग्रैंड रोड पर वातानुकूलित लचीली फैब्रिक संरचना स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ओडिशा ब्रिज एंड कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओबीसीसी) के एक वरिष्ठ अभियंता प्रभात कुमार पाणिग्रही ने कहा कि कपड़े की यह लचीली संरचना तीन तरफ से ढकी होगी और यह एक सुरंग की तरह दिखेगी। यह 12 मीटर चौड़ी और 84 मीटर लंबा होगी। ओबीसीसी, पुरी में विरासत गलियारा परियोजना के तहत विभिन्न बुनियादी ढांचे का कार्यान्वयन कर रहा है। पाणिग्रही ने कहा कि यह संरचना ग्रैंड रोड पर मंदिर से पहले धर्मज्योति लॉज से मंदिर कार्यालय तक नाले से लगभग दो मीटर की दूरी पर स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समर्पित गलियारे का उपयोग केवल मंदिर में प्रवेश के लिए किया जाएगा। वर्तमान में 12वीं शताब्दी के मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश के लिए मंदिर के सामने एक अस्थाई संरचना स्थापित की गई है। अभियंता ने कहा कि बुजुर्ग श्रद्धालुओं और बच्चों को मंदिर में प्रवेश करने से पहले घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है। पाणिग्रही ने कहा कि मंदिर में भक्तों की सुचारू यात्रा सुनिश्चित करने के लिए वातानुकूलित संरचना स्थापित करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि ढांचा स्थापित करने के लिए बुधवार को माप लेने की प्रक्रिया शुरू की गई तथा इसे 25 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# फरवरी में पेश होने वाले बजट में कोई बड़ी घोषणा नही होगी

**भाषा।** नई दिल्ली




**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने कहा है कि एक फरवरी, 2024 को पेश किए जाने वाले बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि यह आम चुनाव से पहले पेश होने वाला लेखानुदान होगा। यह सीतारमण का छठा बजट होगा। सीतारमण ने सीआईआई-वैश्विक आर्थिक नीति मंच को संबोधित करते हुए कहा कि अगले साल अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों के बाद चुनी हुई नई सरकार वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट जुलाई में पेश करेगी।

सीतारमण एक फरवरी, 2024 को लोकसभा में एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए अंतरिम बजट पेश करेंगी। उन्होंने कहा, ...यह सच है कि एक फरवरी, 2024 को जो बजट घोषित किया जाएगा। यह सिर्फ लेखानुदान होगा। इसका कारण अप्रैल-मई में होने वाला आम चुनाव है। इसीलिए सरकार जो बजट पेश करेगी वह सिर्फ तबतक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने को लेकर होगा जबतक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। यह पूछे जाने पर कि क्या वह फरवरी में पेश होने वाले बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं करेंगी, उन्होंने कहा, उस समय (लेखानुदान में) कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी। अत: आपको नई सरकार के आने तथा जुलाई, 2024 में पेश होने वाले पूर्ण बजट तक इंतजार करना होगा।

अरुण जेटली के बीमार पड़ने के बाद वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे पीयूष गोयल ने 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के लगातार दूसरी बार सत्ता में आने के बाद सीतारमण को वित्त मंत्री बनाया गया था। उन्होंने पांच जुलाई, 2019 को पूर्ण बजट पेश किया था। वास्तव में लेखानुदान के जरिए नई सरकार के कार्यभार संभालने तक कुछ जरूरी खर्च करने के लिए व्यवस्था की जाती है।

सरकारें पूर्व में लेखानुदान के दौरान कोई भी बड़ी नीतिगत घोषणा करने से बचती रही हैं लेकिन बड़ी घोषणाएं करने पर कोई संवैधानिक रोक नहीं है। गोयल ने 2019 में पेश अंतरिम बजट में 12 करोड़ किसानों को 6,000 रुपए प्रति वर्ष नकद सहायता दिए की घोषणा की थी। इसके अलावा, मध्यम वर्ग के लिए कर रियायतों की भी घोषणा की थी। इसमें वेतनभोगी वर्ग के लिए मानक कटौती को 40,000 रुपए से बढ़ाकर 50,000 रुपए करना शामिल था।

साथ ही, 2019 के अंतरिम बजट में व्यक्तिगत करदाताओं के लिए पांच लाख रुपए तक की कर योग्य वार्षिक आय पर पूरी तरह से कर छूट की घोषणा की गई। यानी ऐसे करदाताओं को कोई कर देने की जरूरत नहीं होगी, जिनकी सालाना आय पांच लाख रुपए है। बजट से एक दिन पहले हर साल आर्थिक समीक्षा पेश की जाती है। लेकिन सरकार लेखानुदान से पहले इसे पेश नहीं करती है। अर्थव्यवस्था की स्थिति बताने वाली आर्थिक समीक्षा जुलाई में पेश होने वाले पूर्ण बजट से पहले पेश की जाएगी।

# देश के जीडीपी में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 2026 तक 20 प्रतिशत होगा: चंद्रशेखर

**भाषा।** गांधीनगर

**केंद्रीय** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है कि 2026 तक देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में डिजिटल अर्थव्यवस्था का योगदान 20 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। चंद्रशेखर गुजरात सरकार द्वारा प्रदेश की राजधानी में हेलीपैड ग्राउंड में आयोजित स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2023 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था 2014 में जीडीपी का लगभग 4.5 प्रतिशत थी और आज यह 11 प्रतिशत है। 2026 तक डिजिटल अर्थव्यवस्था भारतीय जीडीपी का 20 प्रतिशत या पांचवां हिस्सा होगा।

चंद्रशेखर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2015 में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू करने के समय निर्धारित लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं ने गुणात्मक और मात्रात्मक रूप से हमारी अर्थव्यवस्था, हमारे नवाचार परिवेश और दुनिया में एक राष्ट्र के रूप में हमारी स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की स्थिति लगभग तीन दशक तक प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता से बदलकर दुनिया के लिए उपकरणों, उत्पादों और मंच निर्माता की हो गई है।

मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में पिछले नौ साल के दौरान यह एक उल्लेखनीय परिवर्तन था। हमारी अर्थव्यवस्था, जिसपर कभी कुछ समूहों या खंडों का वर्चस्व था, अब एक अत्यधिक विविधता वाली अर्थव्यवस्था बन गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अब दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली डिजिटल अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा, जिस स्वतंत्र भारत में हम रह रहे हैं, उसके इतिहास में यह सबसे रोमांचक समय है। यह भारत में नवाचार और प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए अबतक का सबसे रोमांचक समय है। मैं यह कह रहा हूं कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के पदभार संभालने के बाद से हमारा नवाचार परिवेश और डिजिटल अर्थव्यवस्था कितनी आगे बढ़ गई है। चन्द्रशेखर ने कहा कि स्टार्टअप और नवाचार के लिए सबसे अच्छा समय अभी आना बाकी है क्योंकि अगला दशक इन्हीं के लिए अवसरों का होगा।

# अदालत ने शिवलिंग पर बिच्छू संबंधी टिप्पणी के मामले में थरूर को दलीलें पेश करने का अंतिम मौका दिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर को उस याचिका पर दलीलें पेश करने का अंतिम मौका दिया जिसमें उन्होंने शिवलिंग पर बिच्छू वाली उनकी कथित टिप्पणी को लेकर भाजपा नेता की शिकायत पर अपने खिलाफ शुरू की गई मानहानि की कार्यवाही को चुनौती दी है। थरूर द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बनाते हुए कथित तौर पर शिवलिंग पर बिच्छू वाली टिप्पणी की थी। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने थरूर के वकील के अनुरोध पर मामले को 15 मार्च, 2024 तक के लिए स्थगित कर दिया और उनसे लिखित दलीलें प्रस्तुत करने को कहा। हालांकि, अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि यदि सुनवाई की अगली तारीख पर मामले पर बहस नहीं हुई तो याचिका पर लिखित दलीलों के आधार पर फैसला किया जाएगा।

उच्च न्यायालय ने 16 अक्टूबर, 2020 को मानहानि की शिकायत पर थरूर के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। अदालत ने नोटिस जारी किया था और निचली अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती देने वाली थरूर की याचिका पर शिकायतकर्ता राजीव बब्बर से जवाब मांगा था। थरूर ने निचली अदालत के 27 अप्रैल, 2019 के आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया, जिसके द्वारा उन्हें आपराधिक मानहानि शिकायत में आरोपी के रूप में समन किया गया था। उन्होंने दो नवंबर, 2018 की शिकायत को भी रद्द करने की मांग की थी।

थरूर के वकील ने दलील दी थी कि निचली अदालत का आदेश कानून की दृष्टि से असंगत था और आपराधिक न्यायशास्त्र के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ था, क्योंकि उसने इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया था कि बब्बर की शिकायत पूरी तरह से झूठी थी। अपनी शिकायत में बब्बर ने दावा किया था कि कांग्रेस नेता की टिप्पणियों से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

शशि थरूर ने अक्टूबर 2018 में कथित तौर पर दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक अज्ञात नेता ने प्रधानमंत्री मोदी की तुलना शिवलिंग पर बैठे बिच्छू से की थी और इसे एक रूपक बताया था। शिकायतकर्ता ने कहा था, मैं भगवान शिव का भक्त हूं...हालांकि, आरोपी (शशि थरूर) ने करोड़ों शिव भक्तों की भावनाओं की पूरी तरह से अनदेखी की, (और) बयान दिया जिससे भारत में और देश के बाहर सभी शिव भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची। शिकायत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 499 (मानहानि) और 500 (मानहानि की सजा) के तहत दर्ज की गई थी। शशि थरूर को जून 2019 में निचली अदालत ने मामले में जमानत दे दी थी।

## इंडिया की अगली बैठक के एजेंडे में शीर्ष पर होगा सीट बंटवारे का मुद्दा

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की अगली बैठक के एजंडे में अगले लोकसभा चुनाव के लिए घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल का मुद्दा शीर्ष पर होगा। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 17 से 20 दिसंबर के बीच होगी। बैठक की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन बैठक दिसंबर के तीसरे हफ्ते में होगी। इंडिया गठबंधन के कई घटक विभिन्न राज्यों में सीट बंटवारे पर तेजी से निर्णय लेने के लिए दबाव डाल रहे हैं ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए पर्याप्त समय मिल सके और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन किया जा सके। इंडिया के 17 घटक दलों के संसदीय दल के नेताओं ने बुधवार को यहां बैठक की थी जिसमें संसद के वर्तमान शीतकालीन सत्र से जुड़े मुद्दों और 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। कांग्रेस का कहना है कि गठबंधन के घटक दलों के प्रमुख नेताओं की बैठक की तारीख के बारे में एक-दो दिन में घोषणा की जाएगी। अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है।

# भाजपा ने बिहार डीएनए टिप्पणी के लिए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की आलोचना की

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की बिहार डीएनए टिप्पणी की बृहस्पतिवार को आलोचना की और यह मांग की कि कांग्रेस सहित विपक्षी इंडिया गठबंधन के सदस्य इसकी निंदा करें तथा नवनियुक्त मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहें। रेड्डी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कथित तौर पर कहा था कि तेलंगाना के प्रथम मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) में बिहारी जीन है और उन्होंने संकेत दिया था कि वह केसीआर की तुलना में राज्य के लिए बेहतर विकल्प हैं। उन्होंने कथित तौर पर कहा था, मेरा डीएनए तेलंगाना का है। केसीआर का डीएनए बिहार का है। वह बिहार के रहने वाले हैं। केसीआर की जाति कुर्मी हैं, वे बिहार से विजयनगरम और वहां से तेलंगाना आए। तेलंगाना का डीएनए बिहार के डीएनए से बेहतर है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रेड्डी की टिप्पणी को बेहद शर्मनाक, विभाजनकारी और अहंकारी करार दिया और मांग की कि कांग्रेस और इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस) गठबंधन के अन्य सदस्य इसकी निंदा करें। उन्होंने बिहार के लोगों के खिलाफ ऐसी टिप्पणी करने के लिए रेड्डी से भी माफी मांगने को कहा।

प्रसाद ने संसद परिसर में कहा, मैं उनकी टिप्पणी की निंदा करता हूं। उन्होंने कहा, क्या वह देश को तोड़ना चाहते हैं? यहां बड़ा सवाल यह है कि इंडिया गठबंधन के सदस्य चुप क्यों हैं। नीतीश कुमार ने अब तक (रेड्डी की टिप्पणी पर) कुछ क्यों नहीं कहा? बिहार में कांग्रेस के सदस्य क्या कर रहे हैं? प्रसाद ने रेड्डी की टिप्पणी पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, आपके मुख्यमंत्री एक क्षेत्र के डीएनए को कमजोर बताते हैं और अपनी ही पार्टी के नेताओं (जो बिहार में हैं) के खिलाफ बहुत शर्मनाक जातिवादी टिप्पणी करते हैं, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हम इसकी निंदा करते हैं। अगर कांग्रेस पार्टी को देश में एकता के महत्व की थोड़ी सी भी समझ है तो उसे इसकी निंदा करनी चाहिए।

बक्सर से भाजपा सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि रेड्डी की तुच्छ टिप्पणी से बिहार के लोगों की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इसका जवाब देने की मांग की। कांग्रेस नेता देश में गंदा माहौल बना रहे हैं... जिस तरह की ओछी टिप्पणी कांग्रेस नेता ने की है... (तेलंगाना के) मुख्यमंत्री ने जो टिप्पणी की है, उसपर लोग उन्हें करारा जवाब देंगे। भाजपा सांसद और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने भी रेड्डी की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधा और मांग की कि वे तेलंगाना के मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहें। इंडी गठबंधन के सदस्य हिंदू धर्म और सनातन धर्म का अपमान करते रहे हैं। अब वे बिहार डीएनए पर आ गए हैं। क्या यह कहना उचित है कि तेलंगाना डीएनए बिहार के डीएनए से बेहतर है और वे दूसरे राज्य के लोगों के खिलाफ इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी करें?

# गौतम गंभीर ने मुझे फिक्सर कहा : श्रीसंत

## जांच करेगा एलएलसी

**भाषा** । सूरत

**भारत** के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत के गुरुवार को यहां लीजेंड्स लीग (एलएलसी) क्रिकेट के मैच के दौरान गौतम गंभीर पर उन्हें फिक्सर कहने का आरोप लगाने के बाद एलएलसी ने कहा कि वह इसकी आंतरिक जांच कराएगा।

एलएलसी ने कहा कि अगर किसी भी खिलाड़ी के खिलाफ गलत आचरण के साक्ष्य मिलते हैं तो इससे सख्ती से निपटा जाएगा। बुधवार को इंडियन कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच एलएलसी के एलिमिनेटर मैच के दौरान श्रीसंत और उनके पूर्व साथी गंभीर के बीच तीखी बहस हो गई थी। इसके बाद दोनों विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को अलग करने के लिए अंपायर को हस्तक्षेप करना पड़ा।

श्रीसंत ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाइव आकर कहा, वह लाइव टीवी पर मुझे फिक्सर फिक्सर कहता रहा, तुम फिक्सर हो।

श्रीसंत ने कहा, मैंने सिर्फ यही कहा, आप क्या कह रहे हो। मैं मजाकिया अंदाज में हंसता रहा। जब अंपायर उन्हें शांत करने की कोशिश कर रहे थे तो उन्होंने उनसे भी इसी भाषा में बात की। श्रीसंत पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2013 में स्पॉट फिक्सिंग प्रकरण में उनकी कथित लिप्तता के कारण बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की अनुशासनात्मक समिति ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने 2019 में इस प्रतिबंध को घटाकर सात साल का कर दिया था।

एलएलसी की आचार संहिता एवं नैतिक समिति के प्रमुख सैयद किरमानी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, लीजेंड्स क्रिकेट लीग क्रिकेट और खेल भावना को बनाए रखने की कोशिश करती है और आचार संहिता के इस उल्लघंन के लिए एक आंतरिक जांच की जाएगी। मैदान के बाहर या अंदर, या फिर सोशल मीडिया मंच पर हुए किसी भी तरह के गलत आचरण




से सख्ती से निपटा जाएगा। भारत के इस पूर्व महान विकेटकीपर ने कहा, आचार संहिता में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि लीग, खेल भावना और जिस टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, उसे बदनाम करने के लिए खिलाड़ियों पर जरूरी कार्वाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम अपना रूख स्पष्ट करते हैं तथा देश और दुनिया भर के लाखों खेल प्रेमियों के साथ खेल साझा करने की ओर काम करना जारी रखेंगे।

श्रीसंत ने कहा कि उन्होंने किसी भी तरह के गलत शब्द का इस्तेमाल नहीं किया और वह नहीं समझ सके कि गंभीर का ऐसा करने का क्या कारण था। श्रीसंत ने कहा, मैंने किसी अपशब्द का इस्तेमाल नहीं किया। कृपया सच का समर्थन करें। वह कई लोगों के साथ ऐसा करता रहा है। मुझे नहीं पता कि उसने यह क्यों शुरू किया और यह ओवर के अंत में हुआ।

उन्होंने कहा, अब उनके लोग कह रहे हैं कि उन्होंने सिक्सर सिक्सर बोला है, लेकिन उन्होंने बोला यू फिक्सर तू फिक्सर है। यह बात करने का तरीका नहीं है। मैं इस घटना को यहीं खत्म करने का सोच रहा हूं लेकिन उनके लोग उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप एक्स्ट्रा पेड पीआर वर्क (अतिरिक्त भुगतान पर जनसंपर्क करने वाले) के झांसे में नहीं आए। वहीं एलएलसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रमन रहेजा ने कहा कि लीग अनुबंध के उल्लंघन के खिलाफ उचित कार्वाई करेगी। रहेजा ने कहा, लीजेंड्स क्रिकेट लीग के सभी अनुबंधित खिलाड़ी गलत आचरण से संबंधित कुछ निश्चित शर्तो से बंधे हैं तथा आचार संहिता और नैतिक समिति द्वारा निर्धारित आचार संहिता के अनुसार ही जरूरी कार्वाई की जाएगी। एलएलसी ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार किया और कहा कि इसने बेहद रोमाचंक सत्र से थोड़े समय के लिए ध्यान हटा दिया है। श्रीसंत करीब एक घंटे तक लाइव रहे। गंभीर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के सांसद हैं। गंभीर ने भारतीय जर्सी में खुद की मुस्कुराती हुई फोटो एक्स पर साझा करते हुए लिखा, जब दुनिया का काम ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का हो तो मुस्कुराते रहो।

# गुलशन कुमार ने पांचवें वरीय क्रिस्टोफरसेन को हराकर उलटफेर किया, क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**भाषा** । गुवाहाटी

**भारत** के कार्तिकेय गुलशन कुमार ने गुरुवार को यहां डेनमार्क के पांचवें वरीय मैड्स क्रिस्टोफरसेन को हराकर उलटफेर करते हुए गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

कार्तिकेय ने 36 मिनट तक चले मुकाबले में क्रिस्टोफरसेन को 21-18, 21-15 से मात दी।

पहला गेम करीबी रहा जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कई बार बढ़त बनाई और दूसरे गेम में कार्तिकेय ने अपने दानिश प्रतिद्वंद्वी को किसी भी समय बढ़त नहीं हासिल करने दी।

कार्तिकेय का सामना अब मलेशिया के चीम जूने वेई से होगा जिन्होंने शुभंकर डे को 21-15, 21-15 से मात दी। अच्युतादित्य राव और वेंकटा हर्षावर्धन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने चीनी ताइपे के वेई चुन वेई और वु गुयान जुन की चौथी वरीय जोड़ी पर 24-22, 23-21 से जीत हासिल की।



हरिहरन अम्साकरूणानन और रूबान कुमार ने थाईलैंड के फारानयु काओसामांग और वोरापोल थोंगसानगा की तीसरी वरीय जोड़ी को 16-21, 22-20, 21-16 से मात दी। पुरुष एकल में कोई अन्य भारतीय क्वार्टरफाइनल में जगह नहीं बना सका। राष्ट्रीय चैम्पियन मिथुन मंजूनाथ, समीर वर्मा और विश्व जूनियर कांस्य पदक विजेता आयुश शेट्टी प्री क्वार्टरफाइनल में हार गए।

महिलाओं के एकल में उन्नति हुड्डा ने चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त सुंग शोयू युन के खिलाफ शुरूआती गेम जीता लेकिन 11-21, 21-15, 21-19 से हार गईं।

मालविका बंसोड़ हमतवन तान्या हेमंत को 21-13, 21-17 से हराकर अंतिम आठ में पहुंची। पांचवीं वरीय आकर्षी कश्यप और सामिया इमाद फारूकी प्री क्वार्टरफाइनल में बाहर हो गईं। महिलाओं के युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने हुड्डा और पलक अरोड़ा पर 21-13, 21-8 की जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

### गत चैम्पियन गोकुलम केरला का सामना आईडब्ल्यूएल के शुरुआती मैच में सेतु एफसी से

**कोझीकोड।** गत चैम्पियन गोकुलम केरला एफसी शुक्रवार को यहां सातवीं इंडियन वुमैन्स लीग (आईडब्ल्यूएल) के शुरूआती फुटबॉल मैच मे सेतु एफसी से भिड़ेगा। पहली बार आईडब्ल्यूएल घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर डबल राउंड रॉबिन प्रारूप मे खेला जाएगा। इससे पहले सभी छह सत्र एक ही स्टेडियम मे खेले गए थे। सात टीमे तीन महीने तक एक दूसरे से भिड़ेंगी और लीग का समापन 24 मार्च 2024 को होगा। लीग की अन्य टीम हॉप्स एफसी, ईस्ट बंगाल, ओडिशा एफसी, किकस्टार्ट एफसी और स्पोर्ट्स ओडिशा है। गोकुलम केरला ने पिछले तीन आईडब्ल्यूएल खिताब अपने नाम किए है।

### यूजीलैंड ओपन : सेंथिल कुमार, अभय सिंह दूसरे दौर में बाहर

**टाउरंगा (न्यूजीलैंड)।** एशियाई खेलो के स्वर्ण पदक विजेता अभय सिंह और मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार न्यूजीलैंड ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। सेंथिल कुमार को दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी कीवी पॉल कोल ने 11 - 7, 11 -1, 11 - 2 से हराया। अभय को दुनिया के 14वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के बापटिस्टे मासोटी के हाथो 8 - 11, 5 - 11,1 - 11 से शिकस्त झेलनी पड़ी। दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी अभय ने पहले दौर मे शाहजहान खान को 3 - 2 से हराया था। वही महिला वर्ग मे आकांक्षा सालुंके को मलेशिया की एइरा अजमान ने पहले दौर मे 3 - 0 से हराया।

### रीयल कश्मीर के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद डेक्कन एफसी दूसरे स्थान पर

**श्रीनगर।** श्रीनिधि डेक्कन एफसी गुरुवार को यहां रीयल कश्मीर एफसी के साथ गोल रहित ड्रॉ के साथ आईलीग फुटबॉल तालिका मे दूसरे स्थान पर पहुंच गया। डेक्कन एफसी के अब नौ मैच मे 17 अंक है। कश्मीर की टीम आठ मैच मे 14 अंक के साथ चौथे स्थान पर खिसक गई है। डेक्कन को दूसरे हाफ मे मैच जीतने का स्वर्णिम मौका मिला था लेकिन जगदीप सिंह का दाएं छोर से लगाया गया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। डेक्कन को पिछले मैच मे अंक तालिका मे शीर्ष पर चल रहे मोहम्मडन स्पोर्टिंग के खिलाफ 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। डेक्कन की टीम अब 11 दिसंबर को दिल्ली एफसी के खिलाफ उतरेगी।

### सालाह की दृष्टि साल के सर्वश्रेष्ठ अफ्रीकी खिलाड़ी पुरस्कार पर

**काहिरा (मिस्र)।** मोहम्मद सालाह की नजरें साल के सर्वश्रेष्ठ अफ्रीकी फुटबॉल खिलाड़ी के पुरस्कार की हैट्रिक पर टिकी है और गुरुवार को उन्हें अचरफ हकीमी और विक्टर ओसिमहेन के साथ इस पुरस्कार के लिए तीन पुरुष दावेदारों मे शामिल किया गया। इस साल सऊदी अरब के क्लबों से जुड़ने वाले दो पूर्व विजेताओं सादियो माने और रियाद महरेज को सूची मे जगह नही मिली है। सालाह 2017 और 2018 मे लगातार दो साल अफ्रीका के साल के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी का पुरस्कार जीत चुके है। महिला वर्ग मे पांच बार की विजेता असिसात ओशोआला को थेम्बी गातलाना और बारबरा बांदा से चुनौती मिलेगी। अफ्रीका फुटबॉल परिसंघ (सीएएफ) ने मोरक्को के माराकेश में सोमवार को होने वाले अपने वार्षिक पुरस्कार समारोह से पूर्व नामित खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की।

# इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला में बराबरी की

**एपी** । नॉर्थ साउंड (एंटीगा)

**विल** जैक्स के 73 रन और सैम कुरेन के तीन विकेट के दम पर इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में छह विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में । . । से बराबरी की।

इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा था और मेजबान टीम 40 ओवर में 202 रन पर आउट हो गई। वहीं जैक्स के दूसरे अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड ने 33 ओवर में चार विकेट पर 206 रन बनाए।

### अब अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी था, फॉर्म में लौटने पर बोले बटलर

**नॉर्थ साउंड ( एंटीगा )।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने कहा है कि वह अपने खराब फॉर्म से आजिज आ चुके थे और अब अच्छा प्रदर्शन करना बहुत जरूरी हो गया था। वनडे विश्व कप में फॉर्म के लिए जूझते रहे बटलर ने सितंबर के बाद से पहला अर्धशतक जमाया। उनके 45 गेंद में नाबाद 58 रन की मदद से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में छह विकेट से हराया। बटलर ने बीबीसी से कहा , मैं फॉर्म के लिए जूझ रहा था। खराब फॉर्म से तंग आ गया था। अब यह जरूरी हो गया था कि अपने चिर परिचित अंदाज में खेलूं। अपनी इस पारी के साथ उन्होंने वनडे क्रिकेट में 5000 रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने कहा , बहुत खुश हूं। इस तरह की उपलब्धियों से अच्छा लगता है। पिछला कुछ समय काफी खराब था। बटलर की कप्तानी में इंग्लैंड ने पिछले साल टी20 विश्व कप जीता था। इस साल वनडे विश्व कप में गत चैम्पियन टीम हालांकि सातवें स्थान पर रही।

वेस्टइंडीज के लिए पहले मैच में नाबाद 109 रन बनाने वाले शाई होप ने 68 रन की पारी खेली।

एक समय सात ओवर के बाद वेस्टइंडीज का स्कोर चार विकेट पर 23 रन था लेकिन होप ने शेरफान रदरफोर्ड (63) के साथ 129 रन की साझेदारी करके पारी को संभाला। उन्होंने 44 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और 68 गेंद में 68 रन बनाए।

रदरफोर्ड ने 71 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। जवाब में जैक्स ने फिल साल्ट(21) के साथ 50 रन की साझेदारी की और 43 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इंग्लैंड के जाक क्रॉउले और बेन डकेट जल्दी आउट हो गए लेकिन हेनरी ब्रूक और जोस बटलर ने 17 . । ओवर बाकी रहते टीम को जीत दिलाई। बटलर 58 रन बनाकर और ब्रूक 43 के स्कोर पर नाबाद रहे।

बटलर ने 36 रन पूरे होते ही वनडे क्रिकेट में 5000 रन पूरे कर लिए। इससे पहले शुरूआती वनडे में होप इस आंकड़े तक पहुंचे थे।

# बांग्लादेश-न्यूजीलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश की भेंट चढ़ा

**एपी** । मीरपुर (बांग्लादेश)

**बांग्लादेश** और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां बारिश के कारण एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी।

मैच के पहले दिन बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 172 रन पर आउट हो गई थी लेकिन मेजबान टीम ने वापसी करते हुए न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन करके अपना पलड़ा भारी रखा।

लगातार बारिश के कारण मैच अधिकारियों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया और साथ ही शुक्रवार को मैच जल्दी शुरू करने का भी फैसला किया।

न्यूजीलैंड की टीम अब भी बांग्लादेश से 117 रन पीछे है जबकि उसके पांच विकेट बाकी हैं। डेरिल मिशेल 12 जबकि ग्लेन फिलिप्स पांच रन बनाकर खेल रहे हैं।

बांग्लादेश ने दो टेस्ट की श्रृंखला का पहला मैच 150 रन से जीता था और उसके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार टेस्ट श्रृंखला जीतकर इतिहास रचने का मौका है।

# स्मिथ के मैनेजर ने उनकी संन्यास की चर्चा खारिज की

**भाषा** । सिडनी

**स्टीव** स्मिथ टीम के अपने साथी डेविड वार्नर की तरह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेंगे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान को लगता है कि वह अब भी काफी कुछ हासिल कर सकते हैं। लंबे समय से स्मिथ के मैनेजर की भूमिका निभा रहे वारेन क्रेग ने इसकी पुष्टि की है। वार्नर ने तीन जनवरी 2024 से पाकिस्तान के खिलाफ सिडनी में शुरू हो रहे तीसरे और अंतिम टेस्ट के साथ इस प्रारूप को अलविदा कहने की इच्छा जताई है। इस तरह की चर्चा थी कि भारत और इंग्लैंड के खिलाफ इस साल उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के बाद स्मिथ भी संन्यास ले सकते हैं। न्यू साउथ वेल्स के इस बल्लेबाज का टेस्ट क्रिकेट में औसत अपने युग के बल्लेबाजों में सर्वश्रेष्ठ है लेकिन मौजूदा सत्र में उन्हें बड़ी पारियां खेलने के लिए जूझना पड़ा है। स्मिथ ने 102 टेस्ट में 32 शतक से 58.61 की औसत से 9320 रन बनाए हैं। क्रेग ने हालांकि इन अटकलों को अधिक तवज्जो नहीं दी। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने क्रेग के हवाले से कहा इस समय मैं इसे (संन्यास की चर्चा) खारिज कर सकता हूं। वह अब भी उन चीजों के बारे में बात करता है जिन्हें वह हासिल करना चाहता है।

इस 34 साल के बल्लेबाज ने अपने शानदार करियर के दौरान प्रत्एक ट्रॉफी जीती है जिसमें एशेज (तीन बार), एकदिवसीय विश्व कप (2015 और 2023), टी20 विश्व कप (2021) और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2023) शामिल है। इस साल हालांकि स्मिथ 17 पारियों में 34.53 की औसत से सिर्फ 518 रन बना पाए हैं। स्मिथ हालांकि 10 हजार टेस्ट रन बनाने वाला चौथा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बनने के करीब हैं और वह इस मौके से चूकना नहीं चाहते। ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में एलेन बॉर्डर, रिकी पोंटिंग और स्टीव वॉ 10 हजार से अधिक रन बना चुके हैं।

# स्क्रीन पर पाकिस्तान टीम के लिए दिखा नस्लीय शब्द पाकी

**भाषा** । कैनबरा

**प्रसारणकर्ताओं** की भूल से पाकिस्तानी टीम के लिए लाइव स्कोर पर नस्लीय शब्द पाकी शब्द का इस्तेमाल कर दिया गया जिससे विवाद पैदा हो गया।

फॉक्स क्रिकेट ने आस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यास मैच के दौरान लाइव स्कोर पर पाकिस्तान टीम के लिए यह शब्द लिख दिया और एक आस्ट्रेलियाई पत्रकार ने इसे एक्स पर पोस्ट कर दिया। बुधवार को मैच के शुरूआती दिन यह घटना हुई जिसके बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने अपनी गलती के लिए माफी मांगी और इसमें सुधार किया। पाकी एक अपमानजनक नस्लीय शब्द है। यह जन्म या वंश के आधार पर पाकिस्तान या दक्षिण

**पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने इस मैच में नाबाद 201 रन बनाए जिसके बाद टीम ने नौ विकेट पर 391 रन पर पहली पारी घोषित कर दी।**

एशियाई व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आस्ट्रेलियाई पत्रकार डैनी सईद की एक्स पर पोस्ट ने इस गलती की ओर ध्यान दिलाया और एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इस गलती के लिए माफी मांगी है।

सईद ने एक्स पर लिखा कि यह क्रिकेट आस्ट्रेलिया का स्पष्टीकरण है, यह ग्राफिक एक डाटा प्रदाता की स्वचालित फीड थी जिसका इस्तेमाल पहले पाकिस्तान की टीम के लिए नहीं किया गया था। यह निश्चित रूप से खेदजनक है और जैसे ही इस गलती का पता चला, हमने तुरंत ही इसे ठीक कर दिया। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने इस मैच में नाबाद 201 रन बनाए जिसके बाद टीम ने नौ विकेट पर 391 रन पर पहली पारी घोषित कर दी। जवाब में आस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश ने स्टंप तक दो विकेट पर 149 रन बना लिए।

# रफ्तार में विविधता और बेहतर फील्डिंग की जरूरत थी : श्रेयांका

**भाषा** । मुंबई



**इंग्लैंड** के खिलाफ पहले महिला टी20 मैच में 38 रन से मिली हार के बाद युवा आफ स्पिनर श्रेयांका पाटिल ने कहा कि भारत को गेंदबाजी में रफ्तार में विविधता के साथ बेहतर क्षेत्ररक्षण करना चाहिए था।

रेणुका सिंह ठाकुर ने पहले ही ओवर में दो विकेट लिए लेकिन भारतीय टीम इसका फायदा नहीं उठा सकी। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 197 रन बना डाले। जवाब में भारतीय टीम छह विकेट पर 159 रन ही बना सकी।

पाटिल ने पत्रकारों से कहा , हमें गेंदबाजी में रफ्तार में विविधता की जरूरत थी। विकेट गेंदबाजों के अनुकूल नहीं था और बल्लेबाजों को काफी मदद मिल रही थी। डैथ ओवरों में गेंदबाजी आसान नहीं थी।

भारत के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करने वाली पाटिल ने स्वीकार किया कि भारत को फील्डिंग में सुधार करना होगा। उन्होंने कहा , विकेट बल्लेबाजी के लिए शानदार था लेकिन गेंदबाजी आसान नहीं थी। हमने अच्छा काम किया। हमने इस पर बात की है कि कैसे सुधार हो सकता है। फील्डिंग बेहतर हो सकती थी। हम शानदार वापसी करेंगे।

### राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप में पंकज आडवाणी, कमल चावला और आदित्य मेहता जीते


**चेन्नई।** विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी ने गुरुवार को यहां दिल्ली के अविनाश कुमार को हराकर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर चैंपियनशिप के पुरुष सिक्स रेड स्नूकर नॉकआउट में जगह बनाई। पिछले महीने दोहा मे रिकॉर्ड 26वां आईएसबीएफ विश्व खिताब जीतने वाले पीएसपीबी के आडवाणी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की और राउंड ऑफ 32 मे प्रवेश किया। आडवाणी ने बुधवार को अपने अभियान का शानदार आगाज करते हुए ग्रुप ए में कर्नाटक के सूफ्यान अहमद को 4-0 से हराया था। आडवाणी के अलावा खिताब के अन्य दावेदार कमल चावला (आरएसपीबी), आदित्य मेहता (पीएसपीबी) और एस श्रीकृष्णा (पीएसपीबी) भी राउंड ऑफ 32 मे जगह बनाने में सफल रहे। पीएसपीबी के ध्वज हारिया ने भी महाराष्ट्र के अभिजीत रानाडे को 4-2 से हराकर राउंड ऑफ 32 मे जगह बनाई। महिला सिक्स रेड स्नूकर मे तमिलनाडु की अनुपमा रामचंद्रन ने मध्य प्रदेश की रेणु भरकतिया को 3-0 से हराया। तमिलनाडु की ही नीना प्रवीण ने भी अपने अंतिम ग्रुप मैच में सुमित्रा राज को 3-1 से शिकस्त दी।

### बीसीसीआई की महिला प्रीमियर लीग समिति के अध्यक्ष होंगे रोजर बिन्नी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिलाओ की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के विकास को बढ़ावा देने के लिए गुरूवार को अपने अध्यक्ष रोजर बिन्नी की अगुआई मे आठ सदस्यीय समिति गठित की। बिन्नी इस पैनल के अध्यक्ष होंगे जबकि बीसीसीआई सचिव जय शाह को इसका संयोजक बनाया गया। समिति के अन्य सदस्य अरूण धूमल (इंडियन प्रीमियर लीग अध्यक्ष), राजीव शुक्ला (बीसीसीआई उपाध्यक्ष), आशीष शेलार (बीसीसीआई कोषाध्यक्ष), देवाजीत सैकिया (बीसीसीआई संयुक्त सचिव), मधुमति लेले और प्रभतेज भाटिया है। ए सभी डब्ल्यूपीएल मे प्रतिस्पर्धी माहौल तैयार करने के लिए हितधारको, खिलाड़ियो और खेल प्रेमियो के साथ मिलकर काम करेंगे। डब्ल्यूपीएल 2024 सत्र से पहले नीलामी नौ दिसंबर को मुंबई मे कराई जाएगी। लीग के दूसरे चरण की तारीख और स्थलों की घोषणा जल्द ही होने की उम्मीद है।

### हार के बावजूद वॉलीबॉल क्लब विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे सनबर्ड्स

**बेंगलुरू।** जापान का सुनतोरी सनबर्ड्स गुरुवार को यहां चार बार के चैंपियन ब्राजील के सादा क्रुजेइरो वोलेई के खिलाफ 2-3 की शिकस्त के बावजूद पुरुष वॉलीबॉल क्लब विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मे जगह बनाने वाली पहली टीम बना। टूर्नामेंट मे पहली बार खेल रहे सनबर्ड्स ने पूल बी के अपने दूसरे मैच के तीसरे सेट मे चार मैच प्वाइंट बचाए और फिर मुकाबले को निर्णायक सेट मे खीचकर एक अंक सुनिश्चित करते हुए अंतिम चार मे जगह बनाई। ब्राजील के क्लब सादा ने अपने पहले ही मैच मे सनबर्ड्स को 25-21, 31-29, 28-30, 22-25, 15-12 से हराकर दो अंक जुटाए और नॉकआउट मे जगह बनाने की उम्मीद बरकरार रखी है। टूर्नामेंट के प्रारूप के अनुसार 2-3 से हारने वाली टीम को भी एक अंक मिलता है। पूल बी मे सनबर्ड्स के अब चार अंक हो गए है। सादा शुक्रवार को करो या मरो के मुकाबले मे तुर्की के हल्कबैंक स्पोर कुलुबु से भिड़ेगा।

### जूनियर हॉकी विश्व कप: स्पेन से 1-4 से हारा भारत

**कुआलालंपुर।** भारत को एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप मे गुरुवार को यहां पूल सी मैच मे स्पेन के खिलाफ 1-4 की करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। स्पेन दो जीत से छह अंक जुटाकर पूल मे शीर्ष पर चल रहा है। कोरिया बेहतर गोल अंतर के कारण भारत से आगे दूसरे स्थान पर है। दोनो टीम के दो मैच मे एक जीत और एक हार से तीन अंक है। पूल की चौथी टीम कनाडा ने अब तक अपने दोनो मुकाबले गंवाए है और उसका अंको का खाता नही खुला है। भारत अपना आखिरी पूल मुकाबला शनिवार को कनाडा के खिलाफ खेलेगा। उत्तम सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शुरुआत कोरिया के खिलाफ 4-2 की जीत के साथ की थी लेकिन तकनीकी रूप से बेहतर स्पेन की टीम के खिलाफ उसे हार झेलनी पड़ी। स्पेन की ओर से काब्रे वेरडील पोल (पहले और 41वें मिनट) और राफी आंद्रियास (18वें और 60वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे जबकि भारत के लिए एकमात्र गोल रोहित ने 33वें मिनट मे पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

# राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में नवीन को दोहरी स्वर्णिम सफलता

**भाषा** । नई दिल्ली

**आर्मी** मार्क्समैनशिप यूनिट के निशानेबाज नवीन ने गुरुवार को भोपाल में संपन्न पिस्टल स्पर्धाओं की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ दोहरी सफलता हासिल की। नवीन ने एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में हुए फाइनल में 246.2 अंक के साथ उत्तर प्रदेश के विवेक को पछाड़ा जिसने 244.0 अंक जुटाए। नौसेना के उज्जवल मलिक 221.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नवीन, सागर डांगी और बिशाल श्रेष्ठ की तिकड़ी ने इसके बाद टीम स्पर्धा में 1742 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। नौसेना की टीम 1737 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रही जबकि हरियाणा ने कांस्य पदक जीता।

क्वालीफिकेशन में सेना के निशानेबाज निशांत रावत ने 589 अंक के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

नवीन ने क्वालीफिकेशन में चार अन्य निशानेबाजों के समान 581 अंक जुटाए लेकिन 10 अंक के अंदरूनी हिस्से में अधिक निशाने लगाकार आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे। पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल वर्ग में 1213 निशानेबाजों ने हिस्सा लिया।

# बिंदियारानी का निराशाजनक प्रदर्शन, अजीत दूसरे स्थान पर

**भाषा** । दोहा

**राष्ट्रमंडल** खेलों की रजत पदक विजेता बिंदियारानी आईडब्ल्यूएफ ग्रां प्री टू में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ महिलाओं के 55 किलोवर्ग में क्लीन एंड जर्क वर्ग में तीनों प्रयासों में नाकाम रही।

बिंदियारानी उन दो खिलाड़ियों में से थी जो अपनी स्पर्धा पूरी नहीं (डीएनएफ) कर सके। इस वर्ग में 12 भारोत्तोलकों ने भाग लिया था।

वह कुल छह में से दो ही वैध लिफ्ट कर सकी और दोनों स्नैच वर्ग में थे जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास 81 किलो रहा। इस साल मई में एशियाई चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली बिंदियारानी क्लीन एंड जर्क में पहले प्रयास में 106 किलो




वजन नहीं उठा सकी। इसके बाद 109 किलो उठाने के दोनों प्रयास नाकाम रहे। मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन नारायण अजीत ने पुरूषों के 73 किलोवर्ग में ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल किया।

राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप स्वर्ण पदक विजेता अजीत ने स्नैच में 133 किलो और क्लीन एंड जर्क में 157 किलो समेत कुल 290 किलो वजन उठाया। ग्रुप ए की प्रतिस्पर्धा पूरी होने के बाद अंतिम तालिका तैयार की जाएगी।

# डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा होगा 23 जनवरी से

**भाषा** । नई दिल्ली

**भारत** के सबसे बड़े टेबल टेनिस टूर्नामेंट डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर के दूसरे चरण का आयोजन अगले साल 23 से 28 जनवरी तक गोवा में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस महासंघ (आईटीटीएफ) ने 2019 में विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) की परिकल्पना की थी जो अब दुनिया भर की पेशेवर पुरुष और महिला टेबल टेनिस स्पर्धाओं का केंद्र बन गया है।

सीरीज में पूरे साल कई टूर्नामेंट होते हैं जिसमें से चार ग्रां स्मैशेज शीर्ष रैंकिंग वाले टूर्नामेंट हैं।

टूर्नामेंट सिक्स स्टार कंटेंडर सीरीज प्रतियोगिता का हिस्सा है जिसमें केवल शीर्ष 30 खिलाड़ी ही शिरकत कर सकते हैं। इनमें से छह खिलाड़ियों का विश्व रैंकिंग के शीर्ष 20 में से होना अनिवार्य है।




टूर्नामेंट में सभी स्पर्धाओं की पुरस्कार राशि 250,000 डॉलर है जिसमें रैंकिंग अंक भी दिए जाते हैं। यह टूर्नामेंट डब्ल्यूटीटी कप फाइनल्स और डब्ल्यूटीटी चैम्पियंस सीरीज के लिए क्वालीफायर भी है।

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के महासचिव कमलेश मेहता ने विज्ञप्ति में कहा, विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना और करीब से उन्हें खेलते देखना हमेशा ही युवा पीढ़ी को प्रेरित करता है। यह टूर्नामेंट हमारे भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छा मौका है।

डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर गोवा के पहले चरण का आयोजन इस साल के शुरू में हुआ था और इसमें दुनिया के कुछ बड़े सितारों ने हिस्सा लिया था। इसमें दुनिया के नंबर एक फैन झेनडोंग, जापान के तोमोकाजू हारिमोटो, दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी वांग यिडी और दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी हिना हयाता ने शिरकत की थी। टूर्नामेंट में 40 भारतीय खिलाड़ियों ने भी भाग लिया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।